भोपाल

गुरुवार, 18 अप्रैल 2024

चैत्र मास शुक्ल पक्ष–10

वर्ष : 11, अंक : 24

पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **


**मौसम**

अधि. 38

न्यून. 24


# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


नंगे पैर, सीने पर हाथ और रामलला का सूर्य तिलक देख पीएम मोदी हुए भावुक प्लेन में टैबलेट पर देखा 'अद्भुत दृश्य'










रामनवमी पर ऐसा समय 500 साल के बाद आया, जब भगवान राम ने अपने घर में अपना जन्मदिन मनाया

श्रीराम जन्मभूमि के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने बताया कि त्रेता युग में भी जब प्रभु राम ने अवतार लिया था तो उस दौरान सूर्य देव एक महीने तक अयोध्या में ही रुके थे।

श्री रामलला का हुआ सूर्य तिलक, 3 मिनट तक दमकता रहा श्री रामलला का भाल

# भगवान श्री राम की हो रही थी आरती, सूर्य देव उनके माथे पर कर रहे थे 'किरणों' से 'तिलक'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अयोध्या

बुधवार को ऐसा समय 500 साल के बाद आया, जब भगवान राम ने अपने घर में अपना जन्मदिन मनाया। रामनवमी के मौके पर दोपहर 12 बजकर 16 मिनट पर 3 मिनट तक सूर्यदेव ने श्री रामलला के भाल पर अपनी किरणों से तिलक किया। इस मौके पर राम मंदिर का विशेष श्रृंगार किया गया। वैज्ञानिक दर्पण के जरिए सूर्य की किरण भगवान रामलला के मस्तक तक आई। जैसे ही सूर्य की किरणें प्रभु राम के माथे पर पड़ी, वैसे ▶▶ शेष पेज 6 पर



पीएम मोदी ने कहा कि करोड़ों भारतीयों की तरह यह मेरे लिए बहुत भावनात्मक क्षण

ये सूर्य तिलक, विकसित भारत के हर संकल्प को अपनी दिव्य ऊर्जा से इसी तरह प्रकाशित करेगा

## रामलला की आराधना में लीन नजर आए पीएम

पीएम नरेंद्र मोदी ने असम के नलबाड़ी में चुनावी जनसभा को संबोधित करने के बाद हेलीकॉप्टर में इस अभिषेक को अपने टैब पर देखा। इस दौरान पीएम मोदी भाव विभोर नजर आए। उन्होंने अपने जूते उतारकर रखे हुए थे और एक हाथ अपने सीने पर लगाकर रामलला की आराधना में लीन नजर आए। प्रधानमंत्री ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर लिखा कि नलबाड़ी की सभा के बाद ▶▶ शेष पेज 6 पर

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने छिंदवाड़ा के साथ बालाघाट और डिंडोरी में जनसभाओं को संबोधित किया

सीएम ने कहा कि 15 माह उनकी यहां सरकार रही, कमलनाथ खुद मुख्यमंत्री रहे, केंद्र में भी मंत्री रहे, कई पावरफुल पदों पर रहे लेकिन फिर भी छिंदवाड़ा के लिए कुछ नहीं किया

# जनता छिंदवाड़ा मॉडल से परेशान असली 'विकास' के लिए तड़प रही



लोकसभा के पहले चरण के चुनाव प्रचार के अंतिम दिन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश की 4 सीटों में जाकर रोड शो किया, सभाएं लीं और पत्रकारों से बातचीत की।

**44 साल से हेलीकॉप्टर में नहीं बैठाया, हमने 3 माह में की व्यवस्था**

**पांच सौ साल बाद रामनवमी पर गर्भग्रह में मुस्कराए भगवान श्री राम**

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में पूरा हुआ हर वर्ग का सपना**

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

लोकसभा के पहले चरण के चुनाव प्रचार के अंतिम दिन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश की 4 सीटों में जाकर रोड शो किया, सभाएं लीं और पत्रकारों से बातचीत की।

उन्होंने लोगों से भाजपा को जिताने की अपील की। डॉ. यादव ने सबसे पहले छिंदवाड़ा में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यहां की जनता विकास के छिंदवाड़ा मॉडल से परेशान है और असली विकास के लिए तड़प रही है। 1977 से छिंदवाड़ा के लोगों ने उन्हें (कमलनाथ का नाम लिए बगैर) सिर माथे पर बिठा रखा है। 44 साल से उनके घरों में हेलीकॉप्टर उतर रहे हैं, लेकिन छिंदवाड़ा के लोगों को उन्होंने कभी ▶▶ शेष पेज 6 पर





## कमलनाथ ने छिंदवाड़ा को अपनी जागीर बनाया

मुख्यमंत्री यादव ने कहा कि 44 साल से छिंदवाड़ा के लोग कमलनाथ का साथ दे रहे हैं और कमलनाथ 44 साल से झूठ बोल रहे हैं और छिंदवाड़ावासियों को गुमराह कर रहे हैं। डॉ. यादव ने कहा कि उन्होंने छिंदवाड़ा को अपनी जागीर बना लिया है, इसीलिए 8 बार वे खुद सांसद बने, 9वीं बार पत्नी को बना दिया, 10वीं बार बेटे को बनाया और अब फिर बेटे को बना रहे हैं। 15 माह ▶▶ शेष पेज 6 पर

## भगवान राम के मस्तक पर लगा सूर्य का तिलक

डॉ. यादव ने कहा कि आज से 17 लाख साल पहले भगवान श्रीराम अवतरित हुए थे। श्रीराम के जन्म और पराक्रम का संयोग है कि इस चैत्र नवरात्रि की रामनवमी के दिन दोपहर 12 बजे उनका प्राकट्य हुआ। 5 सौ साल के संघर्ष के बाद अयोध्या में भगवान श्रीराम अपने गर्भगृह में मुस्कुराए। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रीराम मंदिर में ऐसी रचना बनाई गई कि सूर्य की किरण ▶▶ शेष पेज 6 पर

## आदिवासियों के विकास में भाजपा ने नहीं छोड़ी कोई कमी

डॉ. मोहन यादव ने कहा कि देश एवं प्रदेश की भाजपा सरकार ने आदिवासियों के विकास में कोई कमी नहीं छोड़ी। प्रदेश का आदिवासी हमेशा से भाजपा के दिलों में रहा है। डिंडोरी के अंदर मेडिकल कॉलेज, लॉ कालेज दिया है। मंडला, डिंडोरी की धरती वीरांगनाओं, वीरों की धरती है। यहां पर रानी अवंतिबाई, रानी दुर्गावती, शंकर शाह, रघुनाथ शाह जैसे महान वीर-सपूतों ने जन्म लिया। जब देश में मुगलों का शासन था और मुगलों में भी अकबर ने जब आक्रमण किया तो उसके भी दांत खट्टे करने का काम वीरांगना रानी दुर्गावती ने किया है। रानी अवंतिबाई ने भी बहादुरी का पराक्रम किया। आपको मालूम है कि भाजपा सरकार ने आदिवासी महापुरुषों और नायकों के सम्मान में कितना काम किया है। ▶▶ पढ़ें पेज 05 भी


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## ट्रेलर के पीछे घुसी कार 10 लोगों की मौत



**अहमदाबाद।** अहमदाबाद-वडोदरा एक्सप्रेस हाईवे पर बुधवार को नडियाद के पास एक भीषण हादसा हो गया। यहां एक तेज रफ्तार कार ट्रेलर के पीछे जा घुसी, जिससे 10 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। इनमें से आठ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और दो ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। घटना के बाद हाईवे पर जाम लग गया। कार वडोदरा से अहमदाबाद जा रही थी। हादसा होते ही 108 की दो एंबुलेंस मौके पर पहुंचीं और साथ ही एक्सप्रेस हाईवे गश्ती दल भी मौके पर पहुंच गया।

पुलिस जांच में जुटी

## यूपीएससी में चयन नहीं हुआ तो महिला ने दी जान



**खिलचीपुर।** राजगढ़ जिले के खिलचीपुर में एक महिला फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। महिला का नाम दिव्या शर्मा है जो कि एसडीएम बनना चाहती थी। परिजन का कहना है कि दिव्या का एमपीपीएससी क्लियर नहीं हो पाया था जिससे वो काफी दुखी थी। वो अक्सर कहती थी कि वो सुसाइड कर लेगी और अब उसने अपनी जान दे दी।

## यूएई में बारिश का 75 साल का टूटा रिकॉर्ड



24 घंटे में करीब 254 मिमी बारिश दर्ज

*नई दिल्ली।* राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र (एनसीएम) के अनुसार संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में मंगलवार को 75 वर्षों का बारिश का रिकॉर्ड टूटा है। यहां 1949 में हुई बारिश के बाद 2024 में सबसे अधिक बारिश हुई है। अल ऐन में बीते 24 घंटे में करीब 254 मिमी बारिश दर्ज की गई। अल ऐन में हुई बारिश लगभग दो साल की औसत बारिश के बराबर है। बता दें यूएई, अल ऐन, दुबई में सोमवार और मंगलवार ▶▶ शेष पेज 6 पर ▶▶ पढ़ें पेज 11 भी


शाम को पहले चरण का प्रचार थम गया

## मप्र की 6 लोकसभा सहित देश की 102 सीटों पर मतदान कल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




देश में लोकसभा चुनाव 2024 के पहले चरण की 102 सीटों पर 19 अप्रैल को मतदान होगा। 21 राज्यों की 102 लोकसभा सीटों पर चुनाव प्रचार के लिए बुधवार को आखिरी दिन था। देश में 19 अप्रैल से 1 जून के बीच अलग-अलग राज्यों में मतदान होना है। चुनाव के ▶▶ शेष पेज 6 पर ▶▶ पढ़ें पेज 05 भी



## चार साल के संघर्ष के बाद मंडीदीप की भारती को कुछ इस तरह सफलता मिली

कहानी 1



संघर्ष से सफलता

# दिल्ली में कोचिंग के पैसे नहीं थे, भारती लौट आई, पिता की फुटपाथ की दुकान पर बैठी, स्कॉलरशिप ली... और जीत गई

भारती ने बताया कि घर में पर्याप्त जगह न होने के कारण वह लाइब्रेरी में जाकर पढ़ाई करती थी और प्रतिदिन 4 घंटे जाकर वहां अपनी तैयारी की।

अमित जैन ▶▶ मंडीदीप

अलग खबर

मंडीदीप की भारती साहू। यूपीएससी में 850 वीं रैंक। दिल्ली कोचिंग के लिए गई। पैसा नहीं था। लौट आई। स्कॉलरशिप के लिए टेस्ट दिया। पास नहीं हो सकी।

इस दौरान भारती खूब पढ़ती रही। पिता भोपाल में ऑटो ड्राइवर। वे बाकी वक्त में फुटपाथ के बाजार में अपनी दुकान लगाते। उसी दुकान में भारती बैठती। वहीं, पढ़ती रहती। दूसरे साल स्कॉलरशिप के लिए फिर ▶▶ शेष पेज 6 पर





## आर्थिक तंगी से हो गई थी एक बार मायूस


*उनके पिता प्रकाश साहू ने 'हरिभूमि' को बताया कि वे भोपाल में ऑटो चलाने का काम करते हैं। भारती की बहन ने बताया कि भारती द्वारा अपनी प्रारंभिक शिक्षा भोपाल व मंडीदीप से की। गीतांजलि कॉलेज से ग्रेजुएशन कंप्लीट होने के पश्चात दिल्ली में जाकर कोचिंग की। पर अर्थिक व्यवस्था न होने के कारण वह वापस भोपाल आ गई और जहां सेल्फ स्टडी करने लगी और यहीं पर रहकर उसने 2017 में यूपीएससी की प्रिपरेशन की तैयारी की पर 4 साल में एग्जाम नहीं निकल पाने के कारण घर वालों का प्रेशर बना* ▶▶ शेष पेज 6 पर

भगवान रामराजा सरकार की नगरी ओरछा में हर्षोल्लास से मना जन्मोत्सव

# जैसे ही पट खुले, जय श्रीराम के उद्घोष के साथ भक्तों ने किया मंदिर में प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ओरछा

बुंदेलखंड की दूसरी अयोध्या कहे जाने वाले ओरछा में बुधवार को श्रीराम जन्मोत्सव कार्यक्रम बड़े ही उत्साह एवं धूमधाम मनाया गया। सुबह रामराजा सरकार का मंदिर अपने सामान्य समय से न खुलकर दोपहर 12 बजे खुला, इस दौरान रामभक्त अपने आराध्य के दर्शन करने सुबह से ही कतारों में लगकर इंतजार करते खड़े रहे। जैसे ही 12 बजे भगवान रामराजा सरकार का जन्म हुआ वैसे ही मंदिर के पट दर्शनार्थियों खोल दिए गए। भक्तों ने जय श्रीराम के उद्घोष करते हुए मंदिर में प्रवेश किया और अपने रामलला के दर्शन किए। जहां मंदिर के अंदर कई धर्म गुरुओं एवं संतों के उपस्थिति में राम जन्म का विशाल कार्यक्रम मंदिर में संपन्न हुआ।



### यहां के राजा हैं राम

मान्यता अनुसार भगवान रामराजा सरकार यहां राजा के रूप में विराजित हैं उनकी और मंदिर की मर्यादा अनुरूप आज भी फोटो खींचना पूर्णतः वर्जित है। भगवान के जन्म उपरांत प्रसाद भक्तजनों को वितरण किया गया। इस अवसर पर रामराजा सेवा समिति द्वारा नगर में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया।

### मां पीतांबरा पीठ में दर्शन करने पहुंचे अनंत अंबानी

दतिया। उद्योगपति और रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी के बेटे अनंत अंबानी बुधवार शाम पीतांबरा मंदिर पर दर्शन के लिए पहुंचे। अनंत देशभर में मंदिरों के भ्रमण कर रहे हैं। मंगलवार रात वे ओडिशा के पुरी में जगन्नाथ जी मंदिर पहुंचे थे। उसके बाद असम में कामाख्या मंदिर के दर्शन के लिए गए। वहां से वायुमार्ग से ग्वालियर आकर दतिया पहुंचे। अनंत अंबानी ने पीतांबरा पीठ पहुंचकर माई के दर्शन किए। इस दौरान पीतांबरा पीठ पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे। पीतांबरा पीठ पर दतिया कलेक्टर संदीप माकिन सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों व गणमान्य जन ने अनंत अंबानी की आगवानी की। पीठ पर माई के दर्शन करने के बाद अनंत अंबानी ने वहां स्थित अन्य मंदिरों के भी दर्शन किए।



## रामनवमी पर अयोध्या सी सजी राजधानी, प्रभु श्रीराम का मनाया जन्मोत्सव, भक्तों ने निकाली रामरथ यात्रा

# भए प्रकट कृपाला....कौशल्या हितकारी...हरषित महतारी...

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नवमीं तिथि मधु मास पुनीता, शुकुल पच्छ अभिजित हरि प्रीता। मध्य दिवस अति सीत न घामा पावन काल लोक विश्रामा। श्रीरामचरित मानस के बालकाण्ड में गोस्वामी तुलसीदास ने भगवान श्री राम के जन्म के समय वातावरण का वर्णन किया है। इसी तरह बुधवार को भी दोपहर 12 बजे श्रीराम जन्मोत्सव के समय भोपाल का वातावरण भी इसी तरह का हो गया। राजधानी के मंदिरों में सुबह से ही रामधुन रामचरित के पाठ किए जा रहे थे कई मंदिरों में भगवान श्रीराम का दूध दही पंचामृत से स्नान कराया गया । पूजा हवन हुए। 12 बजते ही मंदिरों शंख घंटा घड़ियाल की ध्वनी बजने लगी। और भगवान श्री राम के जन्मोत्सव के गीत संगीत भजन होने लगे।

भये प्रकट कृपाला दीनदयाला, कौशल्या हितकारी...। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव पर बुधवार को समूची राजधानी अयोध्या की मानिंद सजाई गई। शहर के मंदिरों में भव्य सजावट के साथ जय-जय श्रीराम के जयकारों के साथ श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बनता था। मंदिरों और घरों से श्रीराम स्तुति की मधुर धुन श्री रामचंद्र कृपालु भजमन हरण भव भय दारूणम.. सुनायी दे रही थी। सुर समूह बिनती कर पहुचे निज निज धाम, जग निवास प्रभु प्रगटे अखिल लोक बिश्राम के साथ ही मंदिरों में श्रीराम चंद्र की आरती कर प्रसाद वितरण हुआ।

एक तरफ चैत्र नवरात्रि के समापन दिवस पर देवी मंदिरों में माता के नौवें स्वरूप सिद्धिदात्री माता का विशिष्ट श्रृंगार और महाआरती हुई, वहीं दूसरी तरफ नौ दिन तक जप-तप और व्रत में लीन रहे साधकों द्वारा विधि-विधान से हवन-यज्ञ कर, कन्याभोज और भंडारे के बाद अपने व्रत को संपन्न किया।

चैत्र नवरात्रि महोत्सव के अंतिम चरण में राजधानी में हवन-यज्ञ, कन्याभोज और भंडारे की धूम रही, वहीं भगवान श्रीराम जन्मोत्सव के अवसर पर समूची राजधानी जय श्रीराम के जयघोष से गुंजायमान रही।

### मंदिरों में श्रीराम चंद्र की महाआरती कर हुआ प्रसाद वितरण





### गुरुबख्श की तलैया के श्रीराम मंदिर में मुख्य आयोजन

श्री राम नवमीं का प्रमुख आयोजन पुराने शहर की गुरुबख्श की तलैया स्थित श्रीराम मंदिर में हुआ। इस अवसर पर भानपुर स्थित श्रीराम मंदिर से भगवान श्रीराम की भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो गुररुबख्श की तलैया स्थित श्रीराम मंदिर पहुंची। वहीं नवरात्र के अंतिम दिन भक्तो द्वारा ज्वारे विसर्जन किये गए। नौ दिन तक उपवास रखने वाले जातको ने अपना उपवास खोला। धार्मिक व सामाजिक समीतियो ने कन्या भोज व भंडारे का आयोजन किया। छुट्टी का दिन के कारण मंदिरो व पंडालों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।

### श्री पशुपतिनाथ मंदिर में हवन-पूजन

श्री पशुपतिनाथ नेपाली समाज मंदिर गोविन्दपुरा में मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्री राम जी के जन्मदिन रामनवमी के पावन अवसर पर विधि विधान के साथ हवन-पूजन संपन्न हुआ। इसके बाद भंडारे का भी आयोजन हुआ।







### गायत्री शक्तिपीठ में 24 कुण्डीय यज्ञ के साथ रामनवमी मनाई

गायत्री शक्तिपीठ एमपी नगर में रामजन्म उत्सव, चैत्र नवरात्री महाअनुष्ठान की पूणार्हुति 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ संपन्न हुई। पीठ के मुख्य व्यवस्थापक रामचंद्र गायकवाड़ ने बताया कि राम जन्म उत्सव के साथ दीक्षा, मुंडन, अन्नप्राशन आदि संस्कार कराए गए। वहीं भोजनालय सहयोगी राकेश मिश्र के मुताबिक अश्वमेध हॉल में हुए भंडारे में लगभग तीन हजार लोगों ने हवन के बाद प्रसादी ग्रहण की।



### रघुवंशी महासभा ने मनाया महोत्सव

अखिल भारतीय रघुवंशी (क्षत्रिय) महासभा भोपाल के तत्वाधान में भगवान श्री राम का जन्मदिन रामनवमी रघुकुल समाज भवन में धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सुंदरकांड का संगीतमय पाठ किया गया तथा भगवान राम की आरती और आराधना की गई। इसके बाद सभी श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की।




कोलार में निकाली गई शोभा यात्रा में हजारों श्रद्धालु शामिल हुए।

### अंतिम दिन भंडारे और कन्याभोज के साथ चैत्र नवरात्र का समापन

दिन भर रही शोभायात्रा और चल समारोहों की धूम

भोपाल। चैत्र नवरात्रि महोत्सव के अंतिम चरण में बुधवार को राजधानी में हवन-यज्ञ, कन्याभोज और भंडारे की धूम रही, वहीं भगवान श्रीराम जन्मोत्सव के अवसर पर समूची राजधानी जय श्रीराम के जयघोष से गुंजायमान रही। नवरात्र के नौवें दिन श्रद्धालुओं ने मां सिद्धिदात्री की आराधना की।





#### न्यू मार्केट

न्यू मार्केट स्थित खेड़ापति हनुमान मंदिर में रामनवमीं का पर्व पूरी श्रद्धा से मनाया गया। यहां सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगने लगा। इस अवसर पर मंदिर में करीब दो हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने

#### भगवान की एलईडी प्रतिमा लगाई

ओम शिव शक्ति सेवा मंडल भोपाल के सचिव रिंकू भटेजा ने बताया की मंडल द्वारा रामनवमी के शुभ अवसर पर मंडल कार्यालय के पास गोविंद गार्डन रायसेन रोड पर 15 फीट ऊंची एलईडी की प्रतिमा पंडित मुकेश व्यास द्वारा पूजन कर लगाई गई । प्रतिमा अनावरण के कार्यक्रम के समय अनेकों भक्त शामिल हुए।





#### करोंद में ज्वारे विसर्जित

उधर नवरात्रि के अंतिम करोंद पीपल चौराहा स्थित काली मंदिर में ज्वारे विसर्जन का भव्य चल समारोह आयोजित किया गया। चल समारोह में सैकड़ों महिलाएं सिर पर ज्वारे और कलश धारण बैंड-बाजों के साथ काली मंदिर पहुंचीं, जहां माताजी की भव्य आरती-पूजा के साथ ही कन्याभोज कराया गया।

#### हमीदिया रोड पर चुनरी यात्रा

हमीदिया रोड स्थित मां दुर्गा के मंदिर में देवी के नौवें स्वरूप मां सिद्धिदात्री की महाआरती की गई। विशाल चुनरी यात्रा के उपरांत हर साल की तरह इस बार भी यहां विशाल भंडारा हुआ, जिसमें हजारों श्रद्धालओं ने भोजन ग्रहण किया।



#### टीटीनगर में जुटे श्रद्धालु

साउथ टीटीनगर स्थित श्रीराम मंदिर में श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीरामजी की आरती-पूजा की। मंदिर में नवरात्रि समापन पर यज्ञ, हवन और कन्याभोज का आयोजन किया गया।

#### शिव शक्ति नगर मां हरसिद्धि मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा

भोपाल। करोंद स्थित शिव शक्ति नगर में मां हरसिद्धि मंदिर समिति द्वारा मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया गया। अध्यक्ष महेंद्र सिंह गुर्जर सिंह ने बताया कि मां हरसिद्धि मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा और राम नवमी पर भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर सतीश रीचरिया, मनोज राठौर, सूरज सिंह गुर्जर, कुंदन सिंह दांगी व साथी उपस्थित रहे।



## निगम की टीम अवकाश के दिन भी रहीं सक्रिय, कचरा जलाने पर भी की कार्रवाई

# सरकारी जमीन पर चल रही डेयरी पर चला निगम का बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में सरकारी जमीन पर चल रही डेयरी पर नगर निगम के अतिक्रमण विरोधी दस्ते ने बुधवार को कार्रवाई करते हुए बुलडोजर चलाकर जमीन को मुक्त कराया। इस डेयरी के अलावा कई पशुओं को भी यहां पाला जा रहा था, जिन्हें नगर निगम ने मुक्त कराया। जबकि इन टीमों ने कचरा जलाने पर स्पॉट फाइन किया। अयोध्या बायपास राजीव नगर में अतिक्रमण विरोधी दस्ते ने कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से पशुपालन एवं पशुओं का व्यवसाय करने व पशुओं का मल मूत्र नाली में बहाने वाले के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 10 हजार रुपए का जुर्माना वसूल किया। इसके साथ ही अवैध रूप से किए गए अतिक्रमणों को भी हटाया। निगम के ट्रेड लाइसेंस के बिना व्यवसाय करने व कचरा पृथक.पृथक न रखने वाले रेस्टोरेंट पर 10 हजार रुपए का स्पॉट फाइन किया। इसके साथ ही गंगानगर क्षेत्र में सामुदायिक शौचालय संचालक द्वारा सीवेज खुले में फैलाने व कचरा जलाने के अलावा माता मंदिर क्षेत्र में दुकानदार द्वारा कचरा पृथक्कीकरण न करने पर स्पॉट फाइन किया गया। सार्वजनिक स्थलों पर कचरा फेंकने और निर्धारित समयानुसार सुलभ जनसुविधा केंद्र न खोले जाने पर निगम अमले ने 8 प्रकरण में 28 हजार 150 रुपए की राशि स्पॉट फाइन के रूप में वसूल की।



### बायपास पर फेंका जा रहा था गोबर

बुधवार को जोन 15 का स्वास्थ्य विभाग का अमला निरीक्षण कर रहा था। इस दौरान पाया कि वार्ड 67 स्थित राजीव नगर निवासी प्रकाश ठाकुर द्वारा अवैध रूप से पशु पालन एवं व्यवसाय किया जा रहा है। उनके पुत्र द्वारा अयोध्या बायपास मार्ग पर खुले में गोबर फेंका जा रहा है। जिस पर निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले ने गोवर्धन परियोजना एवं अतिक्रमण विरोधी अमले के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए 10 हजार रुपए का जुर्माना किया एवं सार्वजनिक स्थल पर किए गए अतिक्रमण को जेसीबी और मजदूरों के माध्यम से हटाने की कार्रवाई करते हुए पशु भी मुक्त कराए।

### साफ-सफाई में उदासीनता बरतने पर वार्ड 6 का दारोगा सस्पेंड

#### जोन 20 के प्रभारी सहायक स्वास्थ्य अधिकारी को नोटिस

भोपाल। निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायण द्वारा विगत एक माह से शहर की साफ-सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने हेतु मुख्य मार्गों सहित अन्य प्रमुख स्थलों आदि का निरंतर निरीक्षण किया जा रहा है। गली, मोहल्लों में साफ.सफाई व्यवस्था में संतोषजनक प्रगति न होने पर वार्ड 20 व 21 में निरीक्षण के दौरान साफ सफाई व्यवस्था न होने, कचरे के ढेर जमा होने, नालियों की साफ.सफाई न होने व दरोगाओं द्वारा गणवेश धारण किये बिना कार्य पर उपस्थित होने पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए दोनों वार्डों के दरोगाओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया। जबकि संत नरहरिदास बस स्टैण्ड हलालपुर में निरीक्षण के दौरान गंदगी एवं कचरे के ढेर पाये जाने और निर्देशों का पालन न करने के साथ ही गणवेश धारण न करने पर वार्ड 6 के दरोगा नारायण तंबोली को निलंबित कर दिया गया। निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन ने बुधवार को इतवारा रोड, तिलक मार्केट, ब्रजीसिया मस्जिद, तब्बा मियां महल रोड, कबीट वाली मस्जिद रोड, मारवाड़ी रोड, यूनानी शफाखाना, लखेरापुरा, संत नरहरिदास बस स्टैण्ड हलालपुर, विजय नगर आदि क्षेत्रों में साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। कई स्थानों पर कचरे के ढेर एवं जीवीपी पाइंट पाये जाने, नालियों में गंदगी होने एवं गणवेश धारण न करने पर वार्ड 20 के प्रभारी दरोगा विशाल कल्याणे को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। लखेरापुरा, नदीम रोड आदि क्षेत्रों में भी साफ-सफाई कार्य न किये जाने, कचरे के ढेर पाये जाने, नालियों में गंदगी पाये जाने और प्रभारी दरोगा द्वारा गणवेश धारण न करने व कर्मचारियों के कार्य के संबंध में संतोषजनक उत्तर न देने पर वार्ड 21 के दरोगा दीपक मैना को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

## 20 अप्रैल से 29 जून तक हर शनिवार चलेगी

# वीरांगना लक्ष्मी बाई झांसी-पुणे के मध्य चलेगी समर स्पेशल ट्रेन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रेलवे द्वारा वीरांगना लक्ष्मी बाई झांसी-पुणे-वीरांगना लक्ष्मी बाई झांसी समर स्पेशल ट्रेन 11-11 ट्रिप चलाई जा रही है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया कि 01924 वीरांगना लक्ष्मी बाई झांसी-पुणे समर स्पेशल ट्रेन 20 अप्रैल से 29 जून (प्रत्येक शनिवार) को झांसी से 12.50 बजे प्रस्थान कर, 15.18 बजे बीना, 16.20 विदिशा, 17.15 भोपाल, 18.43 नर्मदापुरम,19.15 इटारसी से अगले दिन (रविवार) को 11.35 बजे पुणे पहुंचेगी। इसी प्रकार 01923 पुणे- वीरांगना लक्ष्मी बाई झांसी समर स्पेशल ट्रेन 21 अप्रैल से 30 जून (प्रत्येक रविवार) पुणे ससे 16.00 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 05.05 बजे इटारसी, 05.25 नर्मदापुरम, 07.40 भोपाल, 08.40 विदिशा, 10.33 बजे बीना और 13.00 बजे वीरांगना लक्ष्मी बाई झांसी स्टेशन पहुँचेगी।

### 22 अप्रैल से 24 जून तक रानी कमलापति-प्रतापगढ़ के लिए समर स्पेशल

इधर, रानी कमलापति-माँ बेल्हादेवी धाम प्रतापगढ़ जंक्शन-रानी कमलापति समर स्पेशल ट्रेन 10-10 ट्रिप चलाई जा रही है। 01667 रानी कमलापति-मां बेल्हादेवी धाम प्रतापगढ़ जंक्शन समर स्पेशल ट्रेन 22 अप्रैल से 24 जून (प्रत्येक सोमवार) को रानी कमलापति से 09.20 बजे प्रस्थान कर, 09.35 भोपाल, 10.20 विदिशा, 11.55 बीना और 23.45 बजे मां बेल्हादेवी धाम प्रतापगढ़ जंक्शन पहुँचेगी। इसी प्रकार 01668 मां बेल्हादेवी धाम प्रतापगढ़ जंक्शन-रानी कमलापति 23 अप्रैल से 25 जून (प्रत्येक मंगलवार) को प्रतापगढ़ से 01.05 बजे प्रस्थान कर 13.20 बीना, 14.25 विदिशा, 15.10 भोपाल और 15.35 रानी कमलापति स्टेशन पहुंचेगी। रास्ते में यह गाड़ी भोपाल, विदिशा, बीना, ललितपुर, झांसी, ओरई, भीमसेन, कानपुर, लखनऊ, राय बरेली और अमेठी स्टेशनों पर रुकेगी।

4 रंगकर्मी दंपती राजीव और रीता ने चाय के किस्सों में

5 शिवराज ने कहा- भगवान राम हमारे प्राण हैं, आराध्य...



**वोट डालने की स्याही दिखाने पर मिलेगा कूपन, लकी ड्रॉ में हो सकेंगे शामिल**

# वोट डालने वालों को मिलेंगे बाइक, टीवी, वॉशिंग मशीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लोकसभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन ने व्यापारियों के सहयोग से मतदान करने वालों के लिए लकी ड्रॉ कूपन रखा है। वोट डालने की स्याही दिखाने पर कूपन दिया जाएगा, जिसे लकी ड्रॉ में शामिल किया जाएगा। जिले के 2097 पोलिंग बूथों पर कूपन बॉक्स रखे जाएंगे।

लकी ड्रॉ में जिले के बीस लाख से अधिक 6102 इनाम दिए जाएंगे। वहीं, एक बंपर ड्रा भी होगा। जिसमें मतदाता बाइक, टीवी, वॉशिंग मशीन से लेकर मिक्सर, माइक्रोवेव से लेकर घर की जरूरतों के सामान भी जीत सकते हैं। स्वीप के सहायक नोडल अधिकारी रीतेश शर्मा ने बताया कि प्रत्येक पोलिंग बूथ के लिए दो ड्रा निकाले जाएंगे।




## तीन बार निकाला जाएगा लकी ड्रॉ

### ऐसे हो सकेंगे शामिल

हर बूथ पर लकी ड्रा का एक बॉक्स रहेगा। मौके पर ही मतदाता को पर्ची मिलेगी, जो वोट डालने के बाद नाम, मोबाइल नंबर और मतदान केंद्र नंबर लिखकर बॉक्स में डालनी होगी। ड्रा में टी-शर्ट, टिफिन, लंच बॉक्स जैसे इनाम दिए जाएंगे। दूसरा ड्रा मतदान के बाद होगा। इसमें उन मतदाताओं को शामिल किया जाएगा, जिन्होंने मतदान वाले ड्रा में हिस्सा लिया हो। इस ड्रा के जरिए मतदाता बाइक, फ्रीज, वॉशिंग मशीन, लंच बॉक्स, मिक्सर, माइक्रोवेव जैसे घरेलू उपयोग में आने वाले सामग्री जीत सकेंगे।

### 7 मई को हर बूथ पर 3 ड्रॉ होंगे

भोपाल लोकसभा सीट पर 7 मई को मतदान होगा। इसी दिन भोपाल जिले के 2097 मतदान केंद्रों पर ड्रा का सिस्टम रहेगा। हर बूथ पर दिन में 3 बार ड्रा होगा। सुबह 10 बजे पहला, दोपहर 2 बजे दूसरा और शाम 6 बजे तक तीसरा ड्रा निकाला जाएगा।

*3 दिन में भरे गए 11 नामांकन, अब गुरुवार और शुक्रवार को होंगे जमा*

## चुनाव लड़ने बैंक से लोन लेकर खरीदा फार्म, अब प्रचार के लिए मांगेंगे चंदा

भोपाल लोकसभा सीट के लिए 7 मई को होने वाले मतदान को लेकर राजधानी के कलेक्टोरेट में नामांकन जमा करने का सिलसिला जारी है। अब तक तीन दिन नामांकन जमा किए गए हैं, जिसमें 11 लोगों ने नामांकन जमा कर दिए हैं। इसमें कांग्रेस उम्मीदवार अरुण श्रीवास्तव भी शामिल हैं। भाजपा के आलोक शर्मा गुरुवार को नामांकन जमा करेंगे।

अब तक जमा हुए नामांकन में उम्मीदवारों की अपनी कहानी है, किसी ने फार्म खरीदने के लिए बैंक से लोन लिया है, तो किसी के पास नगदी के नाम पर कुछ भी नहीं है। कई उम्मीदवारों के बैंक खातों में दस हजार तक की रकम नहीं है। ऐसे में चुनाव प्रचार में खर्च होने वाली राशि के लिए चंदा लेना पड़ेगा।

### किस प्रत्याशी के पास कितने रुपए?

सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया के मुदित भटनागर के पास 500 रुपए नगदी और बैंक खाते में 503 रुपए जमा हैं। मौलिक अधिकार पार्टी के बाबूलाल सेन के पास 25 हजार रुपए हैं। कुल 40 लाख की चल संपत्ति है। निर्दलीय मोहम्मद अशरफ के बैंक में 1.83 लाख रुपए जमा हैं। इन्होंने बैंक से लोन तक लिया है। निर्दलीय जय सिंह लोधी के पास 1 लाख रुपए नगद है। अभा आरक्षित समाज पार्टी के मुदित चौरसिया के पास 25 हजार नगद और 35 लाख से ज्यादा बैंक में जमा हैं। इन पर बैंक का कर्ज भी है।

---

**फर्जी बैंक खातों की पासबुक, एटीएम कार्ड, पेटीएम क्यूआर कोड, सोर्स कोर्ड जब्त**

*राज्य साइबर सेल ने बिहार के सोन वर्षा पूर्वी चंपारण से किया जालसाज को गिरफ्तार*

# फर्जी वेबसाइट के जरिए महज 20 रुपए में बना रहा था वोटर आईडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्य सायबर सेल द्वारा फर्जी वोटर आईडी बनाने वाला जालसाज बिहार से गिरफ्तार किया है। आरोपी फर्जी वेबसाइट के माध्यम से फर्जी वोटर आईडी कार्ड बना रहा था। उससे फर्जी बैंक खातों की पासबुक, एटीएम कार्ड, पेटीएम क्यूआर कोड, सोर्स कोर्ड जब्त किए गए हैं।

एडीजी योगेश देशमुख ने बताया कि राज्य सायबर पुलिस मुख्यालय में मप्र के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने 27 मार्च को शिकायत की थी। उन्होंने शिकायत में बताया कि कुछ लोग फर्जी वेबसाइट के माध्यम से वोटर आईडी का कार्ड बना रहे हैं। मामला संवेदनशील होने के कारण राज्य सायबर पुलिस मुख्यालय ने तत्काल कार्रवाई करते हुए जांच शुरू कर दी।

जांच में टीम द्वारा बिहार के हरसिद्धि, मोतिहारी, पूर्वी चंपारण में तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर अलग-अलग स्थानों पर आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए। तकनीकी तथ्यों व ओपन सोर्स इंटेलिजेंस नेटवर्क टूल्स के आधार पर अलग-अलग लोगों से पूछताछ की। जांच के बाद मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर अपराध में इस्तेमाल फर्जी बैंक खातों की पासबुक, एटीएम कार्ड, पेटीएम क्यूआर कोड, सोर्स कोर्ड जब्त किए गए।

पुलिस ने उक्त मामले में मास्टरमाइंड आरोपी रंजन पिता अशोक चौबे (20) सोन वर्षा, थाना हरसिद्धि, जिला पूर्वी चंपारण, बिहार को गिरफ्तार किया था।

### यू-ट्यूब से सीखा, सोर्स कोड खरीदा

**खास बातें**

- मप्र के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने साइबर सेल पुलिस मुख्यालय को 27 मार्च को की थी मामले की शिकायत



आरोपी ने बताया कि वेबसाइट बनाने का पूरा काम उसने यू-ट्यूब से सीखा। उसने ऑनलाइन माध्यम से सोर्स कोड खरीदा और उसमें परिवर्तन कर फर्जी खाते में रुपए प्राप्त करने लगा। उसने उत्तर प्रदेश से फर्जी सिम ली, पेटीएम व एसबीआई के फर्जी खाते बनाए और डार्कवेब से फर्जी क्रेडिट कार्ड भी बनाया। आरोपी ने विदेश में स्थित कंपनी से डोमेन खरीदा, टेलीग्राम के माध्यम से सर्वर स्पेस खरीदा था। आरोपी ने अमेरिकन सर्वर के माध्यम से इनडायरेक्ट क्लाउड होस्टिंग की। आरोपी हर कम्युनिकेशन के लिए फर्जी ई-मेल का इस्तेमाल करता था।

### 10वीं पास आरोपी ने अब तक लोगों से ठगे 3 लाख रुपए

एडीजी देशमुख ने बताया कि आरोपी से पूछताद में पता चला कि वह केवल दसवीं पास है। उसकी फर्जी वेबसाइट से कोई भी व्यक्ति किसी अन्य का फोटो. नाम, पता, हस्ताक्षर एवं अन्य जानकारी उपयोग कर फर्जी वोटर आईडी बना सकता था। वोटर आईडी, आधार कार्ड, पैन कार्ड प्राप्त करने क्यूआर कोड से मात्र 20 रुपए का भुगतान कर फर्जी आईडी प्राप्त कर सकता था। इस आईडी को मूल आईडी के रूप में भी इस्तेमाल किया जा सकता था। इस फर्जी वेबसाइट पर अब तक 28 हजार हिट्स हो चुके हैं और नवंबर से अब तक आरोपी 3 लाख रुपए ठग चुका है।

---

**बालिग होते ही शादी करने का देता रहा झांसा**

# परीक्षा देने गई 10वीं की छात्रा का वैन चालक ने किया किडनैप, 49 दिन बंधक बनाकर दुष्कर्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शाहजहांनाबाद थाना क्षेत्र स्थित दसवीं कक्षा की छात्रा का अपहरण और उसे बंधक बनाकर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। आरोपी वैन चालक ने गत 26 फरवरी को उसका अपहरण किया था और जहांगीराबाद के अहीरपुरा में उसे 49 दिन तक बंधक बनाकर रखा था। इस दौरान आरोपी उसका दैहिक शोषण कर रहा था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर नाबालिग को दस्तयाब कर लिया है। नाबालिग के बयान के बाद आरोपी पर बंधक बनाकर दुष्कर्म करने, अपहरण, पाक्सो एक्ट समेत अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार इलाके में रहने वाली 16 साल की दसवीं कक्षा की छात्रा गत 26 फरवरी को आखिरी पेपर देने पहुंची थे। इसके बाद रहस्यमय तरीके से लापता हो गई। परिजन रिश्तेदारों और उसकी सहेलियों समेत हर संभावित जगह उसकी तलाश की, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल सका। इसके बाद पुलिस से मदद मांगी गई। परिजन ने पुलिस को बताया था कि उनकी बेटी लापता हुई है और उन्हें वैन चालक अभिषेक सराठे (34) पर संदेह है।



### अहीर पुरा में दबिश देकर दबोचा

मामला नाबालिग से जुड़ा होने के कारण पुलिस हरकत में आ गई और अभिषेक सराठे के घर पहुंची। इस दौरान आरोपी घर पर नहीं मिला और उसका मोबाइल भी बंद था। पुलिस ने आरोपी का हुलिया मुखबिरों तक पहुंचाया और उसकी तलाश शुरू कर दी। मंगलवार रात पुलिस को सूचना मिली कि अभिषेक सराठे अहीरपुरा में किराए के मकान में है और उसके साथ एक नाबालिग भी है। पुलिस ने घर पर दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

### शहर से बाहर भी घुमाने ले गया था आरोपी

नाबालिग के बयान दर्ज करने पर पता चला कि वैन चालक अभिषेक ने उसे अगवा किया था। कुछ दिन शहर के बाहर घुमाने ले गया। बाद में जहांगीराबाद में किराए का मकान लेकर उसके साथ रहने लगा। आरोपी उससे शारीरिक संबंध बना रहा था और कहता था कि बालिग होते ही शादी कर लेगा।

---

**शहर में चल रहीं 350 में से अभी 80 बसों में ही चलता है रियायती पास**

*तीन ऑपरेटर कर रहे बसों का संचालन, अलग-अलग करते हैं पास जारी*

# सभी लाल बसों में अब एक ही पास चलेगा

◆ *सीएनजी से चल रही बसों में मांगा जाता था पास धारकों से किराया*

*दूसरे ऑपरेटर की बस का हवाला देकर कंडेक्टर नहीं चढ़ने देते पास धारकों को*



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में चल रहीं लाल बसों में 800 रुपए वाले मासिक स्मार्ट पास जल्दी ही सभी बसों में चलने लगेंगे। अभी तीन आपरेटर इन बसों का संचालन कर रहे हैं, जिससे तीनों आपरेटर अपनी बसों में चलने वाले पास अलग-अलग बना रहे हैं। नगर निगम ने 800 रुपए वाले मासिक पास स्वीकार नहीं करने वाले आपरेटरों को नोटिस भेजा है। साथ ही पासधारकों से अलग से किराया मांगने या पास स्वीकार नहीं करने पर चालक और परिचालकों की सेवा समाप्त करने की चेतावनी दी है।

नगर निगम को काफी दिनों से शिकायत मिल रही थी कि राजधानी में चलने वाली सीएनजी बसों में 800 रुपए वाले मासिक स्मार्ट पासधारी यात्रियों से अलग से किराया वसूला जा रहा है।

### बनवा सकते हैं डिजिटल पास

नगर निगम अधिकारियों के अनुसार बसों में सफर करने वाले यात्री अब घर बैठे पास बनवा सकेंगे। ये डिजिटल पास महज 15 मिनट में बन जाएंगे। इसके लिए भोपाल सिटी लिंक लिमिटेड;(बीसीएलएल) ने अपने चलो एप में सुविधाओं का विस्तार किया है। इससे लोगों को पास बनवाने के लिए पॉइंट ऑफ सेल पर जाकर लंबी लाइन में लगने की जरूरत नहीं होगी। आईएसबीटी और शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में 11 पीओएस बना रखे हैं। यहां पास बनवाने वालों की लाइनें लगी रहती हैं। ऐसे में लोगों को पास बनवाने में अभी आधे से एक घंटे का समय लग जाता है। मोबाइल एप के माध्यम से डिजिटल पास बनने से लोगों को लाइन में लगने के झंझट से छुटकारा मिल जाएगा।

---

*प्राइवेट और सरकारी एजेंसियों को भी करना पड़ेगा रजिस्ट्रेशन*

# मोबाइल एप में रजिस्ट्रेशन के बाद ही करा सकेंगे नलकूप खनन

*प्रत्येक बोर का रिकार्ड रहेगा सुरक्षित, सुरक्षा भी रहेगी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

खुले ट्यूबवेल बोर में हो रहे हादसों को देखते हुए इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम ने ट्यूबवेल बोरिंग के लिए नई गाइडलाइन जारी की है। जिसके तहत एक मोबाइल एप डेवलप किया गया है। इसकी मदद से ही नया बोर किया जा सकेगा। इसके साथ प्राइवेट और सरकारी बोरिंग एजेंसियों को इस एप में रजिस्ट्रेशन करना पड़ेगा। बोरिंग कराने वाले व्यक्ति को भी बोर के संबंध में पूरी जानकारी अपलोड करना पड़ेगी। जिसके आधार पर सरकारी एजेंसियों को बोर से संबंधित जानकारी मिल जाएगी।

मोबाइल एप में नए बोर के बारे में जानकारी अपलोड करना पड़ेगी, जिसमें बोर के सफल और असफल होने के संबंध में फोटो सहित जानकारी अपलोड होगी। अगर बोर असफल हो गया है, तो उसे सुरक्षित रूप से बंद करना पड़ेगा। विभाग ने बुधवार से नए मोबाइल एप का ट्रॉयल भी शुरू कर दिया है।



### जल्द सामने आएगा बोरिंग का डेटा

विभाग ने पोर्टल के साथ मोबाइल एप भी लांच किया है। जिसमें नए बोर के साथ बोरिंग एजेंसियों को भी अपना रजिस्ट्रेशन कराना पड़ेगा। खुले बोर की जानकारी भी पोर्टल पर अपडेट की जाएगी, जिससे हादसों को रोका जा सकेगा।

**केके सोनगरिया**, प्रमुख अभियंता

### खुले और बंद बोर की मिलेगी जानकारी

विभाग ने इस पोर्टल पर बोरिंग से जुड़ी सभी तरह की जानकारी का ऑप्शन रखा है। जिसमें शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में सभी निजी और सरकारी खुले और बंद नलकूपों की जानकारी अपलोड की जाएगी, जिससे पता चल सकेगा, कि कहां-कहां बोर हैं, जिन्हें सुरक्षित करने की जरूरत है।

### बनाना पड़ेगा सीमेंटेड चबूतरा

बोरिंग के दौरान अगर यहां पानी नहीं निकलता है, तो उसे मिट्टी, गिट्टी सहित अन्य मटेरियल से भरना पड़ेगा। इसके साथ सीमेंट का ब्लॉक बनाकर उसे सुरक्षित करना पड़ेगा, जिसकी जानकारी फोटो के साथ मोबाइल एप पर डाली जाएगी।

---

**आरक्षक ने दौड़कर खींचा, बचाई जान**

# चलती ट्रेन में चढ़ने की कोशिश में फिसल गया यात्री का पैर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल स्टेशन पर चलती ट्रेन में चढ़ने के प्रयास में एक यात्री का पैर फिसल गया। यात्री ट्रेन के दरवाजे और प्लेटफार्म के बीच गिर गया और घिसटने लगा। यह देख वहां खड़े आरपीएफ आरक्षक ने तुरंत ही यात्री को दौड़ते हुए पैर पकड़कर खींचा और ट्रेन से दूर किया। इस हादसे में यात्री को मामूली चोटें आईं।

जानकारी के अनुसार भोपाल स्टेशन प्लेटफार्म नंबर 2 से गाड़ी क्रमांक 22538 कुशीनगर एक्सप्रेस के प्रस्थान होने दौरान एक यात्री अपना सामान लेकर चलती गाड़ी में चढ़ते समय उसका पैर फिसल गया और कोच एस1 के गेट से लटककर गाड़ी एवं प्लेटफार्म के बीच फंस गया। इस घटना को देख ड्यूटी पर में तैनात आरक्षक मदसूदन द्वारा सूझबूझ एवं त्वरित रूप से उक्त यात्री को अन्य यात्रियों के साथ मिलकर गाडी एवं प्लेटफार्म के बीच से खींच कर सुरक्षित बाहर निकाला।

### एक दिन पहले ही गेट पर लटकी महिला को बचाया

इसी तरह एक दिन पहले यानी मंगलवार को रानी कमलापति स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 3 से गाड़ी क्रमांक 15066 पनवेल-गोरखपुर एक्सप्रेस के रवाना होने दौरान जनरल कोच के गेट पर लटकी एक महिला यात्री के चलती गाड़ी से गिरने पर ड्यूटी पर तैनात महिला आरक्षक ज्योति यादव द्वारा तत्परता से कार्यवाही करते हुए महिला यात्री को चलती गाड़ी व प्लेटफार्म के नीचे जाने से बचाया गया था।

---

**एम्स के डॉ. अंशुल राय की रिसर्च को मिला भारत सरकार से कॉपीराइट**

# मसूड़े को स्वस्थ रखेगा गम मसाजिंग ब्रश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दांतों को साफ करने के लिए तो बहुत सारे ब्रश बाजार में मिलते हैं। अब पहली बार आपको मसूड़े की सफाई और मसाज करने के लिए भी ब्रश मिलेगा। एम्स के एडिशनल प्रोफेसर डॉ. अंशुल राय ने मसूड़े को स्वस्थ रखने के लिए गम मसाजिंग ब्रश बनाया है जो नीम की लकड़ी और लौकी के लुफ़्फ़ा का प्रयोग कर बनाया गया है। इस ब्रश के प्रयोग से मसूड़े स्वस्थ रहेंगे।

डॉ. राय को उनकी रिसर्च के लिए नीम की लकड़ी और लौकी के लुफ़्फ़ा से तैयार गम मसाजिंग ब्रश को भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के औद्योगिक नीति और संवर्द्धन विभाग द्वारा कॉपीराइट प्रदान किया गया है। गम मसाजिंग ब्रश के उपयोग से मसूड़े से खून आना, सूजन, मुंह से दुर्गंध आना, दांतों का हिलना और दर्द से छुटकारा मिलेगा।

### नीम की लकड़ी और लौकी के लुफ्फा से बनाया ब्रश





- दर्द से देगा छुटकारा

गम मसाज ब्रश को नीम की लकड़ी और लौकी के लुफ्फा का प्रयोग कर बनाया गया है। इसको बनाने का खर्च भी बहुत कम आया क्योंकि नीम की लकड़ी और लौकी का लुफ्फा आसानी से मिल जाता है। प्लास्टिक का उपयोग बिलकुल नहीं किया गया जो कि आम तौर पर ब्रश में किया जाता है। बड़े सैंपल साइज के साथ रिसर्च करके जल्द ही इसको मार्केट में भी लॉन्च किया जा सकेगा। इस इनोवेटिव तकनीक के लिए एम्स डायरेक्टर डॉ. अजय सिंह ने डॉ. राय को उनकी सफलता के लिए बधाई दी है।

### अभी तक दांतों के ब्रश, पहली बार मसूड़े का

डॉ. राय ने बताया कि अभी तक विश्व में जितने भी ब्रश हैं, वे दांतों के लिए बनाए गए हैं। यह दुनिया का पहला नया ब्रश है जो मसूड़े के लिए तैयार किया गया है। मसूड़े की बीमारी बढ़ने का मुख्य कारण मीठा और जंक फूड खाना, सही तरीके से ब्रश न करना होता है। इससे मसूड़े की ब्लड सप्लाई कम हो जाती है, मसूड़े पिलपिले हो जाते हैं और उनमें सूजन आ जाती है, जिससे खून आने लगता है।

---

**आईसीएमआर ने एसीएसआईआर से किया समझौता**

# बीएमएचआरसी समेत आईसीएमआर के 27 संस्थानों में हो सकेगी पीएचडी

राजधानी के बीएमएचआरसी समेत भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के सभी 27 संस्थानों में अब विद्यार्थी पीएचडी भी कर सकेंगे। इसके लिए आईसीएमआर ने एकेडमिक ऑफ साइंटिफिक एंड इनोवेटिव रिसर्च (एसीएसआईआर) के साथ एक समझौता किया है। एसीएसआईआर ने सभी संस्थानों में मेडिकल रिसर्च विषय पर पीएचडी कोर्स के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं।

### 30 तक आवेदन

आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल है। बीएमएचआरसी की प्रभारी निदेशक डॉ. मनीषा श्रीवास्तव ने बताया कि वर्तमान में बीएमएचआरसी के कई विभागों में पोस्ट ग्रेजुएट कोर्स और सुपरस्पेशियलिटी कोर्स संचालित किए जा रहे हैं और अब संस्थान में मेडिकल रिसर्च विषय पर पीएचडी कोर्स भी हो सकेंगे।



# रंगकर्मी दंपती राजीव और रीता ने चाय के किस्सों में साझा की अपनी जीवन यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

चाय दिलों को जोड़ती है और एक प्याली चाय का जो सकून है, वह बड़ी से बड़ी परेशानियों को भी दूर कर देता है। हम तो पुराने भोपाल के रहने वाले हैं, तब हम रात भर छत पर बने स्टूडियो में काम करते थे। तब पटिए जिंदा थे और वहां रात भर गॉसिप के दौरान चाय के दौर बहुत शिद्धत से चला करते थे। हम स्टूडियो में नमक वाली सुलेमानी चाय और मलाई मार कर बनी चाय का लुत्फ उठाया करते थे। यह किस्सा प्रसिद्ध अभिनेता एवं निदेशक राजीव वर्मा ने चायनामा संवाद कार्यक्रम में शेयर किया। हैल्पबॉक्स फाउंडेशन की सोश्योआर्ट संवाद श्रृंखला के तहत आयोजित कार्यक्रम में रंगकर्मी दम्पती राजीव एवं रीता वर्मा चाय पर चर्चा के दौरान अपनी जीवन यात्रा के संस्मरण साझा कर रहे थे।

चायनामा
जीवन
एवं कला
संवाद
सत्र



## हमारे घर में बच्चों को चाय पीना मना था

रंगकर्मी रीता ने अपने अनुभव सुनाते कहा कि हम जब छोटे थे, तब घर में बच्चों को चाय पीना मना था। तब आज जैसी अलग-अलग वैरायटी की चाय नहीं हुआ करती थी। मुझे बड़ों की गॉसिप सुनना अच्छा लगता था, तब चर्चा में बड़ों के लिए चाय के दौर होते थे। मैंने चाय पीना शुरू की और मुझे बेहद पसंद थी। मेरी मां कहती थीं कि तुम्हें कोई नींद से जगा कर चाय पिलाए तो तुम पी लोगी। लोगों को चाय पी कर नींद नहीं आती, मुझे चाय पीकर नींद आती थी। हमारे घर में सब अपनी-अपनी पसंद की चाय खुद बनाते हैं।

## दहेज में मिला रीता का कुत्ता

हंसी-ठहाके भरे माहौल में राजीव ने कहा कि रीता से शादी में मुझे दहेज में रीता का पसंदीदा कुत्ता भी मिला। रीता ने कहा कि एक दिन फिल्मी स्टाइल में मेरी और राजीव की बहस हो गई। तब राजीव बोले इस घर में कुत्ता रहेगा या मैं। तब मैंने कहा कि मैं कुत्ता प्रिफर करूंगी। तब से राजीव पेट लवर भी बन गए। रीता ने आगे कहा कि रंगकर्म को सीखने में मेरी जिंदगी में कारंत जी का बड़ा हाथ रहा है। उन्होंने एक-एक बारीकियां हमें सिखाईं। यही कारण है कि आज हम इस मुकाम पर पहुंच पाए हैं।

**ग्वालियर किला, भोजेश्वर महादेव मंदिर, चंबल घाटी की रॉक कला सहित खूनी भंडारा और गोंड स्मारक भी शामिल**

# विश्व धरोहर स्थलों की अस्थाई सूची में अब प्रदेश के 6 नए स्थल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र पर्यटन और प्राचीन धरोहरों से समृद्ध प्रदेश है। प्रदेश के प्रमुख रूप से तीन स्थल पहले से ही यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थलों में शामिल हैं, जिसमें खजुराहो के प्राचीन मंदिर और मूर्तियों का सौंदर्य विश्व प्रसिद्ध हैं, जिसे 1986 को विश्व धरोहर में शामिल किया।


इसके बाद सम्राट अशोक द्वारा निर्मित सांची के बौद्ध स्मारकों को 1989 में शामिल किया तथा भीमबेटका के रॉक शेल्टर जिसमें आदि मानव द्वारा निर्मित चित्रों को लाल और हरे रंग से गुफाओं में उकेरा गया। इस स्थल को वर्ष 2003 में विश्व धरोहर स्थल में शामिल किया, लेकिन अब प्रदेश के धरोहरों का सौंदर्य इसी से देखा जा सकता है कि यूनेस्को के विश्व विरासत स्थलों की अस्थाई लिस्ट में मध्य प्रदेश के 6 नए स्थलों को विश्व धरोहर स्थलों की अस्थायी यूनेस्को सूची में जगह मिली है।

**विश्व धरोहर दिवस**

**नई सूची में शामिल स्थल**


नई सूची में शामिल स्थलों में ग्वालियर का किला, धमनार का ऐतिहासिक समूह भोजेश्वर महादेव मंदिर, चंबल घाटी के रॉक कला स्थल, खूनी भंडारा, बुरहानपुर और रामनगर, मंडला के गोंड स्मारक शामिल हैं।

### ग्वालियर किला




अपनी दुर्जेय दीवारों के लिए प्रसिद्ध एक पहाड़ी के ऊपर स्थित ग्वालियर का किले की पहली नींव छठी शताब्दी ईस्वी में राजपूत योद्धा सूरज सेन द्वारा रखी गई। इस किले में कई प्राचीन मंदिर हैं, जिनमें तेली का मंदिर, चतुर्भुज मंदिर सहित सास बहू मंदिर भी खास महत्व रखता है, साथ ही सिक्खों का पवित्र स्थल के रूप में गुरुद्वारा दाता बंदी छोड़ भी खास है।

### धमनार का समूह



यहां 7वीं शताब्दी ईस्वी की 51 चट्टानों को काटकर बनाई गई गुफाएं, स्तूप, चैत्य और आवास शामिल हैं। गौतम बुद्ध की निर्वाण मुद्रा में विशाल प्रतिमा के रूप में विख्यात धमनार की गुफाओं में बारी कचेरी और भीमा बाजार शामिल हैं, जो अपने ऐतिहासिक महत्व और स्थापत्य विशेषताओं के लिए जाने जाते हैं।

### भोजेश्वर महादेव मंदिर



भोजपुर में स्थित यह मंदिर भगवान शिव को समर्पित है और इसमें एक ही पत्थर से बना विशाल शिवलिंग है। 11वीं शताब्दी में राजा भोज द्वारा बनवाया गया यह मंदिर अपनी भव्यता अद्वितीय वास्तुकला के लिए प्रतिष्ठित है।

### गोंड स्मारक



गोंडवाना राज्य के रूप में विख्यात इस स्थल में मोती महल (राजमहल) रामनगर, रायभगत की कोठी रामनगर, विष्णु मंदिर रामनगर, बेगम महल और दलबदल महल चौगान शामिल है। इसी समूह को रामनगर, मंडला का गोंड स्मारक कहा जाता है।

### खूनी भंडारा



भूमिगत जल प्रबंधन प्रणाली पर आधारित इस स्थल में अब्दुर्रहीम खानखाना द्वारा निर्मित आठ वाटरवर्क्स शामिल हैं। इसे फारसी कानात दृष्टिकोण का उपयोग करके बनाया गया।

### चंबल घाटी के रॉक कला स्थल



यह दुनिया के सबसे बड़े रॉक कला स्थलों का केंद्र है, जो विभिन्न ऐतिहासिक काल और सभ्यताओं के दृश्यों को प्रदर्शित करते हैं।



रंग श्री लिटिल बैले ट्रूप में नाटक 'यस सर' का मंचन

# वर्गों में विभक्त समाज की धारणा परिवर्तित करना बेहद मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हमारा समाज वर्गों में विभक्त है, जो किसी व्यक्ति के लिए जब कोई धारणा बना लेता है तो उसे परिवर्तित करना मुश्किल होता है लेकिन जब वास्तविकता सामने आती है तो समाज का नजरिया ही बदल जाता है। ऐसे ही समाज के वर्गों, जाति, धर्म, ओहदे से ऊपर मानवीय संबंधों को दर्शाता नाटक 'यस सर' का मंचन बुधवार को रंगश्री लिटिल बैले ट्रूप में किया गया। सर्जना रंग महोत्सव के अंतर्गत आयोजित इस नाट्य प्रस्तुति में अजय नवारिया का लेखन रहा और नाटक को डिजाइन व निर्देशित राम सिंह पटेल ने किया।

## नाटक की कहानी



नाटक यस सर में दिखाया गया कि वर्गों में विभाजित हमारा समाज तथा इससे प्रभावित व्यक्ति, दूसरे व्यक्ति और वर्ग के प्रति अपने मन में धारणा बना लेते हैं, जिससे वह सच्चाई और उसके सकारात्मक पहलुओं को नहीं देख पाते, उस व्यक्ति के प्रति एक ईर्ष्या का भाव लेकर उसकी तरक्की और कामयाबी से भीतर ही भीतर कुढ़ता रहता है और उसे नीचा दिखाने का भरसक प्रयास करता है। अपनी महानता का बखान करता रहता है, परंतु जब व्यक्ति के सकारात्मक पहलुओं का प्रभाव समाज पर पड़ता है तो उसके लिए गढ़ी गई धारणाएं ढह जाती हैं और अंतःकरण परिवर्तित हो जाता है। ऐसे में सामने वाला व्यक्ति समाज के लिए आदर्श बन जाता है और समाज उसके बारे में कुछ गलत सुनना पसंद नहीं करता। उस वक्त जो सामाजिक लोगों के मन में उस व्यक्ति की जो सकारात्मक छवि बनती है, वह उम्र, जाति धर्म और वर्ग से कई गुना ऊपर होती है, जिससे वह प्रतिष्ठित हो जाता है।



# आईसेक्ट का कंटेंट क्रिएशन पर विशेष सत्र का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आईसेक्ट के कॉर्पोरेट एचआर के लर्निंग एंड डेवलपमेंट (एलएंडडी) द्वारा आरएनटीयू-आईक्यूएसी और एसजीएसयू के समन्वय से कंटेंट तैयार करने की कला में महारत हासिल करने पर एक प्रशिक्षण सत्र का आयोजन स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी के वनमाली सभागार में किया गया। इसमें आईसेक्ट और आईसेक्ट विश्वविद्याल समूह के 100 से अधिक प्रोफेशनल्स एवं शिक्षक बतौर प्रतिभागी जुड़े और कंटेंट क्रिएशन पर बारीकियों को समझा।

**100 से अधिक प्रोफेशनल्स एवं शिक्षक हुए शामिल**

### कंटेंट डेवलपमेंट पर हुई चर्चा

वर्कशॉप में मुंबई विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित प्रशिक्षक मंदार भानुशे और भोपाल की डॉ. अंजलि दलाल ने प्रभावी कंटेंट डेवलपमेंट के महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा की। इसमें उन्होंने कंटेंट तैयार करने, क्यूरेशन, ओपन एजुकेशनल रिसोर्स (ओईआर), स्टूडेंट लर्निंग मटेरियल (एसएलएम), लाइसेंसिंग, प्लेगरिज्म, ब्लूम्स टैक्सोनॉमी, ई-सामग्री, निदेशात्मक सामग्री डिजाइन और विकास इत्यादि शामिल हैं।

# बाबा साहेब के संघर्षों व कामयाबी को रेखांकित करता गीत जय-जय भीम हुआ लॉन्च कैंडल जलाकर किया नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की 133वीं जयंती के उपलक्ष्य में जय भीम संगठन की ओर से सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान बाबा साहेब के संघर्षों व कामयाबी को रेखांकित गीत जय जय भीम लॉन्च किया गया। इस गीत को एसआर डेहरिया ने लिखा व संगीतबद्ध किया है तो वहीं गायिका आकृति मेहरा ने गाया है। इसमें राजू राव ने भी आवाज दी है। प्रोड्यूसर नेहा डेहरिया निर्मित यह गीत एस एम डवलू फिल्म्स प्रोडक्शन के यू ट्यूब चैनल पर जारी किया गया है। इस फिल्मांकन बौद्ध विहार में किया गया है। वहीं, कैंडल जलाकर बाबा साहेब को नमन किया गया।






# हमीदिया महाविद्यालय में मनाया विश्व कला दिवस, चित्र उकेरे

**भोपाल।** विश्व कला दिवस के अवसर पर शासकीय हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय भोपाल के चित्रकला विभाग में विद्यार्थियों ने कला-अभिव्यक्ति के लिए एक प्रदर्शनी का आयोजन किया, जिसमें 30 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कलाकारों ने अपने मनोभावों को चित्रों के माध्यम से उकेरा और विविधता से भरे हुए चित्र बनाए। जिसमें कामकारों और राष्ट्रीय नेताओं के व्यक्तिचित्र, राष्ट्र माझे कर आधारित घटनायें, सृजनात्मक चित्र संयोजन, लघुचित्रण एवं प्रकृति चित्रण कार्य शामिल है।

## भोपाल

# कांग्रेस छोड़ बसपा में शामिल हुए जरारिया, भिंड से टिकट भी मिला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

2019 के लोकसभा चुनाव में भिंड-दतिया संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़े कांग्रेस के देवाशीष जरारिया पार्टी छोड़कर बहुजन समाज पार्टी में शामिल हो गए। उन्होंने कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। इसके बाद जरारिया ने राजस्थान के अलवर में बसपा सुप्रीमो मायावती के सामने बसपा की सदस्यता ले ली। सदस्यता लेने के कुछ ही घंटे बाद बसपा ने भिंड सीट से उन्हें प्रत्याशी भी घोषित कर दिया।

### इधर, सुनील सूद ने छोड़ा हाथ का साथ

मध्यप्रदेश में पहले चरण के मतदान से पहले कांग्रेस को तगड़ा झटका लगा है। भोपाल के पूर्व महापौर सुनील सूद समेत 500 कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस का दामन छोड़ दिया। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी के बंगले पर इन सभी नेताओं ने भाजपा की सदस्यता। इस दौरान भोपाल से भाजपा प्रत्याशी आलोक शर्मा और पार्टी के जिलाध्यक्ष सुमित पचौरी भी मौजूद रहे। लोकसभा चुनाव के समर में कांग्रेस पार्टी के लिए ये बड़ा झटका माना जा रहा है। पूर्व महापौर सूद के साथ वार्ड 7 की पार्षद प्रियंका मिश्रा, कांग्रेस के युवा नेता अनिल मिश्रा, कांग्रेस पार्षद गौतम मोर, निर्मला मोर, पूर्व अध्यक्ष संजय साहू और शमीम खान सहित अन्य ने भाजपा ज्वॉइन की। गौरतलब है कि सुनील सूद और कैलाश मिश्रा पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता सुरेश पचौरी के करीबी माने जाते हैं। जब सुरेश पचौरी ने कांग्रेस छोड़ी तब से ही इन नेताओं के भी पार्टी छोड़ने के कयास लगाए जा रहे थे।

**जयंत स्मृति व्याख्यान का आयोजन**

# प्राचीन ज्ञान-विज्ञान परंपरा सुदृढ़ होने से ही इतनी प्रगति कर पाए: डॉ. शिंदे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारत की ज्ञान परंपरा प्राचीन और सशक्त रही है। हड़प्पा की राखीगढ़ी साइट का शोध पूरे विश्व ने प्रामाणिक माना है और इसकी पूरी रिसर्च भारत में ही की गई है। भारतीय वैज्ञानिकों ने स्वयं की मेथोडोलॉजी विकसित कर राखीगढ़ी पर शोध किया है। यह कहना है मुख्य वक्ता प्रसिद्ध पुरातत्वविद, साउथ एशियन आर्केलाजी सोसाइटी के संस्थापक एवं डेक्कन कॉलेज के पूर्व कुलपति डॉ. वसंत शिंदे का। डॉ. वसंत शिंदे हड़प्पा संस्कृति की राखीगढ़ी साइट के डीएनए परीक्षण के लिए भी प्रसिद्ध हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय ज्ञान विज्ञान परंपरा से ही सीखकर हम आगे बढ़ सकेंगे।

विज्ञान भारती मध्य भारत प्रांत द्वारा स्व.जयंतराव सहस्त्रबुद्धे की जयंती पर भारत की ज्ञान विज्ञान परंपरा पर व्याख्यान का आयोजन बुधवार को राज्य पशुपालन प्रशिक्षण संस्थान सभागार में किया गया।

### बुनियादी शोध के लिए नेशनल रिसर्च फाउंडेशन की स्थापना की गई




प्रवेश एवं शुल्क नियामक समिति के अध्यक्ष प्रो. रविन्द्र रामचन्द्र कान्हेरे विशिष्ट अतिथि रहे। प्रो. कान्हेरे ने कहा कि भारत में बुनियादी शोध के लिए नेशनल रिसर्च फाउंडेशन की स्थापना की गई है, जिससे यहां की बुनियादी आवश्यकताओं को अद्यतन ज्ञान एवं भविष्य की मांग को देखते हुए शोध कार्य में सहायता मिलेगी। अध्यक्षता प्रांत संघचालक मध्यभारत प्रांत अशोक पाण्डेय ने की। कार्यक्रम का परिचय विज्ञान विज्ञान भारती के महासचिव प्रो. सुधीर सिंह भदौरिया ने प्रस्तुत दिया। विज्ञान भारती भारत प्रांत के क्षेत्रीय संगठन सचिव विवस्वान ने कहा कि विश्व की आत्मा भारत है और पारंपरिक ज्ञान को विश्व पटल पर लाने का कार्य स्वामी विवेकानंद ने किया है। हमारी संस्कृति का एक महत्वपूर्ण पहलू यह है कि हम व्यक्ति सापेक्ष नहीं अपितु ध्येय सापेक्ष रहे हैं। कार्यक्रम में कुलपति, शोध एवं राष्ट्रीय संस्थानों के निदेशक आदि मौजूद रहे।

## स्थानीय खेल समाचार

# 11वीं रेड बुल इंटर कॉलेज क्रिकेट प्रतियोगिता आज से बाबेअली मैदान पर

**भोपाल।** खेल संस्कार ग्रुप द्वारा आयोजित आईसीपीएल टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ 18 अप्रैल को शहर के बाबेअली मैदान पर किया जाएगा। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी प्रतियोगिता में मुख्यतः ओरिएंटल कॉलेज, एलएनसिटी कॉलेज, आईईएस कॉलेज, जागरण लेक सिटी यूआईटी, टूबा कॉलेज, स्कोप कॉलेज, एसएटीआई कॉलेज विदिशा, करियर कॉलेज, बीएसएस कॉलेज, यूआईटी आरजीपीवी की टीमें में भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता के सभी मुकाबले लीग कम नॉकआउट आधार पर खेले जाएंगे। इस प्रतियोगिता की विजेता टीम इंदौर में आयोजित होने वाले रेड बुल कप प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई करेगी। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुकाबला सुबह 8:30 बजे से एलएनसीटी कॉलेज और स्कोप कॉलेज के बीच खेला जाएगा, जबकि दूसरा मुकाबला 12:30 बजे से ओरिएंटल कॉलेज एवं यूआईटी आरजीपीवी के बीच खेला जाएगा।

उद्घाटन मुकाबला
सुबह 8.30 और दोपहर 12.30 बजे से




**वेद पाठक रहे मैन ऑफ द मैच**

# विधायक कप में मयंक अकादमी का बेहतरीन खेल, 9 विकेट से जीती



**भोपाल।** विधायक कप क्रिकेट टूर्नामेंट में मयंक क्रिकेट अकादमी और रोहित शर्मा क्रिकेट अकादमी के बीच मैच खेला गया। रोहित शर्मा अकादमी ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। पूरी टीम 130 रन पर ऑल आउट हो गई। रोहित शर्मा क्रिकेट अकादमी की ओर अहान ने सर्वाधिक 63 रन बनाए। मयंक अकादमी की ओर से गेंदबाजी करते हुए वेद पाठक ने चार और दक्ष ने चार विकेट लिए। इसके बाद 131 रन का पीछा करने उतरी मयंक क्रिकेट अकादमी की टीम के मानस जैन के शानदार 60 और नित्यम माहेश्वरी के 17 रन की बदौलत मैच 9 विकेट से जीत लिया। वेद पाठक को शानदार चार विकेट लेने के कारण मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया, जो वरिष्ठ क्रिकेटर गजेंद्र सिंह गिल और मृदुल गोयल ने दिया।




## लोकसभा क्षेत्र

रतलाम

1 भाजपा प्रत्याशी
अनीता चौहान

2 कांग्रेस प्रत्याशी
कांतिलाल भूरिया

**पिछली बार कौन जीता**
जीएस डामोर

**जीत का अंतर**
90 हजार 636

## क्या रहेंगे मुद्दे?

रतलाम चूंकि आदिवासी बाहुल्य सीट है, इसलिए यहां राम मंदिर और हिंदू-मुस्लिम से जुड़े मुद्दों का ज्यादा असर नहीं है। यहां चुनाव का पहला मुद्दा आदिवासी विकास है। भाजपा और कांग्रेस दोनों बता रहे हैं कि उन्होंने इस वर्ग के लिए क्या-क्या किया है। भाजपा की अनीता केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा कराए गए काम गिना रही हैं तो कांतिलाल अपने कार्यकाल में किए कामों का प्रचार कर रहे हैं। शहरी इलाकों में जरूर राम मंदिर, धारा 370, भोजशाला जैसे मुद्दों का असर देखने को मिल रहा है। यही वजह है कि रतलाम शहर और ग्रामीण क्षेत्र में भाजपा का ज्यादा फायदा होता दिख रहा है। यहां कांग्रेस बेरोजगारी, महंगाई, किसानों की आय दोगुनी न होने जैसे मुद्दे उठा रही है। कांग्रेस घोषणा पत्र में किए वादों का भी प्रचार कर रही है। भाजपा के पास न मुद्दों की कमी है और नेताओं की। इसलिए उसका प्रचार ज्यादा है।

## रतलाम में भाजपा मजबूत, झाबुआ में कांग्रेस को बढ़त

# भाजपा के लिए कब्जा बरकरार रखना कठिन, भूरिया दे रहे कड़ी टक्कर

*पहले की झाबुआ और परिसीमन के बाद बनी रतलाम लोकसभा सीट कांग्रेस के आदिवासी चेहरे कांतिलाल भूरिया का गढ़ है। वे यहां से कई चुनाव जीते हैं। भूरिया पिछली बार भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़े रिटायर्ड अफसर जीएस डामोर से हार गए थे। भाजपा ने इस बार डामोर का टिकट काट कर प्रदेश सरकार में मंत्री नागर सिंह चौहान की पत्नी अनीता सिंह को मैदान में उतारा है। मुकाबला कड़ा है। भाजपा के लिए सीट पर कब्जा बराकरार रख पाना मुश्किल हो रहा है, क्योंकि कांतिलाल की ओर से कड़ी चुनौती मिल रही है। लोकसभा क्षेत्र के तहत आने वाले आठ विधानसभा क्षेत्रों में से कहीं भाजपा मजबूत है तो कहीं कांग्रेस का दबदबा है। माहौल और दलगत आधार पर भाजपा भारी दिख रही है तो सामाजिक आधार पर कांग्रेस को बढ़त लेने की खबर है, इसलिए मुकाबला कड़ा और रोचक देखने को मिल रहा है।*

ग्राउंड रिपोर्ट

दिनेश निगम 'त्यागी' ▶▶ भोपाल

रतलाम संभवतः पहला ऐसा लोकसभा क्षेत्र है, जहां से भाजपा ने प्रदेश सरकार के मंत्री नागर सिंह चौहान की पत्नी अनीता चौहान को टिकट दिया है। नरेंद्र मोदी-अमित शाह के युग में इस तरह परिवार में दो लोगों को टिकट देने की परंपरा नहीं है। पार्टी के कई बड़े नेताओं के बेटे और परिजन टिकट का इंतजार ही कर रहे हैं। नियम तोड़ने की वजह है रतलाम सीट, जो कांग्रेस से ज्यादा कांतिलाल भूरिया का गढ़ है। भाजपा नेतृत्व किसी भी हालत में इस सीट पर कब्जा बरकरार रखना चाहता है। पहले सीट का नाम झाबुआ था, लेकिन 2008 में हुए परिसीमन के


अनीता चौहान


कांतिलाल भूरिया

बाद नाम बदलकर रतलाम कर दिया गया। इसके बाद हुए चार चुनावों में से दो बार कांग्रेस के कांतिलाल भूरिया जीते और दो बार भाजपा। इनमें से एक बार कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आए स्व दिलीप सिंह भूरिया जीते और दूसरी बार 2019 के चुनाव में जीएस डामोर ने जीत दर्ज की।

भाजपा ने कांतिलाल भूरिया को हराने वाले डामोर का टिकट ठीक उसी तरह काट दिया, जैसे गुना-शिवपुरी में ज्योतिरादित्य सिंधिया को हराने वाले सांसद केपी सिंह यादव का काटा गया। भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ रही अनीता नागर सिंह चौहान भिलाला आदिवासी हैं, जबकि कांतिलाल भूरिया भील आदिवासी। क्षेत्र में भील समाज की तादाद भिलाला से काफी ज्यादा है। इसके अलावा झाबुआ में ईसाई मिशनियों का काम भी काफी है। दो से ढाई लाख आदिवासी धर्म परिवर्तन कर चुके हैं। दूसरी तरफ क्षेत्र में संघ का काम भी अच्छा है। रतलाम में विधायक चेतन काश्यप के कारण भाजपा को ताकत मिलती है। रतलाम जिले की तीन सीटों में से सैलाना और रतलाम ग्रामीण में कांग्रेस-भाजपा के बीच अच्छी टक्कर है जबकि रतलाम शहर में भाजपा बढ़त में बताई जाती है। अलीराजपुर जिले के जोबट में कांग्रेस की स्थिति अच्छी है, जबकि अलीराजपुर में भाजपा मजबूत दिखती है। यहां कड़ा मुकाबला देखने को मिल रहा है।

### विधानसभा में कांग्रेस पर भाजपा को बढ़त

रतलाम लोकसभा क्षेत्र के तहत आने वाली 8 विधानसभा सीटों के लिए 4 माह पहले हुए चुनाव में भाजपा को कांग्रेस पर मामूली बढ़त हासिल है। क्षेत्र की तीन विधानसभा सीटें कांग्रेस जीती, जबकि भाजपा के खाते में 4 सीटें गई हैं। एक सीट सैलाना में भारत आदिवासी पार्टी ने जीत कर सबको चौंका दिया था। इस तरह विधानसभा में ताकत के लिहाज से भाजपा-कांग्रेस में बहुत ज्यादा फर्क नहीं है। भाजपा ने चार विधानसभा सीटें 1 लाख 4 हजार 402 वोटों के अंतर से जीती हैं जबकि कांग्रेस की तीन सीटों में जीत का अंतर 55 हजार 808 वोट रहा है। सैलाना में भारत आदिवासी पार्टी 4 हजार 618 वोटों के अंतर से जीतने में सफल रही है। लोकसभा चुनाव की दृष्टि से यह अंतर इतना ज्यादा नहीं है कि इसे कवर न किया जा सके। हालांकि 2018 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने क्षेत्र की 8 में से 5 सीटें जीती थीं और भाजपा सिर्फ 3 में सिमट गई थी। बावजूद इसके 2019 का लोकसभा चुनाव कांग्रेस नहीं जीत सकी।

### रतलाम में तीन जिलों की विधानसभा सीटें

रतलाम लोकसभा सीट का भौगोलिक एरिया तीन जिलों तक फैला है। ये जिले झाबुआ, रतलाम और अलीराजपुर हैं। लोकसभा क्षेत्र में झाबुआ जिले की तीन विधानसभा सीटें झाबुआ, थांदला, जोबट और रतलाम जिले की भी तीन रतलाम ग्रामीण, रतलाम शहर और सैलाना आती हैं। अलीराजपुर की दो विधानसभा सीटें जोबट और अलीराजपुर भी इसी लोकसभा क्षेत्र का हिस्सा हैं। इनमें से झाबुआ जिले की 2 और अलीराजपुर की एक सीट कांग्रेस के पास हैं, जबकि रतलाम जिले की 2 और झाबुआ-अलीराजपुर की एक-एक सीट पर भाजपा का कब्जा है। जहां तक सीट के राजनीतिक मिजाज का सवाल है तो यहां कांग्रेस ज्यादा जीती है। जब सीट का नाम झाबुआ था, तब कांग्रेस के दिलीप सिंह भूरिया यहां जीतते थे, लेकिन परिसीमन के बाद जब सीट का नाम रतलाम हो गया तब वे भाजपा में चले गए।

### जातीय आधार पर होता रहा मतदान

रतलाम लोकसभा सीट के कई हिस्सों में जातीय और सामाजिक आधार पर मतदान होता रहा है। इस बार भी ऐसा हो सकता है। जैसे अनीता चौहान को आदिवासियों में भिलाला समाज का पूरा वोट मिलेगा और कांतिलाल भूरिया को भील समाज का। इन दोनों समाजों के वोट यहां ज्यादा हैं। झाबुआ जिले में ईसाई मिशनरियों के प्रभाव वाले धर्मांतरित ईसाई कांग्रेस के पक्ष में वोट करते हैं। क्षेत्र के वैश्य, ब्राह्मण और अन्य सामान्य वर्ग जिनकी तादाद रतलाम जिले में ज्यादा हैं, उनका झुकाव भाजपा के पक्ष में रहता है। रतलाम के शहरी क्षेत्र में मुस्लिम मतदाताओं की तादाद भी काफी है, यह कांग्रेस के समर्थन में रहता है। सामाजिक और जातीय आधार पर मतदाता बंटे दिखाई पड़ते हैं।

## फर्स्ट टाइम वोटर

### विकास और रोजगार के मुद्दों पर मतदान करूंगा...

प्रदेश के युवा के सामने सबसे बड़ी समस्या रोजगार की है। चुनाव में रोजगार का मुद्दा प्रभावी रहेगा। इस मुद्दे को ध्यान में रखते हुए युवा अपना वोट करेंगे।



मैं राजनीति को राजनीति की नजर से नहीं देखता हूं। देश में विकास हो रहा है, तो विकास के मुद्दों को ध्यान में रखकर वोट करूंगा। वहीं कौन-सी पार्टी या उम्मीदवार युवाओं को रोजगार दिला सकता है, इस मुद्दे को भी ध्यान में रखकर वोट करूंगा। मतदान करना प्रत्येक मतदाता का कर्तव्य है। मैं मतदान अवश्य करूंगा। साथ ही दूसरों को भी प्रेरित करूंगा।

**शैलेंद्र पवार**, युवा मतदाता

### राम मंदिर व विकास लोकसभा चुनाव में रहेंगे अहम मुद्दे...

देश-प्रदेश सहित शहर के विकास के मुद्दों को देखकर ही मैं वोट करूंगा। वहीं, राम मंदिर भी एक बड़ा मुद्दा युवाओं के बीच में रहेगा। राम मंदिर बना है। रोजगार को लेकर जरूरतमंद युवाओं के बीच चर्चा हो रही है,



लेकिन सरकार हर किसी को रोजगार तो नहीं दे सकती है। हर बार सरकार को दोष नहीं दिया जा सकता है। वोट किसको करना है, इसके लिए किसी से डिस्कस करने की जरूरत नहीं है। सरकार हमको बनानी है। मैं सबकुछ देखकर वोट करूंगा। इसके अलावा मैं मतदान करने अवश्य जाऊंगा और लोगों को भी मतदान करने के लिए जारूक करूंगा।

**सूर्यांश श्रीवास्तव**, युवा मतदाता

## चुनाव प्रचार...

### गर्मी के मौसम में सुबह-शाम ही करें प्रचार, रोजाना सुबह 30 से 40 मिनट तक करें मॉर्निंग वॉक

भोपाल में गर्मी ने अपनी तपिश दिखाना शुरू कर दिया है। गर्मी में हो रहे लोकसभा चुनाव को लेकर नेताजी हों या फिर उनके समर्थक, सुबह और शाम ही प्रचार कर रहे हैं। ज्यादा गर्मी होने के कारण शरीर के तापमान को अनुकूल रखने वाले सिस्टम को अतिरिक्त कार्य करना पड़ता है। कभी-कभी यह सिस्टम हमें बीमार भी कर देता है, जिससे चेहरे, सिर, मुंह, गले और गर्दन व बदन में जकड़न महसूस होती है एवं हाई ग्रेड फीवर (हीट स्ट्रोक) उल्टी, दस्त होने की सम्भावना बढ़ जाती है। पानी की कमी होने के (डिहाइड्रेशन) की भी समस्या हो सकती है। साथ-साथ कई बीमारियों को बढ़ने का मौका मिलता है। हमे गर्मी के मौसम में कुछ बातों का ख्याल रखना बहुत


डॉ. सुनील पाण्डेय
एमपीटी (ऑर्थोपेडिक)

जरूरी है। इस दौरान ज्यादा ठंडा पानी पीने से बचें और पौष्टिक भोजन करें। गर्मी में होने वाली परेशानियों से बचने के लिए शारीरिक व्यायाम बहुत जरूरी है। ऐसे में रोजाना सुबह 30 से 40 मिनट मार्निंग वॉक करें। ऐसा करने से मांसपेशियों में लचीलापन रहता है। पैदल चलने से मसल्स एक्टिव होती है, जोड़ों की परेशानियां कम होती हैं। रोजाना सुबह उठकर लाइट स्ट्रेचिंग करना चाहिए, जिससे रक्त का प्रवाह अच्छे से हो सके। अचानक ठंडी जगह से गर्म व गर्म जगह से ठंडी जगह जाने से बचें। सीधे बाहर न निकलें। (मौसम) के संपर्क से बचें। गर्मी में शरीर में रूखापन (ड्राइनेस) आती है। पर्याप्त मात्रा में पानी पीते रहें। फ्रीज में रखे ज्यादा ठंडे पानी या सामान का सेवन बिल्कुल न करें।

## चुनावी चटकारे...

लो आ गए चुनाव, लो आ गए चुनाव,
घूम रहे हैं नेताजी, क़स्बा, शहर, गांव।
हाथ जोड़कर मुस्कराते और छू रहे हैं पांव,
वादे और घोषणाओं के चल रहे हैं दांव।
भाषण पर भाषण, कौवों सी कांव -कांव,
कुर्सी की ख़ातिर भूले गर्मी और ठंडी छांव


विनोद कुमार शर्मा
अयोध्या नगर

### मतपत्रों में चुनाव चिन्ह के साथ उम्मीदवारों के फोटो भी होंगे

लोकसभा चुनाव में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों की बैलेट यूनिट पर चस्पा किए जाने वाले मतपत्रों में उम्मीदवारों के नाम, पार्टी का नाम और चुनाव चिन्ह के साथ फोटो तथा सर्विस वोटर्स को जारी किए जाने वाले डाक मतपत्रों पर उम्मीदवारों के नाम और पार्टी के नाम के साथ फोटो भी अंकित होंगे। ये निर्देश एक ही या मिलते-जुलते नाम के दो या दो से अधिक उम्मीदवारों के चुनाव लड़ने के पूर्व में सामने आए प्रकरणों को देखते हुए जारी किए गए हैं। उम्मीदवारों को अपने फोटो नाम निर्देशन-पत्र के साथ ही प्रस्तुत करने को कहा गया है।

## चाय पे चर्चा

▶▶ डीआईजी बंगले स्थित चाय की दुकान पर चाय की चुस्कियां लेते युवाओं में लोकसभा चुनाव के प्रचार को लेकर चर्चा

### शहर में लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चाएं जारी, वोटर का रुख अभी समझ से दूर...

राजधानी में इन दिनों लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चाएं जोर पकड़ रही हैं। हर गली मोहल्ले में जारी चर्चाओं का रुख प्रत्याशियों के प्रचार के बाद भले ही बदला हुआ दिख रहा हो, लेकिन असल में वोटर का सही रुख किसी के भी समझ में नहीं आ रहा है।

लोगों के बीच जिस राजनैतिक पार्टी का जो प्रत्याशी पहुंचता है, लोग उसे वोट देने की बात तो कह देते हैं, लेकिन हकीकत में बटन किसका दबाया जाएगा, यह अभी तय नहीं दिखाई दे रहा है। ऐसी ही एक चर्चा में शहर के डीआईजी बंगले स्थित एक चाय की



दुकान पर चाय की चुस्कियां लेने वाले संदीप शर्मा, पवन साहू, ओमेंद्र भटनागर और संजय सिसोदिया का कहना है कि हर पार्टी का उम्मीदवार अपनी जीत के लिए लोगों से मेलजोल कर रहा है। अपने स्तर पर प्रचार कर रहा है। भले ही लोग सभी आने वाले को जिताने की बात कह रहे हों, लेकिन इसका फैसला ईवीएम पर पहुंच कर ही करते हैं। बीते कई दिनों से भाजपा, कांग्रेस के अलावा अन्य दलों के लोग जनता में मिलते उठते बैठते दिखाई दे रहे हैं, लेकिन नतीजा किसके पक्ष में आएगा, यह वोटर ही तय करेगा।

## जो हो न सका...

### चालीस साल बाद भी नहीं बन पाया भोपाल गैस त्रासदी का स्मारक, नहीं हुआ कचरे का निपटान

भोपाल गैस त्रासदी के लगभग 40 साल बाद भी स्मारक नहीं बन पाया, जबकि सरकार ने घोषणा की थी कि वह स्मारक बनाएगी। यह भोपाल में बंद हो चुकी यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री के परिसर में बनना था, जहां से 2-3 दिसंबर 1984 की रात को जहरीली गैस निकली थी। इसने संसार की सबसे भयंकर तबाही मचाई थी। जबकि पांच साल पहले तत्कालीन भोपाल गैस त्रासदी राहत और पुनर्वास राज्य मंत्री ने बंद पड़ी फैक्ट्री का निरीक्षण करने के बाद कहा था कि हिरोशिमा मेमोरियल की तरह 1984 की भोपाल गैस त्रासदी का स्मारक बनाया जाएगा। इसको लेकर पहले भी केंद्र व राज्य सरकार के द्वारा इस स्मारक को बनाने के बारे में कई घोषणाएं की गईं, लेकिन उसके आगे कोई काम नहीं हुआ।

**फैक्ट्री में पड़ा हुआ है 10 टन जहरीला कचरा**

कहा गया था कि स्मारक की अवधारणा और योजना पूरी तरह से तैयार है और दो से तीन महीने में काम शुरू हो जाएगा। काम तो शुरू होने की बात अलग है, फैक्ट्री में पड़े 10 टन जहरीले कचरे का निपटान भी नहीं किया गया। इस कचरे को केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से कारखाने में पड़े बचे हुए कचरे को जलाने का अनुरोध करने की बात सामने आई थी, लेकिन न तो कचरा हटा और न ही स्मारक बन पाया। जबकि पिछले तीन दशकों से इस त्रासदी के स्मारक की मांग गैस पीड़ित करते आ रहे हैं।

## मुख्यमंत्री ने किया जबलपुर के संकल्प-पत्र का विमोचन

# समृद्ध और आत्मनिर्भर बनेगा जबलपुर विकास के गढ़ेगा नए सोपानः डॉ. यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

2014 लोकसभा चुनाव में हमने 27 सीटें जीतीं, फिर 2019 के लोकसभा चुनाव में हमने 28 सीटें जीतीं। इस बार 2024 में हम सभी 29 सीटों पर जनता का आशीर्वाद मिलेगा। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को जबलपुर में पत्रकारवार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि जबलपुर में हमने पहले 1 लाख वोट से जीत हासिल की फिर 2 लाख फिर 4 लाख से हम जीते, हर बार हमने जबलपुर में नया इतिहास बनाया। यह जीत सिर्फ जनता के आशीष से होती है। इस बार भी हमें पूर्ण विश्वास है कि जनता प्रधामंत्री मोदी और भाजपा को ऐतिहासिक आशीर्वाद देगी।

यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को जबलपुर में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कही। डॉ. यादव ने यहां भाजपा के जबलपुर संकल्प पत्र का भी विमोचन किया और कहा इस संकल्प-पत्र में हमने जो वादे किये हैं, वो पीएम मोदी की गारंटी है, निश्चित पूरी होगी। जबलपुर के संकल्प-पत्र में समृद्ध विकसित और आत्म निर्भर जबलपुर का वायदा किया गया। इस दौरान कैबिनेट मंत्री राकेश सिंह, भाजपा प्रत्याशी आशीष दुबे सहित भाजपा विधायक, महापौर और पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे। सीएम ने कहा कि लोकतंत्र के इस अश्वमेघ में भाजपा का दिग्विजयी घोड़ा लगातार आगे बढ़ रहा है। भाजपा लगातार नए-नए सोपान तय कर रही है। कमल का फूल विजय का तिलक लगाकर रामनवमी को सार्थक करेगा।




### विपक्ष ने लोकतंत्र को कमजोर किया

डॉ. यादव ने कहा कि आज कांग्रेस श्री राम की बात कर रही है। जब मंदिर आंदोलन चल रहा था, तब कांग्रेस ने हमारी चुनी हुई सरकारों को गिराने का काम किया। विपक्ष ने हमेशा लोकतंत्र को कमजोर करने के लिउ, लोगों को डराने के लिए सब कुछ किया। विपक्ष कहता था राम मंदिर बनेगा तो देश में दंगा होगा, लेकिन पीएम मोदी के नेतृत्व में राम मंदिर बना और सबने राममंदिर का स्वागत किया। यादव ने कहा हम हिन्दू मुसलमान सबको साथ लेकर विकास और शिलान्यास करते हैं। सबका साथ सबका विकास करते हैं।

## मैं नेता नहीं, मामा और भैया हूं, पीएम मोदी ने बनाया अद्भुत भारत

विदिशा के किलेंदर स्थित प्राचीन बालाजी मंदिर में की पूजा-अर्चना

# शिवराज ने कहा- भगवान राम हमारे प्राण हैं, आराध्य हैं, प्रभु श्रीराम के बिना विश्व में भारत की पहचान नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रामनवमी पर विदिशा के किलेंदर स्थित प्राचीन बालाजी मंदिर में प्रभु श्रीराम के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और मंडली के साथ जमीन पर बैठकर भजन गाए। शिवराज ने भजन गाया, जन्म लिए रघु रैया, अवध में बाजे बधाइयां। पूर्व सीएम ने कहा कि राम हमारे अस्तित्व हैं, राम हमारे आराध्य हैं, राम हमारे प्राण हैं, राम हमारे रोम-रोम में रमें हैं, हर सांस में बसें हैं। बिना राम के ये देश पहचाना नहीं जा सकता।

चौहान ने कहा कि मैं भगवान से सिर्फ यही मांगता हूं कि मुझे धन, बल, विद्या, स्वर्ग और मुक्ति नहीं चाहिए, मुझे तो मरने के बाद बार-बार इसी जनता के बीच पैदा करना, ताकि सेवा कर सकूं। जनता की सेवा ही भगवान की पूजा है।

*मंडली के साथ जमीन पर बैठकर गाए प्रभु राम के भजन*




### कांग्रेस समाप्ति की ओर, उसमें कुछ नहीं बचा

पूर्व सीएम शिवराज ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस के कई बड़े नेताओं ने तो चुनाव लड़ने से ही इनकार कर दिया है, क्योंकि उन्हे पता है कि हम हार जाएंगे। अब कांग्रेस समाप्ति की ओर है, कांग्रेस में कुछ नहीं बचा है। इसलिए कांग्रेस के अच्छे विचारवान नेता कांग्रेस छोड़कर देश के विकास के लिए भाजपा में शामिल हो रहे हैं। पूर्व सीएम ने कहा कि कांग्रेस के जो नेता खुद अपना क्षेत्र छोड़कर भाग रहें हों, वो दूसरों को क्या जिताएंगे। चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एक गौरवशाली, वैभवशाली, शक्तिशाली, सम्पन्न और समृद्ध भारत का निर्माण हो रहा है। पीएम मोदी ने अद्भुत भारत बनाया है। पीएम मोदी ऐसे नेता हैं, जिनकी इज्जत पूरी दुनिया करती हैं। ये भारत का सौभाग्य है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हैं।

**'पैसा नहीं, बहनों का मान-सम्मान है'**

*पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं जब सांसद विधायक नहीं था, तब भी बेटियों की शादी करवाता था, लेकिन उस वक्त 21 या 31 बेटियों की ही शादी करवा पाते थे। आप सभी का आशीर्वाद मिला तो मुख्यमंत्री बन गया और कन्या विवाह योजना के तहत लाखों बेटियों की शादी करवाई। ऐसे ही लाड़ली बहना योजना बनाई और एक झटके में 1 करोड़ 32 लाख बहनों के खाते में पैसे डाले। इस योजना ने बहनों की जिंदगी बदल दी। ये पैसा नहीं है, बल्कि बहनों का मान-सम्मान हैं। पूर्व सीएम ने कहा कि लाड़ली बहना योजना ऐसी है कि हर राज्य को लागू करना पड़ेगा। चौहान ने कहा कि नवमी पर एक संकल्प और है कि बहनों को लखपति दीदी बनाना है, लखपति का मतलब घर का कामकाज करते हुए हर बहन की सालाना आय 1 लाख रूपए से ज्यादा हो।*

## पेज एक का शेष

### भगवान श्री राम की...

ही पता चल रहा है कि भगवान सूर्य उदय कर रहे हैं। श्रीराम जन्मभूमि के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने बताया कि इतना ही नहीं, त्रेता युग में भी जब प्रभु राम ने अवतार लिया था तो उस दौरान सूर्य देव एक महीने तक अयोध्या में रुके थे। त्रेता युग का वह दृश्य अब कलयुग में भी साकार हो रहा है। जब हम प्रभु राम की आरती उतार रहे थे और सूर्य देव उनके माथे पर राजतिलक कर रहे थे तो वह दृश्य बहुत अद्भुत दिख रहा था।

### रामलला की आराधना ...

मुझे अयोध्या में रामलला के सूर्य तिलक के अद्भुत और अप्रतिम क्षण को देखने का सौभाग्य मिला। श्रीराम जन्मभूमि का ये बहुप्रतीक्षित क्षण हर किसी के लिए परमानंद का क्षण है। ये सूर्य तिलक, विकसित भारत के हर संकल्प को अपनी दिव्य ऊर्जा से इसी तरह प्रकाशित करेगा। पीएम ने आगे लिखा कि यह सूर्य तिलक हमारे जीवन में ऊर्जा लाए और यह हमारे राष्ट्र को गौरव की नई ऊंचाइयों को छूने के लिए प्रेरित करे।

### जनता छिंदवाड़ा मॉडल ...

हेलीकॉप्टर पर नहीं बैठाया। हमारी 3 माह की सरकार ने निर्णय ले लिया कि इमरजेंसी में जरूरत पड़ने पर आपको हेलीकाप्टर में बैठाकर बड़े अस्पताल इलाज के लिए भेजा जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने छिंदवाड़ा के साथ बालाघाट, डिंडोरी में जनसभाओं को संबोधित किया एवं डिंडौरी में आयोजित रोड शो में हिस्सा लिया। मुख्यमंत्री ने जबलपुर में पत्रकार वार्ता को भी संबोधित किया।

### भगवान राम के मस्तक...

भगवान के मस्तक पर पड़ीं और सूर्य की किरणों से उनका तिलक हुआ। देश की जनता को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वचन दिया था। इसीलिए हमारे अपने वचन के मामले में कहा जाता है कि 'मोदी है तो मुमकिन है।'

### कमलनाथ ने छिंदवाड़ा को ...

उनकी सरकार रही, कमलनाथ खुद मुख्यमंत्री रहे, केंद्र में भी मंत्री रहे, कई पावरफुल पदों पर रहे, लेकिन फिर भी छिंदवाड़ा के लिए कुछ नहीं किया।

### यूएई में बारिश का 75...

*को मूसलाधार बारिश हुई है। जिससे अलग-अलग क्षेत्रों में बाढ़ जैसे हालत बने हुए हैं। यहां उड़ानें और ट्रैफिक बाधित है। बुधवार को यूएई के सभी स्कूल बंद रहे। बताया जा रहा है कि यह क्लाउड सीडिंग के चलते ऐसा हुआ है। क्लाउड सीडिंग या कृत्रिम बारिश में वैज्ञानिक आसमान में सिल्वर आयोडाइड, ड्राई आइस और नमक को बादलों में छोड़ते हैं।*

### मप्र की 6 लोकसभा...

नतीजे 4 जून को आएंगे। मध्य प्रदेश की सीधी, शहडोल, जबलपुर, मंडला, बालाघाट और छिंदवाड़ा सीटों पर वोट डाले जाएंगे। लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र बालाघाट के 3 विधानसभा क्षेत्रों बैहर, लांजी और परसवाड़ा में सुबह 7 से शाम 4 बजे तक ही मतदान होना है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में मतदान समाप्ति के लिए निर्धारित समय के 48 घंटे पहले से चुनाव प्रचार बंद करने का प्रावधान है। प्रचार-प्रसार समाप्त होने की समय-सीमा के बाद बाहरी क्षेत्र के व्यक्तियों को जो उस निर्वाचन क्षेत्र में मतदाता नहीं हैं, उन्हें वह क्षेत्र छोड़ना होता है। इस हेतु सघन अभियान चलाया जाता है।

**इन राज्यों में होंगे पहले चरण के चुनावः** पहले चरण में उत्तर प्रदेश की सहारनपुर, कैराना, मुज्जफनगर, बिजनौर, नगीना, मुरादाबाद, पीलीभीत और रामपुर सीट। राजस्थान की गंगानगर, बीकानेर, चूरू, झुंझुनू, सीकर, जयपुर ग्रामीण, जयपुर, अलवर, भरतपुर, करौली-धौलपुर, दौसा और नागौर। असमः काजीरंगा, सोनितपुर, तखीमपुर, डिबरुगढ़ और जोरहट। बिहार के औरंगाबाद, गया, नवादा और जमुई। महाराष्ट्र के रामटेक, नागपुर, भंडारा-गोंडिया, गढ़चिरौली चिमूर और चंद्रपुर। छत्तीसगढ़ के बस्तर। जम्मू-कश्मीर के ऊधमपुर। अरुणाचल प्रदेश के अरुणाचल पश्चिम, अरुणाचल पूर्व। मेघालय के शिलांग, तुरा। त्रिपुरा पश्चिम, उत्तराखंड के टिहरी गढ़वाल, गढ़वाल, अल्मोड़ा, नैनीताल, उधमसिंह नगर और हरिद्वार। मिजोरम, पुडुचेरी, मणिपुर, लक्षद्वीप, तमिलनाडु, सिक्किम, नगालैंड, अंडमान और निकोबार और पश्चिम बंगाल के कूचबिहार, अलीपुरद्वार और जलपाईगुड़ी लोकसभा सीटें शामिल हैं।

### दिल्ली में कोचिंग के...

टेस्ट दिया। पास हो गई। दिल्ली गई। कोचिंग में दाखिला मिला। नतीजा सामने है। चार साल के संघर्ष के बाद भारती को सफलता मिली। भारती ने 8वी कक्षा तक भोपाल के सेंचुरी कांन्वेंट स्कूल में और फिर कक्षा नवीं में वह अपने मामा भोला साहू के यहां मंडीदीप आ गई और यहां से उसने हाई सेकंडरी की कक्षा उत्तीर्ण की।

भारती के पिता प्रकाश साहू की अच्छी स्थिति न होने के कारण ऑटो चालक के साथ-साथ वह सीजनेबल बाजार भी किया करते थे। उनकी पांच बच्चियां हैं। भारती सबसे बड़ी है। सबसे बड़ी होने पर भारती द्वारा फुटपाथ पर बैठकर दुकान में उनका सहयोग भी करती थी। और दुकान पर भी अपनी तैयारी करती थी। भारती ने बताया कि घर में पर्याप्त जगह न होने के कारण वह लाइब्रेरी में जाकर पढ़ाई करती थी और प्रतिदिन 4 घंटे जाकर वहां अपनी तैयारी की ।

### आर्थिक तंगी से हो गई ...

*रहा। जिसके चलते उसने पीएससी का एग्जाम दिया और उसका प्री निकल जाने पर भारती ने यूपीएससी की तैयारी जारी रखी। इसी दौरान जब आर्थिक परेशानियों की चलते मायूस होने लगी तब उनके द्वारा अस्मिता स्कॉलरशिप जो हिंदी मीडियम के बच्चों को प्रमोट करती है। उसके एग्जाम दिए पर उसमें वह पहली बार में उसको क्वालीफाई नहीं कर पाई। इसके बाद यूपीएससी का प्री निकल जाने के बाद फिर से अस्मिता स्कॉलरशिप का एग्जाम दिया और उसमें चयन होने पर दिल्ली में रहकर यूपीएससी मेंस को क्वालीफाई किया और अस्मिता स्कॉलरशिप के सहयोग से मेंटरशिप ली और इंटरव्यू की तैयारी प्रारंभ कीं।*

**न्यायालय श्रीमान तहसीलदार महोदय तहसील कोलार, भोपाल**
**- उद्घोषणा पत्र -**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका सुश्री श्वेता भोगल पिता/ पति श्री नवरत्न कुमार भोगल निवासी 285, बाग मुगालिया, कोलार, भोपाल द्वारा मध्य प्रदेश भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 110 के अंतर्गत आवेदन प्रस्तुत कर, क्रय किए गए भूखंड क्रमांक 66 (फेज-3), प्रियदर्शिनी गृह निर्माण समिति, भोपाल, 139.86 वर्ग मीटर / 1505 वर्ग फुट को, जिसका कि पंजीकृत विक्रय पत्र ए-1/ 29703/44-51/3641, दि. 15/2/2024, ग्राम बाग मुगालिया, पटवारी हल्का नंबर 42, तहसील हुजूर, जिला भोपाल,नगर निगम वार्ड 54, जनपद पंचायत फंदा मध्य प्रदेश की सीमा है, की भूमि का नामांतरण राजस्व अभिलेखों में आवेदिका के नाम से करने हेतु अनुरोध किया गया है।

इस संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह 26 अप्रैल 2024 तक अथवा इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 10 दिन के भीतर न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता/सकती है। समयावधि के पश्चात प्रस्तुत किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

**नायब तहसीलदार**
**तहसील कोलार वृत भोपाल**

#### जुलूस पर कथित तौर पर बम फेंकने की घटना

# बंगाल में रामनवमी पर फिर हिंसा जुलूस पर हमले में 20 घायल

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

बंगाल में रामनवमी फिर हिंसा हुई है। मुर्शिदाबाद जिले के शक्तिपुर में बुधवार शाम रामनवमी के जुलूस पर कथित तौर पर बम फेंकने की घटना प्रकाश में आई है। इस घटना में 20 लोग जख्मी हो गए, जिसमें एक महिला व दो बच्चे भी शामिल हैं। घायलों को मुर्शिदाबाद मेडिकल कॉलेज और अन्य अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। कथित तौर पर कई दुकानों में खुलेआम लूटपाट की गई है।रामनवमी जुलूस के दौरान शक्तिपुर के अलावा जिले के माणिक्यहार इलाके में भी हमला किया गया। माणिक्यहार इलाके में कई दुकानों में लूटपाट की गई है। उपद्रवियों पर रामनवमी जुलूस पर हमला करने का आरोप है। शक्तिपुर में घर की छत से उपद्रवियों ने जुलूस पर पथराव शुरू कर दिया। इतना ही नहीं जुलूस को निशाना



बनाकर बम भी फेंके गए। गंभीर रूप से घायल एक महिला को मुर्शिदाबाद मेडिकल कालेज अस्पताल लाया गया। बाकी को स्थानीय कर्णसुबर्ण अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि घायलों में दो बच्चे भी शामिल हैं। इलाके में बेहद तनाव की स्थिति है। भारी संख्या में केंद्रीय बल तैनात कर दिए गए हैं। हालांकि, इस मामले में अभी तक पुलिस का आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

#### शहडोल के गोहपारु में हादसा

# चलती बस में लगी आग, 50 यात्रियों ने कूदकर बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहडोल

जिले के गोहपारु थाना क्षेत्र अंतर्गत फॉरेस्ट बैरियर के समीप चलती बस में आग लग गई। किसी तरह उसमें सवार यात्रियों को तो उतार लिया गया। लेकिन बीच सड़क में बस जलकर राख हो गयी। यह घटना बुधवार तड़के साढ़े तीन बजे के आसपास हुई। मनीष ट्रैवल्स की बस रायपुर से इलाहाबाद जा रही थी। बस में करीब 50 यात्री बैठे हुए थे। इस दौरान जब बस गोहपारु बैरियर के पास से गुजरी, तभी अचानक बस का पिछला एक टायर फूट गया। टायर फूटते ही बस में आग लग गई। वन विभाग के बैरियर पर तैनात



रमेश कुशवाहा ने अपने वाहन से बस का पीछा किया और बस ड्राइवर को टार्च की रोशनी से इशारे से आग की जानकारी दी। बस को रोककर यात्रियों को जल्दी उतारा गया, जिससे उनकी जान बच गई। इसके बाद दमकलों को सूचना दी गई लेकिन तब तक बस जलकर खाक हो गई।

#### लंदन हारवर्ड बुक में दर्ज हुई रामलाल की प्रतिरूप

# 13 हजार वर्गफीट में बनी मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम की कलाकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सीहोर

टीम विश्व गुरू द्वारा कुछ अलग कर गुजरने की जो जिद मन में ठानी थी उसे उन्होंने पूरा कर दिखाया और बीते 13 अप्रैल से लगातार रात के समय 50 घंटे की कड़ी मशक्कत कर गिट्टी, पीली मिट्टी, रामरज, सोनडाल व चूने से बनकर तैयार हुई 13 हजार वर्ग फीट में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की कलाकृति को नगरवासियों ने खूब निहारा। इस दौरान भेरुंदा के नगरवासियों ने टीम विश्व गुरू के सभी कलाकारों की भूरी-भूरी प्रशंसा भी की।

नगरवासियों द्वारा लगाए गए असंख्य दीपों से कलाकृति को सजाया गया,जिससे दशहरा मैदान पर दीपावली जैसा नजारा दिखाई दिया। लोग कलाकारों की इस कलाकृति के दर्शन लाभ ले सकें इसके लिए तीन दिनों तक इसे सुरक्षित रखा जाएगा।

अयोध्या में स्थापित रामलला के प्रतिरूप हर जगह देखने को मिल रहे हैं। भैरूंदा में देश की सबसे बड़ी राम रूप की कृति बनाकर तैयार की गई है। यह कृति 13 हजार वर्ग फ़ीट में बनाई गई है। जिसे बनाने में 24 कलाकारों ने मेहनत की है। संभवतः यह कृति रामरूप की सबसे बड़ी कृति है। टीम विश्व गुरू के टीम हेड सीएल मालवीय, देवेंद्र कुशवाह, साक्षी राजपूत व वेदान्त बांके ने बताया कि इस कलाकृति को बनाने में पूरे 50 घंटे से भी अधिक का समय लगा। जिसमें 1 डंपर गिट्टी, 2 डंपर पीली मिट्टी, 2 क्विंटल सोनडाल, 50 किलो रामरज, 4 क्विंटल चूने का उपयोग किया गया है। कलाकृति का निर्माण पूरा होने के बाद टीम द्वारा यहां 1100 दीप जलाकर इसे सजाया गया। इसके बाद भैरूंदा शहर से दशहरा मैदान पर पहुंचे सनातनियों द्वारा यहां असंख्य दीप जलाकर मर्यादा पुरुषोत्तम की महाआरती की।

*तीन दिनों तक इस कलाकृति को सहज कर रखा जाएगा ताकि लोग यहां पर पहुंचकर दर्शन लाभ ले सकें*

*असंख्य दीपों से जगमगाया दशहरा मैदान, देर रात को हुई महाआरती*



### कलाकारों को मिले प्रमाण पत्र

तीसरी बार हैट्रिक लगाते हुए टीम ने भैरूंदा शहर में बनाई गई कलाकृति को भी हारवर्ड बुक में दर्ज कराया। देर शाम को नवा पारायण समिति द्वारा सभी कलाकारों को हारवर्ड से प्राप्त प्रमाण पत्रों को कलाकारों को भेंट कर उन्हें सम्मानित किया गया। ज्ञात रहे कि इसके पहले हरदा में पुराने कपड़ों की कतरन से 12 हजार वर्ग फ़ीट में शहीद भगत सिंह,सुखदेव व राजगुरू तथा अयोध्या में 13 हजार वर्ग फीट में भगवान श्री राम की विभिन्न प्रकार के अनाजों से कलाकृति का निर्माण कर टीम विश्व गुरू दो बार लंदन हारवर्ड बुक में अपना दर्ज कर चुकी थी।

## 100 प्रभावशाली शख्सियतों में आलिया और साक्षी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टाइम्स मैग्जीन ने साल 2024 के 100 सबसे प्रभावशाली शख्सियतों की लिस्ट जारी कर दी है। बुधवार शाम जारी लिस्ट में दो भारतीयों के भी नाम हैं। ओलिंपिक मेडल विजेता साक्षी मलिक और अभिनेत्री आलिया भट्ट को जगह मिली है। साक्षी को भारतीय कुश्ती महासंघ के





पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण पर कथित यौन उत्पीड़न के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी।

# अनंतनाग में आतंकी हमला, बिहार के मजदूर की मौत

एजेंसी ▶▶| श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में बुधवार शाम आतंकी हमला हुआ। इस अटैक में एक गैर-स्थानीय मजदूर की जान चली गई। मृतक की पहचान बिहार के रहने वाले राजा शाह के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक, आतंकियों ने राजा शाह पर क्लोज रेंज से फायरिंग की थी। हमले के दौरान उसे दो गोलियां



लगीं। एक बुलेट उसके गले में लगी, जबकि दूसरी पेट में लगी थी। आनन-फानन उसे घायल अवस्था में अस्पताल ले जाया गया लेकिन वहां उसे बचाया नहीं जा सका। जिस जगह आतंकियों ने उसे निशाना बनाया था, फिलहाल उस इलाके की घेराबंदी कर दी गई है। सुरक्षाबल फिलहाल हमलावरों की धरपकड़ के लिए तलाशी अभियान चला रहे हैं। इस बीच, जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी (डीपीएपी) के मुखिया गुलाम नबी आजाद ने इस हमले की कड़ी निंदा की है।

### अनंतनाग में दो संदिग्ध आतंकी अरेस्ट

इस बीच, अनंतनाग से बुधवार को दो संदिग्ध आतंकी गिरफ्तार किए गए। दोनों के कब्जे से हथियार और गोला-बारूद बरामद किए गए हैं। श्रीनगर में सेना की चिनार कोर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पोस्ट में बताया, "विशिष्ट खुफिया जानकारी पर, 17 अप्रैल को अनंतनाग के नैना, बिजबेहरा में सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस की ओर से संयुक्त अभियान शुरू किया गया था, दो संदिग्ध धरे गए हैं और उनके कब्जे से एक हथियार, एक हथगोला और अन्य सामग्री जब्त की गई।

हरिभूमि क्लासीफाइड
आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
संपर्क सूत्र : 9407279644

**आवश्यकता**

कोमोरी ऑफसेट ऑपरेटर - कोमोरी लिथ्रोन -426,प्रिंटिंग मशीन हेतु कर्मचारियों की अति शीघ्र आवश्यकता है। ऑपरेटर, फिडर मैन, कटिंग मैन, हेल्पर संपर्क - 7566100099- हिन्दुजा ऑफसेट, रायपुर(छत्तीसगढ़)
R- 14/04 to 13/05/24

सिक्योरिटी कंपनी को भारी मात्रा में अनुभवी गार्ड, लेडी गार्ड एवं सुपरवाइजर की आवश्यकता है। आकर्षक वेतन दी जावेगी। तुरंत संपर्क करे। 9630490364, 9993771317
B- 04/04 to 03/05/24

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम VINOD KUMAR MADNANI था। जो कि मेरे पासपोर्ट में दर्ज है। किंतु अब मेरा नाम परिवर्तित होकर VINOD MADNANI हो गया है। अतः अब मुझे मेरे इसी नए नाम VINOD MADNANI S/O NARAYAN DAS MADNANI से ही जाना व पहचाना जाए। ADDRESS : 8, Mayur Market, Ghandhi road, Thatipur, R.K. Puri, Gwalior (M.P.) - 474011

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम MAYUR MANDANI था। जो कि मेरे पासपोर्ट में दर्ज है। किंतु अब मेरा नाम परिवर्तित होकर MAYUR MADNANI हो गया है। अतः अब मुझे मेरे इसी नए नाम MAYUR MADNANI S/O VINOD MADNANI से ही जाना व पहचाना जाए। ADDRESS : 8, Mayur Market, Ghandhi road, Thatipur, R.K. Puri, Gwalior (M.P.) - 474011

**CHANGE OF NAME**

I Army No. 15431331H Rank - Hav, Name Jibin Joy Residing at Manayath, VTC- Upputhodu, P.O.- Perumthotty, District- Idukki State - Kerala, Pin Code - 685609. hereby declare that In my Army records my father name is recorded as Paulose M V , Which is incorrect. In my father's all documents, his name is mentioned as Joy Varghese, Which is correct. So, In future my father name will be known and recognized by Joy Varghese for all purpose. Vide affidavit No. BK 436871 dated 16.04.24 before Bhopal court.

आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार, जाहिर सूचना
@ Rs. 1200/-
साइज (फिक्स) 10X4 cm
अन्य साईज में
@ Rs. 40 sq.cm
1 अप्रैल 2022 से लागू

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।
18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी,धातु का पतलापन,शुगर,बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844
R-28/03 to 12/05/24 not on 17/4

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग
गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंज़िल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

कृत्रिंग अंग (पैर)
कैलिपर, एवं शारिरिक सहायक उपकरण बनायें जाते है।
संपर्क करें- मो.9826350154,6266402502
अजंता रिहैविलिटेशन सेंटर 5/4 संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर न्यू मार्केट के पास भोपाल (म.प्र.)

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे। - व्यावस्थापक

हरिभूमि
रनिंग क्लासीफाइड उठावना, शोक संदेश, जन्मदिन, आमसूचना आम/कोर्ट नोटिस

## राशिफल

**मेष** — मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में परिश्रम अधिक होगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि हो सकती है।

**वृष** — बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि होगी। किसी मित्र से रोजगार कि अवसर मिल सकते हैं। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। वाणी में सौम्यता रहेगी।

**मिथुन** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। माता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। कारोबार की स्थिति में सुधार आएगा। शैक्षिक कार्यों के प्रति सचेत रहें। मन प्रसन्न रहेगा।

**कर्क** — कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। परिवार का साथ मिलेगा, परन्तु स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**सिंह** — माता-पिता का साथ मिलेगा। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**कन्या** — माता-पिता का साथ मिलेगा। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**तुला** — बातचीत में सन्तुलित रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा। क्रोध के अतिरेक से बचें। भाई-बहनों का सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक** — कारोबार से लाभ के अवसर मिलेंगे। कारोबार में वृद्धि होगी। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ेंगे। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं।


**धनु** — वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलन बनाकर रखें।

**मकर** — किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में निवेश कर सकते हैं। अध्ययन में रुचि रहेगी। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों से सम्मान की प्राप्ति हो सकती है।

**कुंभ** — किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि के स्रोत विकसित हो सकते हैं। यात्रा खर्च बढ़ सकते हैं। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं।

**मीन** — कारोबार में परिश्रम अधिक होगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है।

## शब्द पहेली - 5485



**बाएँ से दाए**
1. असभ्यता, मूर्खता-4
3. निर्भय, बहादुर-3
5. प्याला-2
6. सहारा, शरण-3
7. मां का भाई-2
9. साठ वर्ष की अवधि-3
11. परतंत्रता, गुलामी-5
14. दानव, दैत्य-3
16. लूटपाट-4
17. वाद्य यंत्र-2
18. परछाई, छाया-2
19. आदत, स्वभाव(उर्दू-4)
23. जंगल, वन-3
24. सेंधमार-5
27. गजल लिखने वाला-3
28. मोटा आटा, सूजी-2
30. गुलिस्तां, बाग-3
31. एक ग्रह, शनिश्चर-2
32. दबाना, कुचलना-3
33. रोब वाला, ठसके वाला-4

**ऊपर से नीचे**
1. मंत्रों का पाठ-2
2. उद्देश्यहीन-4
3. अनूठा, अनोखा-3
4. लक्ष्मी, कमला-2
5. खीजना, रोना-4
6. एक पौधा, अकुवा, आकड़ा-2
8. दक्ष, होशियार-3
10. जमीकंद, एक सब्जी-3
12. धैर्य, संयम-3
13. अस्थमा-2
15. एक गायिका-3
17. वर्षा ऋतु-3
18. महोदय-3
20. पैंदा, तला-2
21. पुत्र, बेटा-3
22. अवमानना-4
23. नास्तिक (उर्दू-3)
25. करामात-4
26. प्रतिज्ञा-3
27. ठाठ-बाट-2
29. अदालत में प्रस्तुत दावा-2
31. तीर, बाण-2

**शब्द पहेली - 5484 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | अ | स | ह | यो | ग | ■ | अ | दा | व | त |
| र | क्स | ■ | रा | ■ | ग | रु | ड़ | ■ | न | र |
| ख | ■ | स | ना | त | न | ■ | ना | म | ■ | क |
| र | फ्ता | र | ■ | ■ | चुं | गी | ■ | त | म | स |
| खा | ■ | मा | ■ | चा | बी | ■ | सी | ■ | ही | ■ |
| व | ल | या | का | र | ■ | प | रा | या | प | न |
| ■ | क | ■ | या | ■ | का | ल | ■ | द | ■ | क |
| द | वा | त | ■ | भ | ला | ■ | ■ | गा | य | ब |
| र | ■ | र | ज | ■ | बा | जी | ग | र | ■ | ज |
| क | र | ■ | ल | ह | जा | ■ | र्ज | ■ | खा | न |
| ना | जा | य | ज | ■ | र | घु | ना | य | क | ■ |

## सूडोकु नवताल - 5496

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 5 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | 2 | |
| | | 8 | | | | | | 3 |
| | 1 | | | | | | | 8 |
| 5 | | | | 4 | | | | 9 |
| 7 | | | | | | | 6 | |
| 4 | | | | | | 7 | | |
| | 2 | | | | 6 | | | |
| | | 3 | 9 | 8 | | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5495 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 6 | 3 | 5 | 2 | 9 | 1 | 8 |
| 5 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 4 | 3 | 2 |
| 2 | 3 | 1 | 8 | 9 | 4 | 7 | 6 | 5 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 3 | 9 | 2 | 4 | 1 |
| 3 | 2 | 4 | 5 | 1 | 6 | 8 | 7 | 9 |
| 7 | 1 | 9 | 4 | 2 | 8 | 3 | 5 | 6 |
| 8 | 4 | 3 | 2 | 6 | 5 | 1 | 9 | 7 |
| 1 | 5 | 2 | 9 | 4 | 7 | 6 | 8 | 3 |
| 9 | 6 | 7 | 1 | 8 | 3 | 5 | 2 | 4 |

## खबर संक्षेप

### क्रॉम्प्टन ने लांच की एयर कूलर्स की नई रेंज

**मुंबई।** क्रॉम्प्टन ग्रीव्स कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड, उपकरणों में अपनी गुणवत्ता और नए-नए आविष्कारों को लेकर अपनी प्रतिबद्धता के लिए मशहूर कंपनी, ने बेहद खूबसूरती और बेमिसाल स्टाइल से आपके लिविंग स्पेसेस को लगातार नए सिरे से परिभाषित किया है। क्रॉम्प्टन ने अपनी इंडीब्रीज इंडस्ट्रियल कूलर की रेंज लॉन्च कर एक बार फिर अपने कूलिंग सोल्यूशंस में बदलाव किया है।



### वालमार्ट ने लांच किया समर्पित लैंडिंग पेज



**नई दिल्ली।** वालमार्ट ने भारतीय विक्रेताओं के लिए कंपनी की मार्केटप्लेस वेबसाइट वालमार्ट डॉट कॉम पर एक समर्पित लैंडिंग पेज लांच करने की घोषणा की, जिसके माध्यम से वे साइट परपंजीकरण एवंबिक्री कर सकेंगे। साथ ही वालमार्ट ने क्षेत्रीय स्तर पर सम्मेलनों की श्रृंखला शुरू करते हुए आज जयपुर, राजस्थान में पहले वैश्विक विक्रेता सम्मेलन का आयोजन भी किया।

### फालकॉन कॉन्सेप्ट्स का आईपीओ कल खुलेगा

**मुंबई।** फालकॉन कॉन्सेप्ट्स लिमिटेड, गुरुग्राम हरियाणा में मुख्यालय रखने वाली फेसड सिस्टम्स की एक प्रमुख कंपनी ने 19 अप्रैल 2024 को इनिशियल पब्लिक आफरिंग (आईपीओ) के साथ पब्लिक में जाने की अपनी योजना की घोषणा की है। कंपनी के शेयर्स सेट बीएसई एसएमई प्लेटफार्म पर लिस्ट होंगे। इश्यू साइज 10 रुपए प्रत्येक सम भाव पर 19,50,000 इक्विटी शेयर्स तक है। इश्यू 23 अप्रैल 2024 को बंद होगा। इश्यू की लीड मैनेजर नविगेंट कॉरपोरेट एडवाइजर्स लिमिटेड है।

### मोतीलाल ओसवाल ने की आईपीओ की घोषणा

**मुंबई।** मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विस लिमिटेड (एमओएफएसएल) ने 500 करोड़ तक के ग्रीन शू विकल्प के साथ 500 (बेस इशू साइज)रुपए की राशि तक के सुरक्षित प्रतिदेय गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर (एनसीडी) के सार्वजनिक निर्गम की घोषणा की है, जिसका प्रत्येक का अंकित मूल्य 1,000 रुपए है और जो संचयी रूप से 1,000 करोड़ रुपए (इश्यू) तक होगा। एनसीडी की आठ श्रृंखलाएं हैं, जो 24 महीने, 36 महीने, 60 महीने और 120 महीने की अवधियों में वार्षिक, मासिक और परिपक्वता के ब्याज विकल्प मौजूद हैं।

### अमेजॉन फ्रेश ने मैंगो स्टोर लांच किया

**बेंगलुरु।** गर्मियों के इस मौसम में फलों के राजा के साथ अमेजॉन फ्रेश ने मैंगो स्टोर लांच किया है, जो यह सुनिश्चित करता है कि सर्वोत्तम गुणवत्ता वाले फल आपके दरवाजे पर पहुंचाए जाएं। पोषक तत्वों से भरपूर सफेदा से लेकर स्वादिष्ट बादामी, शहद जैसे सिंधुरा और गूदेदार तोतापरी तक, ग्राहक अमेजॉन फ्रेश पर उपलब्ध 20 से अधिक किस्मों के आमों का आनंद ले सकते हैं। फलों की गुणवत्ता, स्वास्थ्य और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, सभी आम कार्बाइड मुक्त होते हैं।

### सिग्निफाई ने 17 हजार लोगों में लाया परिवर्तन

**नई दिल्ली।** सिग्निफाई ने आंध्र प्रदेश के पार्वतीपुरम मण्यम जिले में 61 आदिवासी एवं वंचित गाँवों को एनर्जी एफिशिएंट एलईडी स्ट्रीट लाईटिंग से रोशन किया है, जिससे यहाँ के नागरिकों की सुरक्षा बढ़ेगी। इस प्रोजेक्ट का क्रियान्वयन जमीनी स्तर पर काम करने वाली एनजीओ, जन कल्याण समाख्या के साथ गठबंधन में कंपनी के हर गाँव रोशन सीएसआर कार्यक्रम के अंतर्गत किया गया। कंपनी की इस सीएसआर पहल का उद्देश्य भारत में गाँवों का सस्टेनेबल विकास करना है।

# हाथी ब्रांड कच्ची घानी तेल के नए गोदाम का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

बीपी ऑयल मिल (हाथी मार्का मस्टर्ड ऑयल) ने अपने सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के ग्राहकों एवं डीलरों को और बेहतर सेवा देने के लिए डूमरतराई (जिला-रायपुर) में अपने नए गोदाम का शुभारंभ पूरे विधि-विधान से किया।

इस अवसर पर बीपी ऑयल मिल के निदेशक राघव भगत ने बताया कि हाथी मस्टर्ड ऑयल अपने साथ पीढ़ियों की विरासत और बिना समझौते के गुणवत्ता का वादा करता है। इसे बेहतरीन क्वॉलिटी के मस्टर्ड से पूरी देखभाल और सटीकता से तैयार किया जाता है। राघव भगत ने हाथी मस्टर्ड ऑयल में हमारा मिशन हमेशा अपने ग्राहकों को बेहतरीन और सबसे प्रामाणिक उत्पाद प्रदान करना रहा है, खासकर इस त्यौहारी/शादियों के सीजन के दौरान हर किसी की स्वस्थ जीवनशैली का हिस्सा बनाना हमारा मकसद है।

## हाथी मस्टर्ड ऑयल संजोए हुए है अपने साथ पीढ़ियों की विरासत



### उत्कृष्ट सेवा प्रदान करने का वादा

कार्यक्रम के अंत में कम्पनी के सीएंडएफ एजेंट मेसर्स अरिहंत ट्रेडर्स के गौतम जैन ने सभी को धन्यवाद देते हुए समस्त ग्राहकों को उत्कृष्ट सेवा प्रदान करने का वादा किया। इस अवसर पर कम्पनी के निदेशक राघव भगत, अनिरुद्ध भगत, उद्धव भगत, कंपनी के सेल्स हेड आरडी मिश्रा तथा मार्केटिंग मैनेजर हरिओम मिश्रा व अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### वैज्ञानिक अनुसंधान द्वारा तेल प्रमाणित

उन्होंने बताया कि कच्ची घानी सरसों का तेल वैज्ञानिक अनुसंधान द्वारा प्रमाणित है। हाथी ब्रांड कच्ची घानी सरसों का तेल मोनोअनसैचुरेटेड फैटी एसिड के प्रचुर भंडार के रूप में कार्य करता है, जो एलडीएल (खराब) कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने, रक्त में वसा के स्तर को प्रबंधित करने और रक्त परिसंचरण को बढ़ावा देने में सहायक है। सरसों के तेल के नियमित सेवन से हृदय स्वास्थ्य में काफी सुधार हो सकता है और हृदय संबधी बीमारियों का खतरा कम हो सकता है।

## बाजारों में चहल-पहल, दुकानों पर ग्राहकों की बढ़ती भीड़ से व्यापारी भी बेहद खुश

# वैवाहिक सीजन से बाजार में रौनक आई, खरीदी बढ़ी



वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

एक बार फिर वैवाहिक सीजन शुरू होने से ग्राहकों की भीड़ से बाजार गुलजार हो गए हैं। लोग शादी विवाह की तैयारी में व्यस्त हैं। बाजार से सभी तरह की सामग्री खरीदी जा रही है। कपड़ा, सराफा, बर्तन के अलावा किराना बाजार में भी भीड़ है।

व्यापारियों के मुताबिक इस साल फसलों की उपज भी बेहतर हुई है। इसका असर बाजार में दिख रहा है। 15 अप्रैल से वैवाहिकी मुहूर्त का सिलसिला फिर से शुरू होने से शहर सहित प्रदेशभर में शादियों की धूम है जिसकी बाजारों में चहल-पहल है। दुकानों पर ग्राहकों की बढ़ती भीड़ से व्यापारी भी बेहद खुश हैं।

### एक सप्ताह से बाजार में उछाल आया



फेडरेशन ऑफ राजधानी वस्त्र व्यवसायी संघ के अध्यक्ष श्यामबाबू अग्रवाल का कहना है कि एक सप्ताह से बाजार में उछाल आया है। उन्होंने बताया कि पिछले साल के मुकाबले हर कपड़ा पर कम से कम दस फीसदी का उछाल है। जिन परिवारों में शादी विवाह हैं वे क्षमता के मुताबिक खरीदी कर रहे हैं।

### बर्तन सहित इलेक्ट्रॉनिक आइटमों की मांग

बर्तन व्यापारी सत्यनारायण के अनुसार दुकानों पर विभिन्न प्रकार और डिजाइन के बर्तन की खरीदी की जा रही है। शादी में बर्तन का विशेष महत्व है, ऐसे में महिलाओं द्वारा शादी के लिए जरूरी बर्तनों की खरीदी की जा रही है। बर्तनों में आजकल इलेक्ट्रानिक आइटमों की मांग भी बढ़ रही है। आटोमैटिक और नई-नई रेंज की सामग्री लोगों को ज्यादा पसंद आ रही है।

### कृषि उपज का बेहतर उत्पादन

भोपाल कृषि उपज मंडी स्थित गेहूं कारोबारी संजीव जैन ने कहाकि इस साल गेहूं सहित अन्य तरह की उपज का बेहतर उत्पादन हुआ है। मंडी में भी गेहूं की भाव अच्छे मिल रहे हैं। एक सप्ताह से मंडी में सामान्य दिनों के मुकाबले आवक दोगुनी हो रही है। उपज बिक्री का भुगतान होने से किसान भी खरीदी कर रहे हैं।

### अभी भी बुकिंग का कार्य जारी है

भोपाल टेंट एवं केटरिंग एसोसिएशन के रिंकू भटेजा के अनुसार व्यापारियों के अलावा मैरिज गार्डन, होटल, बैंड बाजा, लाज, घोड़े, वाहन, हलवाई, केटरिंग आदि की बुकिंग जहां पहले हो चुकी है, वहीं अभी भी बुकिंग का कार्य किया जा रहा है। मैरिज गार्डन संचालकों का कहना है कि दो साल बाद यह पहला अवसर है, जब बगैर पाबंदी के बीच आयोजन होंगे।

### परेशानी से बचने के लिए देते हैं शादी-विवाह में भोजन का काम ठेके पर

भेल क्षेत्र, विजय मार्केट बरखेड़ा स्थित मिलन टेंट एंड केटरर्स के रामबाबू शर्मा ने अनुसार इस सीजन के बहुत आर्डर हैं। आजकल लोग परेशानी से बचने के लिए शादी विवाह में भोजन का काम ठेके पर देते हैं। जिससे जहां गुणवत्ता में सुधार होता है, वहीं परेशानियों से निजात मिल जाती है।



### साड़ी, लहंगा-चुनरी, लांचा, गरारे व शरारे में वैवाहिक बिक्री चरम पर

- न्यूमार्केट स्थित विमल साड़ी एम्पोरियम के संचालक नीलेश अग्रवाल के अनुसार वैवाहिक सीजन को लेकर कॉटन साड़ियां, सलवार सूट्स- दुपट्टा, कॉटन की कुर्तियां, लैगिंग, फैशनेबल साड़ियां, लहंगा, चुनरी, लांचा में जोरदार मांग निकली है। जिसका लाभ कपड़ा व्यापारियों को मिल रहा है। उन्होंने बताया कि कपड़ा बाजार में रेडीमेड कपड़ों की बिक्री आए दिन बढ़ती जा रही है। इससे सूटिंग्स की बाजारों में बिक्री सीमित मात्रा में रह गई है।
- सावरियां साड़ी शोरूम के महेश अग्रवाल के अनुसार शादियों का सीजन एक बार फिर शुरू हो जाने से वैवाहिकी मांग के साथ ब्राइडल साड़ियां, लहंगे और दुपट्टे की बिक्री हो रही है। लगन से संबंधित सभी सामानों की खरीदारी लोग कर रहे हैं। इस समय ब्रासो और बनारसी सिल्क साड़ियों की मांग ज्यादा है। महिलाओं का ध्यान गुणवत्ता पर ज्यादा रहता है। अच्छा प्रोडक्ट मिले तो पैसा मिलने में कोई दिक्कत नहीं आती है।
- दीपाली साड़ी के सुमित गर्ग ने बताया कि नवरात्र के साथ वैवाहिक सीजन की खरीदारी की बाजारों में धूम है। शेरवानी, कुर्ता, पायजामा, इंडो वेस्टर्न की बिक्री के साथ ही रोजाना पहने जाने वाले कपड़े पुरुष अधिक पसंद कर रहे हैं। कई कपड़ा विक्रेता कपड़ों पर आकर्षक छूट भी दे रहे हैं। सुमित गर्ग ने कहा कि साड़ी, सूट और लहंगा की मांग अधिक आ रही है। साड़ी और सूट कलेक्शन पर आकर्षक छूट दी जा रही है। सबसे अधिक मांग और बिक्री वैवाहिक सीजन के कपड़ों की है।

## 200 से अधिक विशेषज्ञ हुए शामिल

# रिलायंस फाउंडेशन का 'प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा' पर दो दिवसीय सम्मेलन



एजेंसी ▶▶ मुंबई

रिलायंस फाउंडेशन ने मुंबई में 'बिल्डिंग फ्लोरिशिंग फ्यूचर्स' नाम से एक सम्मेलन आयोजित किया है। इस दो दिवसीय सम्मेलन में सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के 200 से अधिक विशेषज्ञों ने भाग लिया। 'प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा' क्षेत्र से जुड़े, देश-विदेश के इन विशेषज्ञों और शिक्षाविदों ने 'खेल-आधारित शिक्षा' पर अपने अनुभव साझा किए।

यह सम्मेलन मुंबई के धीरूभाई अंबानी इंटरनेशनल स्कूल (डीएआईएस) में आयोजित किया गया।दो दिवसीय सम्मेलन में माता-पिता, शिक्षकों और समुदायों के विकास के लिए नई कार्यशैलियों और दृष्टिकोणों पर विस्तृत चर्चा की गई। भारत की राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 में 'प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा' को लोकप्रिय बनाने और जन-जन तक पहुंचाने का लक्ष्य तय किया गया है। इसी दिशा में वक्ताओं और प्रतिभागियों के लिए 10 मास्टरक्लास, 15 इंटरैक्टिव लर्निंग स्टेशन और 30 स्पीकर सत्रों का आयोजन किया गया।

### ईशा अंबानी ने सम्मेलन के सत्रों में गहरी रूचि दिखाई

रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की निदेशक और धीरूभाई अंबानी इंटरनेशनल स्कूल की वाइस चेयरपर्सन सुश्री ईशा अंबानी ने सम्मेलन के सत्रों में गहरी रूचि दिखाई। कई विषयों पर उन्होंने विशेषज्ञों के साथ चर्चा की और विभिन्न लर्निंग स्टेशनों पर प्रतिभागियों के साथ हिस्सा लिया। मेघालय सरकार के मुख्य सचिव व आईएएस श्री संपत कुमार, द लर्निंग स्क्वायर की सुश्री ऐनी वैन डैम, उम्मीद चाइल्ड डेवलपमेंट सेंटर की डॉ. विभा कृष्णमूर्ति, यूनिसेफ से सुश्री सुनीशा आहूजा और महिला एवं बाल विकास मंत्रालय में एनआईपीसीसीडी की ज्वाइंट डायरेक्टर डॉ. रीता पटनायक मुख्य वक्ताओं में शामिल रहे। सर एचएन रिलायंस फाउंडेशन हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. महेश बालसेकर, धीरूभाई अंबानी इंटरनेशनल स्कूल के डीन और सीईओ श्री अभिमन्यु बसु और रिलायंस फाउंडेशन में एजुकेशन हेड डॉ निलय रंजन जैसे विशेषज्ञों ने भी अपने अनुभव साझा किए।

## त्यौहारी और वैवाहिकी सीजन, भोपाल सहित मध्यप्रदेश में प्रभावित हो रहा व्यापार

### चुनाव के चलते पुलिस हुई सख्त, जगह-जगह वाहनों की चेकिंग

# कारोबारियों ने कहा-आचार संहिता के नाम पर व्यापारियों को परेशान न करें

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

लोकसभा चुनाव की आचार संहिता के बाद भोपाल सहित मध्यप्रदेश की सभी सीमाओं पर पुलिस की सख्ती है। लगातार चेकिंग अभियान चल रहा है। इस चेकिंग अभियान से आम जनता काफी परेशान नजर आ रही है। थाना पुलिस के अलावा यातायात पुलिस भी सभी प्रकार के वाहनों पर कार्रवाई करने में लगे हुए है।

व्यापारियों की शीर्ष संस्था भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष तेजकुलपाल सिंह पाली के अनुसार चुनाव आचार संहिता के चलते के कारोबारियों की अनावश्यक जांच पड़ताल की जा रही है और उनका उत्पीड़न हो रहा है। इस कारण राजधानी भोपाल सहित मध्यप्रदेश में व्यापार प्रभावित हो रहा है।

उनके अनुसार आदर्श चुनाव आचार संहिता के नाम पर व्यापारियों को अनावश्यक कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़े, यह भी सुनिश्चित होना चाहिए। पाली ने कहा कि शहर के व्यापारी गांव-देहात व कस्बा की दुकानों में माल भेजते रहते हैं और समय-समय पर उनके यहां से माल की आपूर्ति के एवज में अपना बकाया पैसे की भी वसूली करते हैं। ऐसे में बकाया राशि वसूली के बाद बड़ी रकम उनके पास जमा हो जाती है और वह अपने तेल, चावल व अन्य आवश्यक समानों को ले जाने वाली वाहनों से बकाया राशि मंगाते है।

इस दरम्यान कई बार उनकी रकम को जब्त कर लिया जाता है। जब्त रकम की कागजात प्रस्तुति के बाद अविलंब राशि विमुक्त किया जाना चाहिए। साथ ही जब्ती के दरम्यान पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी को आवश्यक रूप से कराने की मांग की।

### चौक-चौराहों पर गाड़ियों को रोककर अनावश्यक जांच से व्यापारी परेशान

मध्यप्रदेश एफएमसीजी डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सुनील जैन 501 ने कहा कि इस समय पूरे प्रदेश में रबी की फसल की कटाई चल रही है और किसान गल्ला मंडियों में लेकर आ रहा है। इन मंडियों में किसान व्यापारियों से नगद धनराशि ही लेता है। इस तरह 50 हजार रूपए से अधिक रुपया ले जाना मामूली बात है और जबकि भारत सरकार के आयकर के नियमानुसार एक दिन में दो लाख रुपए नगद का लेन-देन हो सकता है। जैन ने कहा कि प्रदेश का थोक व्यापार 50 प्रतिशत से अधिक नगद बिक्री पर आधारित है, जबकि लोकसभा चुनाव के चलते आचार संहिता लागू होने के दौरान शहर के चौक-चौराहों पर गाडियों को रोककर रूपए की अनावश्यक जांच करने से व्यापारियों को परेशानी हो रही है और भय का माहौल हो गया है। उन्होंने कहा कि व्यापार और व्यापारी हित में इस बात को सुनिश्चित करें और बताएं कि रैण्डम जांच में पकड़ा जाने वाला रुपया अगर किसी राजनीतिक पार्टी के प्रत्याशी का होगा तो उसको जांच के दायरे में लाया या जब्त किया जाय, लेकिन किसी व्यापारी का रुपया न पकड़ा जाए और न ही इस तरह की कोई जांच होनी चाहिए।

### इलायची की नीलामी में गैर लाइसेंसधारी फर्मों के खिलाफ मसाला बोर्ड

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मसाला बोर्ड ने आगाह किया है कि उससे नीलामीकर्ता का लाइसेंस हासिल किए बगैर यदि कोई इलायची में नीलामी आयोजित करता है तो उससे इलायची की खरीद को कार्डमम लाइसेंसिंग एंड मार्केटिंग रूल्स का उल्लंघन माना जाएगा। भले ही यह खरीद लाइसेंस प्राप्त डीलर्स द्वारा की गई हो।

दूसरे शब्दों में कहा जाए तो मसाला बोर्ड ने लाइसेंस प्राप्त डीलर्स को गैर प्राधिकृत व्यापारियों (नीलामी कर्ताओं) से इलायची की खरीद नहीं करने का निर्देश दिया है। उसने उन लोगों (फर्मों) के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है जो बोर्ड से लाइसेंस प्राप्त किए बगैर छोटी इलायची में गैर क़ानूनी ढंग से नीलामी आयोजित कर रहे हैं।

## हिस्सेदारी बढ़ाई, शेयर खरीदने की होड़

# बाबा रामदेव की कंपनी पर फिदा हुए विदेशी निवेशक



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बाबा रामदेव की अगुवाई वाली एफएमसीजी कंपनी पतंजलि फूड्स के शेयर बीते फोकस में थे। कंपनी के शेयरों में लगभग 7 फीसदी की तेजी देखी गई थी और यह 1424.10 रुपए के इंट्रा डे हाई पर पहुंच गया था। शेयरों में इस तेजी के पीछे एक अच्छी खबर है।

दरअसल विदेश निवेश कंपनी जीक्यूजी पार्टनर्स ने मार्च तिमाही में पतंजलि फूड्स में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाई है। जीक्यूजी पार्टनर्स ने मार्च 2024 तिमाही में पतंजलि फूड्स में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाकर 11.48 फीसदी कर दी है। इससे पहले दिसंबर 2023 तिमाही में 3.3 फीसदी हिस्सेदारी थी।

### शेयरों में एक साल में 45 फीसदी की बढ़ोतरी

बाबा रामदेव की अगुवाई वाली एफएमसीजी फर्म के शेयर बीएसई पर 1335.50 रुपए के पिछले बंद स्तर के मुकाबले 6.62 फीसदी बढ़कर 1424.10 रुपए पर पहुंच गए थे। बीएसई पर पतंजलि फूड्स के शेयर 5.41 फीसदी बढ़कर 1407.70 रुपए पर बंद हुए थे। पतंजलि फूड्स के शेयरों में एक साल में 45 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। पिछले छह महीने में स्टॉक 6.57 फीसदी बढ़ गया है। वहीं, इस साल की शुरुआत से 10.40 फीसदी की गिरावट आई है। कंपनी का मार्केट कैप बढ़कर 50,856 करोड़ रुपए हो गया है।

## बिजनेस न्यूज

### बजाज आलियांज की डिजिटल लेन-देन की सुविधा वॉट्सएप पर

**मुंबई।** बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस ने मेटा के साथ साझेदारी के माध्यम से व्हाट्सएप पर प्रीमियम भुगतान का विकल्प पेश किया है। लाखों भारतीय उपभोक्ताओं को जोड़कर, व्हाट्सएप संचार और सेवा के लिए एक लोकप्रिय एप के रूप में सामने आया है। इस लोकप्रियता का लाभ उठाने और ग्राहकों को बेहतरीन सुविधा प्रदान करने के लिए, बजाज आलियांज लाइफ ने व्हाट्सएप के माध्यम से अपनी प्रीमियम भुगतान सेवाओं को अपग्रेड किया है। इस तरह ग्राहक एक ही स्थान पर अपनी पॉलिसी और अपने पेमेंट्स को मैनेज कर सकते हैं। ग्राहक सीधे व्हाट्सएप इंटरफ़ेस के भीतर नेट बैंकिंग, क्रेडिट कार्ड, यूपीआई जैसे विभिन्न पेमेंट मोड के माध्यम से अपने प्रीमियम का भुगतान आसानी से कर सकते हैं।

### जर्मनी के दो विश्वविद्यालयों के सहयोग से आईआईटी शुरू करेगा जेएमपी

**चेन्नई।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्था (आईआईटीएम) ने 'जल संरक्षण और वैश्विक परिवर्तन' विषय पर एक नया ज्वाइंट मास्टर प्रोग्राम (जेएमपी) शुरू करने के लिए दो जर्मन विश्वविद्यालयों-आरडब्ल्यूटीएच आचेन (आरडब्ल्यूटीएच) और टीयू ड्रेसडेन (टीयूडी) से सहयोग करार किया है। इसमें एआईटी, बैंकॉक और यूएनयू-फ्लोरेस का भी सहयोग मिलेगा। प्रोग्राम में नामांकित छात्र तीन विश्वविद्यालयों में पढ़ने का अवसर पाएंगे। आईआईटी मद्रास से शैक्षणिक वर्ष की शुरुआत करेंगे और फिर टीयूडी और आरडब्ल्यूटीएच में कम से कम एक सेमेस्टर की पढ़ाई करेंगे। उन्हें उनकी पसंद के विश्वविद्यालय से मास्टर की थीसिस पूरा करने की सुविधा होगी। प्रोग्राम में आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल 2024 है। पहले बैच की कक्षाएं 29 जुलाई 2024 से शुरू होंगी।

### मप्र की युवा महिला एथलीट्स का समर्थन कर रही है एमजी मोटर

**भोपाल।** एमजी मोटर इंडिया ने खेल प्रोत्साहन पंख अवॉर्ड्स, स्पोर्ट्स अचीवमेंट अवॉर्ड्स में हिस्सा लिया। यह अवॉर्ड मध्यप्रदेश के 18 साल से कम उम्र के यंग एथलिट्स के आउटस्टैंडिंग परफॉर्मेंसेस को मान्यता और सम्मान देता है, जिन्होंने सामाजिक-आर्थिक चुनौतियों का सामना करने के बावजूद एक्सीलेंस/उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया है। इन सम्मानित खिलाड़ियों में से, एमजी ने चार लड़कियों को सपोर्ट दिया है, जिन्हें एमजी सेवा इनिशिएटिव के तत्वावधान में सहायता/समर्थन देने के लिए चयनित किया गया है। एमजी भोपाल के डीलर प्रिंसिपल आर्यमन ठक्कर ने कहा कि हम इन चैंपियंस की पहचान करने में सहयोग करने के लिए खेल प्रोत्साहन पंख अवॉर्ड टीम के आभारी हैं। हम उनकी यात्रा में उनका समर्थन करना चाहते हैं।

### निसान लांच करेगा बैटरियों से लैस ईवी

**नई दिल्ली।** निसान ने कनागावा प्रांत स्थित योकोहामा प्लांट में निर्माणाधीन ऑल-सॉलिड-स्टेट बैटरी पायलट का उद्देश्य बैटरियों के लिए इनोवेटिव मैन्यूफैक्चरिंग टेक्नोलॉजी एवं विकास को बढ़ावा देना है। लंबी अवधि के विजन निसान एंबिशन 2030 के तहत निसान का लक्ष्य वित्त वर्ष 2028 तक इन बैटरियों से लैस ईवी लांच करना है। ऑल-सॉलिड-स्टेट बैटरियां ईवी के लिए गेम चेंजर साबित होंगी। इनमें पारंपरिक लिथियम-आयन बैटरियों की तुलना में करीब दोगुनी एनर्जी डेंसिटी की क्षमता होगी। निसान की योजना पिकअप ट्रक समेत विभिन्न व्हीकल सेग्मेंट में ऑल-सॉलिड-स्टेट बैटरियों का प्रयोग करने की है। इससे ईवी को ज्यादा प्रतिस्पर्धी बनाना संभव होगा।निसान मॉलीक्यूलर-लेवल बैटरी मैटेरियल रिसर्च से लेकर इलेक्ट्रिक व्हीकल डेवलपमेंट और स्टोरेज बैटरी के रूप में ईवी का प्रयोग करते हुए सिटी डेवलपमेंट तक के लिए व्यापक शोध एवं विकास कार्य कर रही है।

### केस कंस्ट्रक्शन ने 20हजारवां वाइब्रेटरी कॉम्पेक्टर का किया उत्पादन

**पीथमपुर।** सीएनएच के एक ब्रांड केस कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट ने मध्य प्रदेश के पीथमपुर में अपनी अत्याधुनिक सुविधा से 20,000 वें वाइब्रेटरी कॉम्पैक्टर का उत्पादन करने की एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। यह सुविधा सीएनएच में वैश्विक स्तर पर केस के कॉम्पेक्टर्स के लिए एकमात्र मैन्युफैक्चरिंग सेंटर है। कंपनी अब अगले साल तक सभी उत्पादों के लिए अपनी उत्पादन क्षमता को 10,000 यूनिट तक बढ़ाने का लक्ष्य लेकर चल रही है, जिससे यह वैश्विक स्तर पर सीएनएच की दूसरी सबसे बड़ी मैन्युफैक्चरिंग फैसेलिटी और केस का सबसे बड़ा एक्सपोर्ट सेंटर बन जाएगी।

### पशुओं की सभी चीजों पर खास डील्स पेश उत्पादों पर छूट

**बेंगलुरु।** अमेजन इन ने नेशनल पेट डे पावर्ड बाय पेडिग्री और ड्रूल्स आयोजित किया जाएगा। अमेजन ने पालतू पशुओं के मालिकों और शौकीनों के लिए एक 'पर्फेक्ट' शॉपिंग गाइड तैयार की है। यह शॉपिंग गाइड पालतू पशुओं के लिए खासतौर पर तैयार की गई है। अमेजन ने पेडिग्री, ड्रूल्स, व्हिस्कस, बार्क आउट लाउड, प्योरपेट, चैप्पी, रॉयल कैनिन, द बड्र्स कंपनी, हिमालय वेलनेस कंपनी जैसे प्रसिद्ध ब्रांडों का एक विशाल संग्रह पेश कर रहा है। ग्राहक को चुनिंदा उत्पादों पर 5 फीसदी की एडिशनल छूट दिया जा रहा है। ग्राहक को न्यूनतम 1500 रुपए की खरीदारी पर 120 रुपए तक का कैशबैक पर मिलेगा।

पश्चिम मध्य रेल
ई-निविदा सूचना-खुली निविदा
टू पैकेट- सिविल इंजीनियरिंग (निर्माण)
भारतसंघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से उप. मुख्य इंजीनियर (निर्माण-II) पश्चिम मध्य रेलवे, सतना निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित करते हैं:- **निविदा संख्या:** डिप्टी.सी.ई.सी-द्वितीय-सतना-02-2024, **कार्य का विवरण:** ललितपुर-सिंगरौली नई लाईन परियोजना के संबंध में सतना-पन्ना खंड के किमी. 70 से किमी. 74.5 के बीच प्रस्तावित फॉरमेशन कार्य, ब्लेंकेटिंग, माइनर ब्रिज, आरयूबी/एलएचएस, अर्थ रिटेनर, ड्रेन पन्ना यार्ड में सब-वे और अन्य सहायक कार्य, **निविदा बन्द होने की तारीख:** 10.05.2024, **अनुमानित लागत:** ₹ 45,14,12,823.20, **नोट:** पूर्ण विवरण वेबसाईट www.ireps.gov.in पर अपलोड की गई ई-निविदा में तथा उप मुख्य अभियंता, पश्चिम मध्य रेलवे, सतना के कार्यालय नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है। ऑफर सिर्फ ई-निविदा के माध्यम से ही स्वीकार किये जायेंगे। ई-निविदा के अतिरिक्त किसी भी अन्य माध्यम से निविदा ऑफर स्वीकार नहीं किये जायेगें।
उप मुख्य इंजीनियर (निर्माण-द्वितीय)
पश्चिम मध्य रेलवे, सतना
स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

चिंतन

# प्रलय को आमंत्रित करना है प्रकृति से छेड़छाड़

लगातार बढ़ रही आबादी और आधुनिक जीवनशैली ने इंसान की जरूरतों में बेतहाशा वृद्धि कर दी है। इन्हीं जरूरतों को पूरा करने के लिए मानव प्रकृति से न केवल छेड़छाड़ कर रहा है, बल्कि उसे तहस नहस करने पर आमादा है। अपनी महत्वाकांक्षा में मानव इतना मगन हो गया है कि उसने प्रकृति की परवाह करना ही छोड़ दिया है। वनों का निरंतर काटा जाना और कंक्रीट के जंगलों का विस्तार, पहाड़ों का सीना चीरना हो या फिर रेगिस्तान में महल बनाना इसी के सबूत हैं। वन भूमि के कटाव को रोकते हैं और बाढ़ की संभावना को कम करते हैं। अब समय-असमय अनेक नदियों में बाढ़ आती है, इसका कारण यही है कि हमने अपने वनों को नष्ट कर दिया है तो नदियों का पानी भी अनियंत्रित हो गया है। ग्लोबल वार्मिंग की समस्या पूरे विश्व के लिए काल बनी हुई है। इसका कारण भी मनुष्य द्वारा बनाए इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों द्वारा उत्सर्जित हानिकारक गैसे हैं, जो वायुमंडल में एकत्रित होकर वायुमंडल के ताप को बढ़ा देती हैं। ग्लोबल वार्मिंग के कारण ग्लेशियर निरंतर पिघलते जा रहे हैं। पहाड़ छोटे होते जा रहे हैं। शहरों में हरियाली कम होती जा रही है। वायुमंडल अस्वच्छ हो रहा है। समुद्र में असमय तूफान आ रहे हैं। इसका कारण भी यही है कि समुद्री जीव भी निरंतर कम होते जा रहे हैं, जो समुद्र के पर्यावरण को संतुलित करके रखते हैं। मनुष्य अपनी महत्वाकांक्षा में उन जीवों का या तो शिकार कर रहा है या फिर मनुष्य द्वारा किए गए कार्यों द्वारा उन जीवों को नुकसान पहुंच रहा है, इसलिए मनुष्य द्वारा प्रकृति से छेड़छाड़ के कारण प्राकृतिक आपदाएं हो रही है। प्रकृति से खिलवाड़ में एक नया शब्द जुड़ा है, क्लाउड सीडिंग। क्लाउड सीडिंग मौसम संशोधन तकनीक है, जो कुछ प्रकार के सबफ्रीज़िंग बादलों में छोटे बर्फ के नाभिकों को शामिल करके बारिश या बर्फ पैदा करने की बादल की क्षमता में सुधार करती है। ये नाभिक बर्फ के टुकड़े बनने के लिए आधार प्रदान करते हैं। क्लाउड सीडिंग होने के बाद, नवगठित बर्फ के टुकड़े तेजी से बढ़ते हैं और बादलों से वापस पृथ्वी की सतह पर गिरते हैं, जिससे स्नोपैक और स्ट्रीमफ्लो बढ़ जाता है और बरसात हो जाती है। कुछ सालों में रेगिस्तान वाले इलाकों में इस तकनीक से बरसात करवाई जा रही है। संयुक्त अरब अमीरात पृथ्वी पर सबसे गर्म और शुष्क क्षेत्रों में से एक में स्थित है। यह देश बारिश को बढ़ाने के लिए क्लाउड सीडिंग तकनीक का उपयोग करने में आगे है। इस तकनीक का मुख्य उद्देश्य बढ़ती आबादी और अर्थव्यवस्था की पानी की मांग को पूरा करना है, जो पर्यटन और अन्य क्षेत्रों में विविधता ला रही है। यूएई ने 2002 में अपना क्लाउड सीडिंग ऑपरेशन शुरू किया। इसमें खास अवधि के दौरान बादलों की संरचना पर ध्यान केंद्रित किया गया, जब इनमें अतिरिक्त वर्षा की संभावना सबसे अधिक होती है। हाल ही में सीडिंग के लिए विमानों को अल-एन हवाई अड्डे से भेजा गया था। इसका परिणाम यह हुआ कि संयुक्त अरब अमीरात और उसके आस-पास के रेगिस्तानी इलाकों में मंगलवार को हुई भारी बारिश ने भयावह स्थिति बना दी। दुनिया के सबसे स्मार्ट शहरों में शुमार दुबई में हर तरफ पानी ही पानी नजर आने लगा। हालत यह हुई कि दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट को बंद करना पड़ गया। शहर के हाईवे पर गाड़ियां पानी में फंस गईं और शॉपिंग माल से लेकर मेट्रो स्टेशन तक पानी घुस गया। यूएई से पहले ओमान के अधिकारियों ने बाढ़ की चेतावनी दी थी और बताया था कि देश में पिछले 75 साल में सबसे ज्यादा बारिश हुई है। हालात ऐसे हो गए कि आसपास के देश भी बाढ़ की चपेट में आ गए। मौसम वैज्ञानिक इसे प्रकृति से ऐसी छेड़छाड़ को धरती के लिए विनाशकारी बता रहे हैं। अभी भी हालात बिगड़े नहीं हैं, लेकिन अगर यूं ही चलता रहा तो हमें प्रलय के लिए तैयार रहना होगा।

सुखद
रविशंकर



# अर्थव्यवस्था को अच्छे मानसून से मिलेगी गति

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने इस साल भारत में 'सामान्य से ज्यादा' मानसून रहने की संभावना जताई है। अल नीना प्रभाव के चलते इस साल देश में मानसून अच्छा रहेगा। अगस्त-सितंबर में अच्छी बारिश होने का अनुमान है। दरअसल अर्थशास्त्री और नीति निर्माता भी मानसून का बेसब्री से इंतजार करते हैं और कामना करते हैं कि देश की अर्थव्यवस्था को रफ्तार देने के लिए अच्छी बारिश हो। मौसम विभाग की भविष्यवाणी यदि सही होती है तो ये देश की अर्थव्यवस्था से लेकर खेती-किसानी के लिए रामबाण हो सकती है। कहा जा रहा है कि मानसून सामान्य रहा तो फसलों की पैदावार अच्छी होगी जो महंगाई को नीचे लाने का काम करेगी। इससे ग्रामीण मांग में भी सुधार आएगा जो अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने में मदद करेगी। अच्छी बारिश का असर खरीफ फसलों के उत्पादन पर पड़ता है, जिससे कुछ खास खाद्य पदार्थों के दाम घट सकते हैं। चावल, बाजरा, रागी, अरहर, मूंगफली, कपास, मक्का, सोयाबीन आदि खरीफ फसलें हैं और इनका उत्पादन अधिकतर अच्छे मानसून पर निर्भर करता है। एक अनुमान के मुताबिक मानसून पर 2 खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था निर्भर करती है और कम से कम 50 प्रतिशत कृषि को पानी वर्षा के जरिए ही हासिल होता है। लगभग 800 मिलियन लोग गांवों में निवास करते हैं और वे कृषि पर ही निर्भर हैं, जो कि भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 14 है। अगर मानसून असफल रहता है तो देश के विकास और अर्थव्यवस्था पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। सामान्य से ऊपर मानसून रहने पर कृषि उत्पादन और किसानों की आय दोनों में बढ़ोतरी होती है, जिससे ग्रामीण बाज़ारों में उत्पादों की मांग को बढ़ावा मिलता है। अच्छी बारिश से उद्योग जगत में भी बहार आती है। खेत से लेकर खाने की टेबल तक एक बड़ी चेन जुड़ी होती है। ऐसे में कमजोर मानसून पूरी वैल्यू चेन को बिगाड़ सकता है। जब वर्ष 2024 में एक अच्छा मानसून संभावित है, तब सरकार को, किसानों को मुस्कराहट देने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को लाभप्रद बनाने के लिए रणनीतिक कदम आगे बढ़ाना चाहिए। माना जा रहा है कि चार महीने की मानसूनी बारिश अर्थव्यवस्था के लिए मरहम साबित हो सकती है। देश की आधे से ज्यादा फसलें इसी मानसूनी बारिश से लहलहाती हैं। फसलों की पैदावार से खाने-पीने की चीजों के दाम तय होते हैं। पैदावार बढ़िया रही तो खाद्य पदार्थों की कीमतें कम रहेंगी। इससे आम आदमी को राहत मिलेगी। मानसूनी बारिश से खरीफ फसलों को लाभ होता है। साथ ही रबी सीजन यानी सर्दियों में बोई जाने वाली फसलों के लिए भी मिट्टी को नमी मिल जाती है। बढ़िया बारिश से देश के जलाशयों में पानी भरता है, जिससे किसानों को खेती के लिए पानी मिल पाता है इतना ही नहीं आरबीआई ब्याज दरें तय करते समय मानसून के प्रदर्शन, खाद्य उत्पादन और महंगाई दर पर ध्यान देता है, इसलिए अच्छे मानसून से ब्याज दरों में भी गिरावट आती है और कर्ज सस्ता होता है। अच्छे मानसून से किसानों की फसल अच्छी होने से क्रयशक्ति बढ़ेगी और उनके बाजारों की तरफ जाने वाले कदम बाजारों की चमक बढ़ाएंगे। वर्तमान समय मे अगर बात करे तो देश के किसानों को खेती करना काफी महंगा पड़ रहा है। बीज, खाद और डीजल के दामों मे तेजी के बाद किसानों के लिए खेती करना बड़ा मुश्किल कर दिया है। किसानों का मानना है कि अब खेती से लागत भी निकलना असंभव सा हो रहा है। ऐसे में खराब मानसून से हालात और जटिल हो सकते हैं। कम पैदावार से अनाज, फल-सब्जी और दूध जैसी रोजमर्रा के इस्तेमाल की चीजों के दाम और बढ़ सकते हैं। लेकिन अच्छे मानसून के कारण जलाशय लबालब भर जाते हैं जो हाइड्रोपावर तथा सिंचाई के लिए अहम हैं। साफ है, जिस तरह मानसून देश की अर्थव्यवस्था के लिए बेहद अहम है उसी तरह कॉरपोरेट कंपनियों से लेकर आम कंज्यूमर तक हर किसी की पर्सनल इनकम और सेविंग्स पर भी इसका गहरा असर पड़ता है। यकीनन देश कीअर्थव्यवस्थाके साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए एक सुकून भरा परिदृश्य उभरकर दिखाई दे रहा है। मॉनसून तो रूरल इकॉनोमी की रीढ़ ही है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# नारे जिन्होंने बदल दिया सियासत का भूगोल



विचार
डॉ. संजय शुक्ला

इन दिनों देश में आम चुनाव की सरगर्मियां तेज है तथा सड़कों से लेकर सोशल मीडिया में विभिन्न राजनीतिक दलों के चुनावी नारों का शोर है। देश में चाहे चुनाव हो या कोई आंदोलन सभी में नारों की भूमिका अहम मानी जाती है। जनमानस में नारों का व्यापक असर आजादी के संघर्ष से लेकर स्वातंत्र्योत्तर भारत के चुनावी राजनीति में रहा है। मनोवैज्ञानिकों के मुताबिक नारे वन लाइनर पंचलाइन होते हैं जो मस्तिष्क पर गहरा असर डालते हैं जो लोगों को काफी समय तक याद रहते हैं। वहीं नारे धर्म, जाति और क्षेत्र के नाम पर बंटे हुए लोगों को एकसाथ लाने का कारगर जरिया भी है। नारों के इतिहास पर गौर करें तो देश के आजादी आंदोलन में महात्मा गांधी से लेकर पहली पंक्ति के नेताओं ने जनता को इस आंदोलन से जोड़ने के लिए अनेक नारे दिए जो आज भी इतिहास में अमिट हैं। इस आंदोलन के दौरान महात्मा गांधी ने 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान 'करो या मरो' का नारा दिया तो पं. जवाहरलाल नेहरू ने 31 दिसंबर 1929 को कांग्रेस के लाहौर अधिवेशन में 'पूर्ण स्वराज्य' और 'आराम हराम है' का उद्घोष किया। इसी आंदोलन में शहीद भगतसिंह ने 'इंकलाब जिंदाबाद' का आवाज बुलंद किया तो नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के 'जय हिंद' और ' तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा' नारे ने लाखों देशवासियों में अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष का जज्बा भर दिया। इसी संघर्ष के दौर में बाल गंगाधर तिलक ने 'स्वराज मेरा जन्म सिद्ध अधिकार इसे मैं लेकर रहूंगा' का प्रण कर देशवासियों के मन में आजादी के प्रति प्रतिज्ञा का भाव जागृत कर दिया। अमर स्वतंत्रता सेनानी लाला लाजपत राय ने 1928 में ब्रिटिश हुकूमत के साइमन कमीशन के खिलाफ मुंबई में 'साइमन गो बैक' का ऐलान कर सेनानियों में जोश भर दिया।

देश की आजादी के बाद राजनीतिक दलों के लिए नारे चुनावी वैतरणी पार करने का सशक्त माध्यम बन गया। देश के चुनावी राजनीति पर नजर डालें तो कोई भी चुनाव बगैर नारों के संपन्न नहीं हुआ बल्कि वर्तमान सोशल मीडिया के दौर में नारों को और भी ज्यादा विस्तार मिला है। मुल्क के सियासी इतिहास पर गौर करें तो कुछ नारों का जूनून लोगों के सर पर चढ़कर इतना बोला कि इसके चलते जनता ने सत्ता और नेता दोनों बदल दिया। पचास के दशक में पूर्व प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू ने 'हिंदी-चीनी भाई-भाई' का नारा दिया जो भारत के लिए विश्वासघाती साबित हुआ। साल 1952 के चुनाव में कांग्रेस ने 'खरो रुपयो चांदी को, राज महात्मा गांधी को' नारा दिया तो कम्युनिस्ट पार्टी ने ' देश की जनता भूखी है, यह आजादी झूठी है' नारा दिया था। साल 1965 में भारत-पाक युद्ध के दौरान जब देश में खाद्यान्न की कमी हो गई तब पूर्व प्रधानमंत्री स्व लालबहादुर शास्त्री ने 'जय जवान, जय किसान' का आव्हान किया जिसने न केवल देश का मनोबल बढ़ाया बल्कि अगले चुनाव में कांग्रेस को जीत भी दिलाया। साल 1998 में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने इसी में शब्द जोड़ते हुए 'जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान' नारा दिया। साठ के दशक में प्रसिद्ध गांधीवादी और समाजवादी नेता डॉ. राममनोहर लोहिया ने नारा दिया 'समाजवादियों ने बांधी गांठ, पिछड़े पावे सौ में साठ' इस नारे की प्रतिध्वनि आज इक्कीसवीं सदी में सुनाई पड़ रही है जब कांग्रेस सहित तमाम विपक्ष जातिगत जनगणना की मांग कर पिछड़ों की सियासत को आगे बढ़ा रहे हैं। 1971 के आम चुनाव में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्रीमती इंदिरा गांधी ने 'गरीबी हटाओ' का नारा दिया जिसने उस चुनाव में कांग्रेस पार्टी को 352 सीटों के साथ भारी जीत दिलाया। इसी कार्यकाल में सर्वोदय नेता जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार के खिलाफ 'संपूर्ण क्रांति' का आगाज हुआ जिसकी परिणति 1975 के आपातकाल के रूप में हुई। इस क्रांति की ही उपज 'सिंहासन खाली करो कि जनता आती है' जैसे नारे रहे हैं। जेपी आंदोलन के बाद देश में अनेक गैर राजनीतिक जन आंदोलन हुए जिसे नारों ने ही जन-जन तक पहुंचाया था। लोकपाल विधेयक की मांग को लेकर 2011 में अन्ना हजारे के अगुवाई में हुए आंदोलन को 'मैं भी अन्ना, तू भी अन्ना...', और 'अन्ना नहीं आंधी है, देश का दूसरा गांधी है' जैसे नारों के लिए याद किया जाएगा। इस आंदोलन के बाद 2012 में दिल्ली में निर्भया के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म और निर्ममता के विरोध में हुए 'निर्भया आंदोलन की आवाज को निर्भया अमर रहे....' और 'भारत माता की जय' जैसे नारों ने सात समंदर पार पहुंचा दिया। गौरतलब है कि उक्त दोनों आंदोलनों ने तब के सत्ता की चूलें हिला दी।



अब सियासी नारों की ओर लौटें तो आपातकाल के दौरान ही कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष देवकांत बरुआ ने 'इंडिया इज इंदिरा, इंदिरा इज इंडिया' नारा देकर नारों को व्यक्तिवादी बना दिया जो सिलसिला आज भी जारी है। इमरजेंसी के बाद जेपी की अगुवाई में 'जनता मोर्चा' का गठन हुआ जिसने 1977 के आम चुनाव में 'इंदिरा हटाओ, देश बचाओ' का नारा बुलंद कर पहली बार दिल्ली की सत्ता से कांग्रेस को रुखसत कर दिया। इसी दौर में 'सिंहासन खाली करो कि जनता आती है' और 'अंधकार में एक प्रकाश, देश का नेता जयप्रकाश' जैसे नारों को जनता ने हाथों-हाथ लिया।

कांग्रेस ने इस चुनाव में 'जब तक सूरज चांद रहेगा इंदिरा तेरा नाम रहेगा' तथा इंदिरा गांधी के भुवनेश्वर में दिए गए अंतिम भाषण 'मैं जीवित रहूं या न रहूं, मेरे खून का एक- एक कतरा इस देश के लिए अर्पित है' को ही इलेक्शन कैंपेन के मुख्य धुरी में रखा। इस चुनाव में कांग्रेस को अभूतपूर्व विजय मिली लेकिन अगले चुनाव के ठीक पहले पार्टी के वरिष्ठ नेता वीपी सिंह ने राजीव सरकार पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कांग्रेस छोड़ दिया। पार्टी छोड़ने के बाद पूरे देश में वीपी सिंह का स्वागत 'राजा नहीं फकीर है, देश की तकदीर है' के नारे से किया गया। इस नारे ने 1989 के आम चुनाव में कांग्रेस को सत्ता से बेदखल कर दिया लेकिन वीपी सिंह की अगुवाई वाली सरकार अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर पाई और अपनों के ही बोझ तले गिर गई। अलबत्ता इस दौर में ही बाद देश में मंडल और कमंडल की राजनीति का उदय हुआ लेकिन 1991 के मध्यावधि चुनाव में दोनों मुद्दे कुछ खास नहीं कर पाई और कांग्रेस की एक बार फिर वापसी हुई। इस चुनाव अभियान के दौरान ही एक आत्मघाती हमले में भारत ने इक्कीसवीं सदी के स्वप्नदृष्टा राजीव गांधी को खो दिया। इसके बाद कांग्रेस ने 'राजीव तेरा ये बलिदान, याद रखेगा हिंदुस्तान' दिया।

इस चुनाव के बाद देश की सियासत मंदिर और मस्जिद की दिशा में मुड़ गई और फिजां में 'जय श्रीराम', 'सौगंध राम की खाते हैं मंदिर वहीं बनाएंगे' और 'बच्चा-बच्चा राम का, रामजन्म भूमि के काम का' जैसे नारों ने धार्मिक वोटों के ध्रुवीकरण को बढ़ा दिया। 1996 के आमचुनाव में 'सबको देखा बारी-बारी, अबकी बार अटल बिहारी' नारे का भी आगाज हुआ। 2004 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने ' इंडिया शाइनिंग' नारा दिया लेकिन यह फ्लॉप साबित हुआ और भाजपा के हाथ से सत्ता छीन गई। 2014 के आम चुनाव आते-आते चुनावों में सोशल मीडिया की भूमिका निर्णायक बन चुकी थी। भाजपा ने अपने प्रधानमंत्री प्रत्याशी नरेंद्र मोदी को बढ़त दिलाने के लिए इस मीडिया का भरपूर इस्तेमाल किया।

आम चुनाव में भाजपा के 'अच्छे दिन आएंगे', 'बहुत हुई महंगाई की मार, अबकी बार मोदी सरकार' जैसे नारे मतदाताओं के सर चढ़कर बोला तो कांग्रेस ने इसके मुकाबले में 'हर हाथ शक्ति, हर हाथ तरक्की' और 'कट्टर सोच नहीं, युवा जोश' जैसे नारों को आगे बढ़ाया। भाजपा ने 2019 के लोकसभा चुनाव के ठीक पहले सोशल मीडिया में 'मैं भी चौकीदार' अभियान को आगे बढ़ाया तो चुनाव में 'मोदी है तो मुमकिन है' और 'अबकी बार फिर मोदी सरकार' पंचलाइन को चुनावी हथियार बनाया। कांग्रेस के 'चौकीदार ही चोर है', 'मोदी हटाओ, देश बचाओ' और 'अब होगा न्याय' जैसे नारे लोगों का भरोसा जीतने में नाकाम रही और मोदी सरकार फिर सत्ता में लौटी।

साल 2019 में छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनाव में भूपेश बघेल की अगुवाई वाली कांग्रेस ने 'परिवर्तन' 'नरवा, गरवा, घुरूवा अऊ बारी, ऐला बचाना हे संगवारी' और 'गढ़बो नवा छत्तीसगढ़' जैसे नारों ने राज्य के पंद्रह साल पुरानी भाजपा सरकार को सत्ता से रुखसत कर दिया। राज्य की राजनीति ने एक बार फिर से करवट ली और 2023 के विधानसभा चुनाव में पीएम मोदी के दिए 'बदलबो-बदलबो ऐ दारी कांग्रेस के सरकार ल बदलबो' नारे ने कांग्रेस को सत्ता से बेदखल कर भाजपा के हाथों राज्य की कमान सौंप दी। इस आम चुनाव में भाजपा ने ' तीसरी बार मोदी सरकार, अबकी बार चार सौ पार' जैसे नारे दिए हैं तो कांग्रेस ने 'हाथ बदलेगा हालात ....' का नारा देकर मोदी की गारंटी पर सवालिया निशान लगाने की कोशिश की है। अब देखना यह होगा कि देश के 97 करोड़ मतदाता आखिरकार किस नारे पर ऐतबार करते हैं? अलबत्ता नारे महज चंद शब्द ही नहीं होते हैं बल्कि इन शब्दों में राजनीतिक भूगोल बदलने की भी ताकत होती है लिहाजा हर चुनाव में नारों का जोर और शोर रहेगा।

## करेंगे दान तो बनेंगे समृद्ध और खुशहाल!



संकलित
दर्शन

एक विवेकशील प्राणी होने के नाते मनुष्य से त्याग की अपेक्षा स्वाभाविक है। वास्तव में मानव का पूर्ण विकास ही त्याग द्वारा संभव है। जो दूसरे के लिए जितना अधिक त्याग कर सकता है, वह उतना ही महान समझा जाता है।राजा हरिश्चंद्र को हम आज भी उनके त्याग के लिए ही तो स्मरण करते हैं। महर्षि दधीचि ने तो एक विराट लक्ष्य के लिए अपनी देह का ही त्याग कर दिया था। वास्तव में हमारे समृद्ध इतिहास में कई विभूतियां तो केवल अपनी त्याग भावना के लिए ही विख्यात हुई हैं। त्याग की भावना का विकास करने के लिए सभी धर्मो में दान की महिमा बताई गई है। कहा जाता है धन का दान करने से धन शुद्ध होता है। आवश्यक नहीं है कि मात्र धनी व्यक्ति ही दान करने में सक्षम हैं, क्योंकि उनके पास किसी वस्तु का अभाव नहीं है। दान की भावना जाग्रत होने पर आप पाएंगे कि आपके पास भी एक अक्षय भंडार है। मात्र धनदान या अन्नदान ही दान नहीं है। हो सकता है कोई व्यक्ति धनहीन हो, परंतु उसके पास एक स्वस्थ एवं निरोग शरीर हो। क्या ऐसे लोगों के लिए श्रमदान विकल्प नहीं है? उनके आसपास कितने अशक्त लोग मिल जाएंगे, जिनकी वे अपनी शारीरिक ऊर्जा से सेवा कर सकते हैं। किसी के कार्य में हाथ बंटा लेना भी श्रमदान है। विद्यादान या ज्ञानदान को तो उत्तम में सवरेत्तम माना गया है। किसी निर्धन बच्चे को निःशुल्क पढ़ा देना भी तो दान ही है। आप किसी भी प्रकार से अभावग्रस्त की सहायता कर सकते हैं, शरीर, मन, बुद्धि, धन और भाव सब उपकरण हैं।


## अनुकरण अच्छा, अंधानुकरण नहीं



संकलित
प्रेरणा

एक गाँव में दो युवक रहते थे। दोनों में बड़ी मैत्री थी। जहाँ जाते साथ-साथ जाते। एक बार दोनों एक धनी व्यक्ति के साथ उसकी ससुराल गए। किसी धनी व्यक्ति के साथ रहने का यह पहला अवसर था, सो वे अपने धनी मित्र की प्रत्येक गतिविधि ध्यान से देखते रहे। गरमियों के दिन थे। रात में उक्त युवक के लिए शयन की व्यवस्था खुले स्थान पर की गई। पर्याप्त शीतलता बनी रहे इसके लिए वहाँ चारों तरफ जल छिड़का गया और रात को ओढ़ने के लिए बहुत ही हलकी मखमली चादर दी गई। अन्य दोनों युवकों ने इतना ही जाना कि इस तरह का रहन-सहन बड़प्पन की बात है। कुछ दिन बाद उन्हें भी अपनी-अपनी ससुराल जाने का अवसर मिला पर वे दिन गरमी के न होकर शीत के थे। नकल तो नकल ही है। दोनों ने अपना बड़प्पन जताने के लिए बिस्तर खुले आकाश के नीचे लगवाया, लोगों के लाख मना करने पर भी उन्होंने बिस्तर के आस-पास पानी भी छिड़कवाया और ओढ़ने के लिए कुल एक-एक चादर वह भी हलकी ली। रात को पाला पड़ गया सो दोनों को निमोनियाँ हो गया । चिकित्सा कराई गई तब कठिनाई से जान बची। इतनी कथा सुनाने के बाद गुरुजी ने शिष्य को समझाया–' तात ! उचित और अनुचित का विचार किए बिना जो औरों का अनुकरण करता है वह मूर्ख ऐसे ही संकट में पड़ता है जैसे वह दोनों युवक।' !

सटाका




आज की पाती

### भगवान राम जी के आदर्श अपनाएं

हम भगवान श्री राम जी का जन्मदिन राम नवमी के रूप में मनाते हैं। जब-जब भी सृष्टि पर पाप बढ़ा है, असुरों के अत्याचार से प्राणी जाति संकट में आई है और सत्य, इनसानियत का पतन होने लगा है, तब-तब भगवान धरती पर किसी न किसी रूप में आए हैं। कभी राम बनके, तो कभी कृष्ण के रूप में। भगवान श्री राम जी ने सृष्टि को रावण के जुल्मों और अत्याचारों से मुक्त करवाया था तो भगवान श्री कृष्ण जी ने कंस के अहंकारवश किए जा रहे गलत कामों से। जब धरती पर रावण के अत्याचार बढ़ने लगे, रावण साधु-संतों को परेशान करने लगा, तब भगवान विष्णु जी ने चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को पुनर्वसु नक्षत्र में भगवान राम जी के रूप में अवतार लिया था। राम नवमी का उत्सव हमें भगवान राम जी के आदर्श अपनाने की प्रेरणा देता है।

*- संजय शर्मा, बिलासपुर*

ट्रेंड

### पीछे नहीं हटूंगा



सूडान के भविष्य के लिए सभी सूडानी लोगों के योगदान, भागीदारी और दूरदर्शिता की आवश्यकता है। मैं बंदूकों को शांत करने और शांतिपूर्ण और सुरक्षित भविष्य के लिए सूडानी लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के अपने आह्वान में पीछे नहीं हटूंगा।

-एंटोनियो गुतरेस, यूएन महासचिव

### एक और मिशन पूरा



डब्ल्यूएचओ और साझेदारों ने उत्तरी गाजा के लिए एक और मिशन पूरा किया। अपनी वर्तमान क्षमता का आकलन करने के लिए फिलिस्तीनी मेडिकल रिलीफ सोसाइटी मेडिकल प्वाइंट, अल-शिफा अस्पताल और इंडोनेशियाई अस्पताल पहुंचे।

-डॉ टेड्रोस, डब्ल्यूएचओ महानिदेशक

### शक्ति को व्यर्थ न जाने दें



18 वर्ष से अधिक आयु के प्रत्येक नागरिक को इस मौलिक अधिकार और जिम्मेदारी का प्रयोग करना चाहिए ताकि वह यह तय कर सके कि अगले पांच वर्षों तक राष्ट्र को कौन आगे ले जाएगा। लोकतांत्रिक प्रक्रिया में निहित इस शक्ति को व्यर्थ न जाने दें या नोटा को चुनें।

-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु

### आप्रवासन के पक्ष में



केवल 3 वर्षों में 36 राज्यों की जनसंख्या से अधिक! मैं खुद एक आप्रवासी होने के नाते कानूनी आप्रवासन के पक्ष में हूं, लेकिन अमेरिका में अवैध रूप से लाखों लोगों को प्रवेश की अनुमति देना पागलपन है।

-एलन मस्क, उद्योगपति

अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

करंट अफेयर


## ईरान पर कार्रवाई करने का निर्णय ले रहा इजराइल



ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड कैमरन ने बुधवार को कहा कि सप्ताहांत में ईरान द्वारा किए गए मिसाइल और ड्रोन हमले के जवाब में इजराइल 'कार्रवाई करने का निर्णय ले रहा है'। इस बीच, ईरान ने चेतावनी दी कि उसके क्षेत्र में किसी छोटे से हमले का भी कठोर जवाब दिया जाएगा। इजराइल ने ईरान के अभूतपूर्व हमले का जवाब देने का संकल्प लिया है लेकिन इस बारे में कुछ नहीं कहा है कि कार्रवाई कब और कैसे की जाएगी। गाजा में जारी युद्ध के चलते महीनों की अशांति के बाद नए घटनाक्रम से क्षेत्र में और अधिक अशांति की आशंका उत्पन्न हो गई है। ईरान के हमले को नाकाम करने में मदद करने वाले इजराइल के सबसे करीबी सहयोगी अमेरिका तथा ब्रिटेन हालात और खराब न होने देने की कोशिश कर रहे हैं। इस बीच, ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी ने वार्षिक सैन्य परेड को संबोधित करते हुए इजराइल को किसी भी जवाबी कार्रवाई को लेकर चेतावनी दी। संभवतः इजराइल की जवाबी कार्रवाई के डर से इस सैन्य परेड का टेलीविजन पर प्रसारण नहीं किया गया। ईरान की आधिकारिक इरना समाचार एजेंसी ने रईसी के हवाले से कहा कि शनिवार का हमला एक सीमित हमला था, और अगर ईरान बड़ा हमला करना चाहता तो इजराइल में कुछ भी नहीं बचता।

ऑफ बीट

## हमें विलुप्त विशाल कंगारू की तीन नई प्रजातियां मिलीं



लाखों वर्षों से, विशाल जानवर या मेगाफ़ौना उन जगहों पर घूमते रहे हैं जो अब ऑस्ट्रेलिया और न्यू गिनी हैं। इनमें कई आधुनिक जानवरों के बहुत बड़े संस्करण थे। उदाहरण के लिए, मेगालानिया (वारानस प्रिस्कस) नामक चार मीटर का गोआना था, जो संभवतः अपने शिकार पर घात लगाकर हमला करता था। यह जानवर लगभग 40,000 साल पहले लाल कंगारू और खारे पानी के मगरमच्छ जैसे अवशेषों को छोड़कर लगभग सभी अन्य मेगाफौना के साथ गायब हो गया था। अब लुप्त हो चुकी कंगारू प्रजातियों में से कुछ काफी विशाल थीं। छोटे मुंह वाला कंगारू प्रोकोप्टोडोन गोलिया तीन मीटर तक लंबा था और इसका वजन 250 किलोग्राम से अधिक रहा होगा। विलुप्त कंगारूओं की एक और प्रजाति थी, प्रोटेमनोडोन, जिनके जीवन के बारे में बहुत कम जानकारी है। एक नए अध्ययन में, मैं और मेरे सहकर्मी इन लुप्त हो चुके मार्सुपियल्स की तीन नई प्रजातियों का वर्णन करते हैं – और इस बात पर कुछ प्रकाश डालते हैं कि वे कहाँ रहते थे और कैसे रहते थे। 150 साल की पहेली प्रोटेमनोडोन की पहली प्रजाति का वर्णन 1874 में ब्रिटिश प्रकृतिवादी रिचर्ड ओवेन द्वारा किया गया था।

## खबर संक्षेप

### इंस्टाग्राम पर दोस्ती के बाद महिला से दुष्कर्म

**भोपाल।** गोविंदपुरा थाना क्षेत्र स्थित बरखेड़ा पठानी में दो बच्चों की मां से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। इस्टाग्राम पर दोस्ती होने के बाद आरोपी बरखेड़ा पठानी निवासी राहुल पाल करीब डेढ़ साल से महिला का दैहिक शोषण कर रहा था। अब महिला ने शादी का दबाव बनाया तो वह मुकर गया। महिला ने घटना की शिकायत बिलखिरिया पुलिस से की थी। शुरुआती घटनास्थल बरखेड़ा पठानी का होने के कारण गोविंदपुरा पुलिस को केस डायरी भेजी गई है।

### विद्यार्थी परिषद के 9 दिनी सेवा कार्य का समापन

**मंडीदीप।** नगर में बुधवार को खेड़ापति मंदिर परिसर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सेवार्थ विद्यार्थी प्रकल्प के माध्यम से चलाए जा रहे 9 दिवसीय नवरात्रि सेवा कार्य का समापन हुआ। नगर मंत्री धनंजय पटेरिया ने बताया कि 9 दिनों तक ठंडे जल, आराम कक्ष एवं निःशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई गई। इस सेवा कार्य में नगर अध्यक्ष जीतू प्रजापति, राजा भोज महाविद्यालय अध्यक्ष श्रद्धा पांडे, रोहित प्रजापति, आर्यन ठाकुर, स्वाति अहिरवार, राशि तिवारी, रवि पटेल, अनुराग दुबे एवं कार्यकर्ताओं ने योगदान दिया।

### सारे काम छोड़कर करने जाएं मतदानः धाड़ी

**औबेदुल्लागंज।** किराना व्यापार संघ अध्यक्ष विक्रम धाड़ी ने कहा कि जनप्रतिनिधि क्षेत्र का जानकार



हो और समर्पित हो। हमें उसी राजनीतिक दल और प्रत्याशी को चुनना चाहिए, जो राष्ट्रहित में समर्पण भाव से कार्य करें। पहले तो यह करना है कि सारे कार्य छोड़कर मतदान केंद्र तक पहुंचकर वोट देना है। लोगों को भी बताना चाहिए कि उनके एक वोट की कितनी अहमियत है।

### चुनावी 'गर्मी' में भाजपा कांग्रेस में माहौल 'ठंडा'

**औबेदुल्लागंज।** भाजपा और कांग्रेस में माहौल ठंडा है। भाजपा मंडल अध्यक्ष नगर पंचायत में चर्चाओं में व्यस्त हैं। इसके कारण उपाध्यक्ष पति और अन्य पार्षद चिंतित है। वरिष्ठ पार्षद राजेंद्र गुड्डू साहू ने बताया कि सोनू चौकसे, सुजीत यादव, सुनील सेरिया और सीएमओ सोनाली शर्मा की चर्चा की उन्हें जानकारी नहीं है। वार्ड 2 के पार्षद नरेश सेठी अब मौन है। प्रतिपक्ष नेता राजेश खटीक ने कहा कि उनका मिजाज ही ऐसा है। वैसे खटीक भी गुफ्तगू के निपुण हैं। वरिष्ठ रामेश्वर नागर पार्षद कभी सक्रिय हो जाते हैं तो कभी चुप्पली साध लेते हैं। वहरहाल आजकल नागर सक्रिय दिख रहे हैं।

### जल संरक्षण संदेश देने निकाली बाइक रैली


**मंडीदीप।** नगर में प्राकृतिक जल स्त्रोतों को सहजने के लिए यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ने प्रदेश स्तरीयजन जागरण बाइक रैली निकाली। प्रदेश स्तरीय प्राकृतिक जल संरक्षण अभियान का शुभारंभ बुधवार को प्राचीन धरोहर बावड़ी पर भोजपुर इकाई चेयरमैन चंद्रशेखर चौकसे ने किया। इस अवसर पर नगर के वरिष्ठ समाजसेवी जगदीश सोनी, छगनलाल तोमर, जगदीश शर्मा, रूप सिंह पहलवान पार्षद ज्ञानसिंह तोमर ने जानकारी साझा की।

### व्यापार संघ में गुटबाजी से बढ़ी परेशानी

**औबेदुल्लागंज।** व्यापार महासंघ के चुनाव के बाद भी इसके नेताओं में गुटबाजी से व्यापारी एक-दूसरे से आगे दौड़ लगाने में लगे हुए हैं। अध्यक्ष जगदीश चंदानी गुटबाजी से परेशान है। आशीष दीक्षित, कैलाश डब्बू नागर, अशोक जैसवाल का भी मामला जम नहीं रहा है। कांग्रेस नेता पंकज नागरानी चुप हैं। सचिव प्रदीप अरोड़ा का कहना है कि मैं तो सब के हित के लिए तैयार हूं। इधर, विवेक मित्तल की नजरें नीरज चावला पर टिकी है। किराना व्यापार संघ अध्यक्ष विक्रम पारंगत है। ढाबा संघ अध्यक्ष देवेंद्र सिंह राजू कहते हैं कि सबका साथ, सबका सम्मान करें। व्यापार संघ मजबूत करें।

# कौशल्या नंदन के जन्मोत्सव पर फूलों से सजे मंदिर, जय श्रीराम के गूंजें जयकारे

- प्रभु श्रीराम का किया अभिषेक हुआ हवन-पूजन
- दोपहर 12 बजे प्रभु का प्रकट उत्सव मनाकर मंगलाचरण आरती की गई
- युवाओं ने दिखाई राम भक्ति



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

नगर में रामनवमी धूमधाम से मनाई गई। राम मंदिरों को फूलों से सजाया गया। वार्ड 4 स्थित श्रीराम-जानकी मंदिर के पुजारी पं. सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि सुबह 5 बजे प्रभुश्री राम का अभिषेक और हवन-पूजन किया गया। सुबह भगवान के स्नान ध्यान के बाद नए वस्त्र अर्पित किए गए। इसके बाद सुंदरकांड का पाठ और दोपहर 12 बजे प्रभु का प्रकट उत्सव मनाकर मंगलाचरण आरती की गई। शाम को भजन संध्या और रात 9 बजे महाआरती के बाद भजन कीर्तन के आयोजन किया गया।

## सकल हिंदू समाज के तत्वावधान में निकाला भव्य चल समारोह



प्रभु श्रीराम के जन्म उत्सव पर वार्ड 24 गज्जू पिपलिया स्थित श्रीराम मंदिर से शाम 4 बजे से सकल हिंदू समाज के तत्वावधान में भव्य चल समारोह निकाला गया। शोभायात्रा में भगवान श्रीराम का दरबार, अखाड़ा, मुम्बई का प्रसिद्ध बैंड, भगवान शंकर की सपरिवार झांकी आकर्षण का केंद्र रही। समारोह स्टेशन रोड मुख्य मार्ग जोड़ से होकर गणेश चौक पहुंचा। जिसका समापन वार्ड 4 स्थित श्री राम जानकी मंदिर में किया गया।

### श्रीराम दरबार, नौ देवियों की झांकी रही आकर्षण का केंद्र

चल समारोह में प्रभु श्रीराम की 8 फीट ऊंची प्रतिमा, श्री राम दरबार, नौ देवियों की सजीव झांकी के साथ पांच डीजे, 50 बैंड, अखाड़ा और भूत बारात सम्मिलित रही। इस दौरान शोभायात्रा में बड़ी संख्या में नगर का जनसैलाब उमड़ा। युवा भगवान राम के भजनों पर नाचते हुए नजर आए।



### नवमीं पर जगह-जगह हुए हवन, कन्या पूजन और भंडारे

नवरात्रि के आखिरी दिन मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। सुबह से दोपहर 12 बजे तक श्रद्धालु खेड़ापति माता मंदिर, सतलापुर खेड़ापति माता मंदिर, वार्ड नंबर 9 दुर्गा मंदिर, पटेल नगर दुर्गा मंदिर सहित अन्य स्थानों पर विशेष पूजा-अर्चना करने पहुंचे। जगह-जगह हवन, कन्या पूजन और भंडारे किए गए।

### नवरात्रि के समापन पर ज्वारे का विसर्जन

नवरात्रि के समापन के बाद ज्वारों की विसर्जन यात्रा निकाली गई। दूर-दराज से भक्त देवी दरबार पहुंचे। वहां पूजन किया गया। मां को ज्वारे अर्पित किए गए। इसके बाद नदी, तालाब, पोखरों में उन्हें विसर्जित किया गया। जगह-जगह ज्वारों का पूजन किया गया। लोगों ने फूलों की बारिश की। आरती उतारी।

## हत्या के दौरान प्रेमिका ने पकड़े थे महिला के दोनों हाथ

# प्रेमिका के साथ आपत्तिजनक स्थिति में देखा तो पत्नी को गला दबाकर उतारा मौत के घाट

- घर लौट रही पत्नी का नाले के पास लकड़ी से दबाया गला
- देहलान में खाट पर लाकर ठिकाने लगा दिया था शव
- बैरसिया के रमपुरा खुर्द गांव में हुए हत्याकांड का खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बैरसिया थाना क्षेत्र में 15 अप्रैल सोमवार सुबह रमपुरा खुर्द गांव में हुए हत्याकांड का खुलासा कर दिया है। हत्या किसी और ने नहीं, बल्कि पति ने प्रेमिका के साथ मिलकर की थी। दरअसल, पत्नी ने पति को प्रेमिका के साथ हमबिस्तर होते हुए देख लिया था। पत्नी ने पति और प्रेमिका का विरोध किया तो दोनों ने मिलकर उसे मौत के घाट उतार दिया था। पति ने लकड़ी से पत्नी का गला दबाया, जबकि प्रेमिका ने उसके हाथ पकड़े थे। जब वह मर गई तो आरोपियों ने उसे देहलान में रखी खटिया पर लाकर लेटा दिया था।

एसपी प्रमोद सिन्हा ने बताया कि 15 अप्रैल को गांव के कोटवार ने पुलिस को सूचना थी कि ग्राम रमपुराखुर्द निवासी 30 साल की वैजंती बाई पति सौदान सिंह अहिरवार की मौत हो गई। उसका शव देहलान में खटिया पर पड़ा है। पुलिस ने शव का पीएम कराया। पीएम में उसकी गला दबाकर हत्या का खुलासा हुआ। पति सौदान सिंह से पुलिस ने प्रारंभिक पूछताछ की। उसने बताया कि करीब 12 साल पहले



मृतका वैजंती



आरोपी सौदान

उसकी वैजंती बाई से शादी हुई थी। वह मजदूरी करता है। सौदान और वैजंती बाई के चार बच्चे हैं। रविवार रात करीब 11 बजे के आसपास वैजंती ने खाना खाया। इसके बाद सो गई। सुबह बच्चों ने उन्हें नींद से जगाने का प्रयास किया, लेकिन शरीर में कोई हलचल नहीं हो रही थी। सौदान सिंह के बयानों पर संदेह बढ़ने पर पुलिस ने उससे सख्ती से पूछताछ शुरू की। तब उसने पत्नी की हत्या करना कबूल लिया।

### विधवा से थे अवैध संबंध, पत्नी को रास्ते से हटाया

सौदान सिंह ने बताया कि 14 अप्रैल की रात करीब साढ़े 11 बजे वह गांव में रहने वाली विधवा प्रेमिका के घर था। इसी बीच उसकी पत्नी पहुंच गई। वह विवाद करने लगी, तभी सौदान ने अपनी प्रेमिका के साथ मिलकर वैजंती बाई को रास्ते से हटाने की योजना बना ली। विवाद के बाद पत्नी घर से बाहर निकली थी, तभी आरोपियों ने उसे नाले के पास रोक लिया। इसके बाद सौदान सिंह ने घटनास्थल के पास ही लकड़ी से उसका गला दबा दिया। जबकि उसकी प्रेमिका ने वैजंती बाई का हाथ पकड़े थे। गला दबाने से वैजंतीबाई की मौत हो गई तो आरोपी उसे लेकर घर की देहलान पर पहुंचे और खटिया पर शव लिटा दिया, ताकि लगे की उसकी आकस्मिक मौत हुई है।

### ग्रामीणों के गले नहीं उतरी घटना

कम उम्र में वैजंतीबाई की एकाएक मौत की खबर ग्रामीणों के गले नहीं उतरी। गांव के कोटवार ने पुलिस को वैजंतीबाई की मौत की जानकारी दी थी। पुलिस को घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद से ही मामला संदिग्ध लग रहा था। पुलिस ने बताया कि विधवा महिला के पति की करीब दो साल पहले मौत हो चुकी है। करीब एक साल से आरोपी सौदान सिंह उसके करीब आया।

### छत पर लोहा बांधते समय करंट से झुलसा युवक, मौत

बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित बागमुगलिया में निर्माणाधीन की छत पर काम करते समय एक मजदूर हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया। उसे करंट का इतना तगड़ा झटका लगा था कि उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हालांकि साथी उसे अस्पताल लेकर पहुंचे थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस के अनुसार आकाश पवार पिता संजू पवार (20) बागमुगलिया में रहता था। वह लोहा बंधाई का काम करता था। मोहल्ले में ही दो घर छोड़कर उसका मकान है। उस मकान पर मंगलवार को छत डालने के लिए लोहे की बंधाई चल रही थी। मंगलवार सुबह आकाश छत पर चढ़कर लोहे की बंधाई कर रहा था। इस दौरान पास से गुजर रही हाइटेंशन लाइन की चपेट में आ गया।

### बाइक फिसलने से घायल युवक की मौत

रातीबड़ थाना क्षेत्र स्थित सूरज नगर में बाइक फिसलने से घायल हुए युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। गत 15 अप्रैल की सुबह 11 बजे के आसपास सूरज नगर के पास उसका एक्सीडेंट हुआ था। इसके बाद से ही वह बेहोश था। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार, मनराज पिता राजभान कोल (24) स्टेट डेयरी के पास, रहता था और वहीं काम करता था। गत 15 अप्रैल की सुबह वह अपने मामा अरुण रावत से बाइक मांगकर ले गया था। उसने मामा से कहा था कि रीवा में रहने वाले भाई के खाते में रुपए ट्रांसफर करना है। इसके बाद सूरज नगर के पास उसकी बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। उसे एंबुलेंस अस्पताल लेकर पहुंची थी। वहां उसका इलाज चल रहा था। गंभीर चोट होने के कारण उसे होश नहीं आया था। मंगलवार रात करीब दस बजे के आसपास उसकी मौत हो गई।

### तालाब में कूदकर नव विवाहिता ने दी जान

कोहेफिजा थाना क्षेत्र स्थित वीआईपी रोड पर करबला के पास तालाब में एक युवती की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। मृतका 14 अप्रैल से जहांगीराबाद से लापता हुई थी। परिजन ने जहांगीराबाद थाने में उसकी गुमशुदगी भी दर्ज कराई थी। पुलिस के अनुसार, शिरिन पति मोहम्मद रिहान (19) वशुंधरा कॉलोनी टीलजमालपुरा में रहती थी। उसकी पांच महीने पहले ही रिहान से शादी हुई थी। परिजन ने बताया कि शिरिन का मानसिक संतुलन बिगड़ा हुआ था। उसकी मां उसे 14 अप्रैल की दोपहर जहांगीराबाद किसी के पास झाड़फूंक कराने लाई थी। इस दौरान शिरिन हाथ छुड़ाकर निकल गई थी। उसकी तलाश की गई, पर उसका पता नहीं लग सका। लिहाजा उसी दिन शाम को परिजन ने जहांगीराबाद थाने में शिरिन की गुमशुदगी दर्ज करा दी। मंगलवार सुबह गोतखोरों ने एक युवती की लाश तालाब में देखी और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतका की पहचान शिरिन पति मोहम्मद रिहान (19) निवासी वशुंधरा कॉलोनी टीलाजमालपुरा के रूप में कर ली।

### पोकलेन मशीन ऑपरेटर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

सूखी सेवनिया थाना क्षेत्र स्थित ओंमकारा सेवनिया के पास बाइक सवार युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मंगलवार शाम वह पिपरिया जाहिर पीर स्थित क्रेशर खदान से काम करके खाना खाने के लिए निकला था। इसके बाद उसकी लाश सड़क पर पड़ी मिली। लाश से कुछ दूरी पर उसकी बाइक भी पड़ी मिली है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस पीएम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। पुलिस के अनुसार दुर्गा नगर कोलार निवासी कमल सिंह लोधी (37) सूखी सेवनिया के पिपरिया जाहिर पीर स्थित क्रेशर खदान में पोकलेन मशीन चलाता था। पिछले 5 दिन से वह काम पर नहीं गया था। मंगलवार वह काम पर पहुंचा। काम करने के बाद देर शाम वह खाना खाने के लिए अपनी बाइक से खदान से निकला था। इसके बाद उसे ओंमकारा सेवनिया के पास मुख्य सड़क पर बेसुध पड़ा देखा गया। उसकी बाइक भी उससे कुछ दूरी पर पड़ी थी। वहां से गुजर रहे क्रेशर के कुछ कर्मचारियों ने कमल सिंह को वहां पड़ा देखकर अस्पताल भिजवाया था, लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने बताया कि मृतक के बाएं पैर के अलावा शरीर के अन्य किसी हिस्से पर चोट के निशान नहीं मिले हैं। शरीर के अन्य किसी हिस्से में चोट नहीं होने से मामला संदिग्ध लग रहा है। पुलिस का कहना है कि शार्ट पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा। यह भी बताया जा रहा है कि कमल सिंह को शुगर थी और वह भी काफी बढ़ी हुई थी। अनुमान है कि गाड़ी चलाते समय उसे चक्कर आया होगा।

### अज्ञात कार ने बाइक सवार सेल्समैन को मारी टक्कर, मौत

**भोपाल।** पिपलानी थाना क्षेत्र स्थित खजूरी सड़क रोड पर चर्च के पास अज्ञात कार ने बाइक सवार सेल्समैन को टक्कर मार दी। हादसे के बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया था, वहां इलाज के दौरान बुधवार सुबह उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस टक्कर मारने वाली कार और चालक की तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार देवेंद्र रैकवार पिता मूलचंद रैकवार (45) संयुक्त विहार कॉलोनी, अवधपुरी में रहते थे और गरम मशाला कंपनी में काम करते थे। वे कंपनी के लिए सेल्समैन का काम करते थे। मंगलवार शाम वह बाइक से खजूरी सड़क रोड पर निकले थे। चर्च के पास पहुंचते ही मंगलवार दोपहर करीब तीन बजे के आसपास उनकी बाइक को पीछे से आ रही कार ने टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल देवेंद्र को एंबुलेंस अस्पताल लेकर पहुंची, वहां इलाज के दौरान बुधवार सुबह उनकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि देवेंद्र रैकवार की पत्नी की कोराना काल में मृत्यु हो गई थी। परिवार में केवल उनकी बेटी ही है।

### पत्नी को तीन बार तलाक कहकर संबंध किए खत्म

**भोपाल।** निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित जनता क्वार्टर में अपने ससुराल पहुंचे मैकेनिक ने पत्नी को तीन बार तलाक कहकर संबंध खत्म कर दिए। ससुराल पक्ष ने उसे समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह मानने को तैयार नहीं था। लिहाजा पीड़िता ने थाने पहुंचकर शिकायत की। पुलिस ने शिकायत पर दहेज प्रताड़ना और मुस्लिम विवाह संरक्षण अधिनियम की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एएसआई नरेंद्र सिंह सेंगर ने बताया कि फौजिया अली (31) जनता नगर करोंद में रहती हैं। उसकी शादी रफीकिया स्कूल के पास शाहजहानांबाद निवासी मोहम्मद जावेद से हुई थी। जावेद और फौजिया के दो बच्चे हैं। एक दस साल का जबकि दूसरा दूधमुहा बच्चा है। 11 अप्रैल को ईद पर फौजिया बच्चों को लेकर अपने मायके जनता क्वार्टर आई थी। 13 अप्रैल को जावेद जनता क्वार्टर पहुंचा और पत्नी से विवाद करने लगा। इस दौरान उसने पत्नी को तीन बार तलाक कहा और संबंध खत्म करते हुए लौट गया। उसे परिजन ने समझाने का प्रयास किया था, लेकिन वह मानने को तैयार नहीं था। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि पति जावेद उसे पांच लाख रुपए की मांग करते हुए प्रताड़ित कर रहा था। रुपए नहीं देने पर तीन तलाक कहकर संबंध खत्म कर दिए।

## धाकड़ नागर समाज का 37वां आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन 26 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

धाकड़ नागर समाज का 37वां आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन



26 अप्रैल को होगा। इसके लिए भव्य तैयारी जोरों पर है। अध्यक्ष सुभाष नागर एडवोकेट समाज अध्यक्ष मोहन पटेल पारखेड़ी, भाजपा नेता तेज सिंह नागर, पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र नागर, विश्वेंद्र पटेल, व्यापार महासंघ सचिव और सम्मेलन सचिव राजू पटेल, कुंवर सिंह नागर, नरेंद्र नागर, प्रेम तालाब एडवोकेट, महेंद्र धाकड़, व्यापार महासंघ के संचालक कैलाश डब्बू नागर, सचिव रवि नागर, फॉरेस्ट उपाध्यक्ष महेंद्र पटेल, कोषाध्यक्ष राजमल नागर, पूर्व पार्षद उमेश नागर, दीपेश नागर ने बताया कि सम्मेलन के लिए वर वधू का रजिस्ट्रेशन शुरू है। अभी 16 जोड़ों का रजिस्ट्रेशन हो चुका है।

इस विशाल सम्मेलन में पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, विधायक सुरेंद्र पटवा, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, राजकुमार पटेल, प्रताप भानु शर्मा, देपालपुर विधायक मनोज पटेल, हाईकोर्ट एडवोकेट विजय धाकड़ आदि आमंत्रित है।

### रामनवमीं पर सेंगर परिवार ने बांटा प्रसाद



**औबेदुल्लागंज।** रामनवमी पर भोपाल रोड बिसनखेड़ा टोल नाके के पास निशिता पेट्रोल पंप ने श्रद्धालुओं को छोले-हलवा और ठंडे जल का वितरण किया। निशिता पेट्रोल पंप संचालक प्रदीप सेंगर ने बताया कि 6 वर्षों से नवरात्रि पर खिचड़ी, नमकीन, खीर उनकी धर्मपत्नी रश्मि सेंगर, माता उषा सेंगर सहित बच्चों स्वयं बनाकर भक्तों को खुद वितरित करते हैं। रश्मि, ऊषा सेंगर बताती हैं कि प्रसाद देने से आनंद की अनुभूति होती है।



### श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ प्रारंभ

**औबेदुल्लागंज।** ग्राम धाम धूसर में बुधवार से श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का प्रारंभ हुआ। यह आयोजन 23 अप्रैल तक होगा। कथावाचक पं. राजेश तेनगुरिया ने मंगल कलश यात्रा एवं मंडप प्रवेश करा कर कथा प्रारंभ की। कथा प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से 5 तक होगी। कांता पटेल ने बताया कि कथा ज्ञान यज्ञ अध्यक्ष हनुमान महाराज, संरक्षक विष्णु, कोषाध्यक्ष गणेश महाराज आदि ने धर्म लाभ लेने का आग्रह किया। पं. तेनगुरिया ने कहा कि धर्म करना, दान देना और कथा करना पुण्य का कार्य है। भागवत कथा सुनने मात्र से कई कष्ट दूर हो जाते हैं।



### नवरात्रि में प्रज्ज्वलित रही ज्योत, गूंजे भजन

जिला मीडिया प्रभारी आरती यादव के घर नवरात्रि में ज्योत 9 दिन तक प्रज्जवलित रही। भजन-कीर्तन किया गया। बुधवार को इसका समापन हुआ। इस दौरान हुई बैठक में महिला मोर्चा की सदस्यों और प्रभात फेरी मंडल की बहनों ने मिलकर लोकसभा चुनाव पर भी चर्चा की। घर-घर संदेश पहुंचाया कि लोस चुनाव के लिए जुट जाए। बैठक में विद्या अग्रवाल, हेमलता चौरसिया, प्रियंका गुप्ता, रेखा कपूर, पूजा लोधी, राधा मालवीय, राधा कुशवाहा, माया मालवीय, प्रीति चौधरी, जानकी बाई, माया राय आदि उपस्थित रही। आरती ने कहा कि भजन के माध्यम से लोकसभा चुनाव में मतदान का प्रचार किया जाना है।

## एक करोड़ 24 लाख से अधिक मूल्य के नशीले पदार्थ, मुफ्त उपहार पकड़ाए

# एक माह में जब्त किए 59 लाख 74 हजार रु.

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लोकसभा चुनाव के दौरान भोपाल संसदीय क्षेत्र में 16 मार्च से आचार संहिता लागू है। जिसके बाद से निर्वाचन आयोग ने तय किए गए नियमों का सभी को पालन करना आवश्यक है। साथ ही जिला प्रशासन, पुलिस, आबकारी विभाग, एफएसटी (फ्लाइंग स्क्वाड टीम), एसएसटी (स्टेटिक सर्विलांस टीम) दलों ने निरंतर वाहनों की तलाशी, ढाबा, रेस्टोरेंट, होटल पर छापे सहित अन्य कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई के दौरान दलों ने एक करोड़ 24 लाख से अधिक मूल्य की अवैध शराब, नशीला पदार्थ, मुफ्त उपहार और नकदी रुपए जब्त किए हैं। इनमें दलों के द्वारा 59 लाख 74 हजार नकदी, 57 लाख 59 हजार 855 रुपए की अवैध शराब, छह लाख 18 हजार 900 रुपए के नशीले पदार्थ और 65 हजार रुपए के मुफ्त उपहार बरामद किए हैं। पुलिस टीमों ने कार्रवाई करते हुए 93 लाख नौ हजार 856 रुपए की सामग्री जब्त की है। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि जिन लोगों के पास नगद राशि के संबंध में प्रूफ है, वह कमेटी के समझ अपने दस्तावेज रख सकते हैं।



### आलोक आज भरेंगे पर्चा सीएम, वीडी रहेंगे साथ



भोपाल से भाजपा उम्मीदवार आलोक शर्मा शुक्रवार दोपहर 12 बजे नामांकन भरने जाएंगे। उनके साथ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा और पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भी मौजूद रहेंगे। सुबह साढ़े दस बजे शर्मा के समर्थन में भवानी चौक पर चुनावी सभा होगी। इसे सीएम, प्रदेशाध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री संबोधित करेंगे। शर्मा कर्फ्यू वाली माता से आशीर्वाद लेने के बाद रैली लेकर कलेक्टोरेट तक पर्चा दाखिल करने जाएंगे। 16 अप्रैल तक कांग्रेस उम्मीदवार अरुण श्रीवास्तव सहित 11 उम्मीदवार पर्चे दाखिल कर चुके हैं।

## बाइक चलाने के शौक ने बना दिया चोर

# शातिर वाहन चोर गिरफ्तार, 12 दो पहिया वाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

निशातपुरा पुलिस ने शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी के दर्जनभर दो पहिया वाहन जब्त किए है। आरोपी बाइक चलाने का शौकीन था। इसी शौक ने उसे चोर बना दिया और वह बाइक समेत दो पहिया वाहन चोरी करने लगा था।

> ▸ वी-मार्ट के सामने पार्किंग से चोरी की थी बाइक, निशातपुरा पुलिस ने किया गिरफ्तार

पुलिस के अनुसार 8 अप्रैल को वी-मार्ट के सामने पार्किंग से एक बाइक चोरी हुई थी। उक्त बाइक के मालिक संजय शर्मा ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई।

पुलिस ने वी-मार्ट के पास सहित करीब 50 से अधिक सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाले तो एक संदिग्ध नजर आया। कैमरे के फुटेज के आधार पर पुलिस ने रूटमैप तैयार किया और शांति अपार्टमेंट के पीछे निर्माणाधीन कॉलोनी के मैदान से आरोपी को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार कर लिया।

### रायसेन में भी चुराई गाड़ी

पुलिस आरोपी को थाने लेकर पहुंची और पूछताछ की। पूछताछ में उसने भोपाल शहर और बेगमगंज, रायसेन से 13 दो पहिया वाहन चोरी की घटना स्वीकार की। आरोपी दो वाहन बेगमगंज निवासी नरेन्द्र लोधी को बेचने की बात कही है। आरोपी की निशादेही पर अब तक कुल 12 दो पहिया वाहन जब्त किए गए हैं। आरोपी की पहचान रहीस यादव पिता मातादिन यादव (32) ग्राम सतलौन, जिला दतिया के रूप में की गई। आरोपी हाल ही में रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नबंर 1 के शेड में रहता था। उसने बताया कि उसे बाइक चलाने का शौक था। इसलिए वह दो पहिया वाहन चुराता था।






# लोकसभा चुनाव 2014 में 'आशा', 2019 में 'विश्वास' ने हासिल की विजयश्री, अब 'मोदी गारंटी' लेकर आए हैं पीएम नरेंद्र मोदी

पीएम मोदी ने नलबाड़ी और अगरतला में की चुनावी रैली

पीएम ने कहा कि पूर्वोत्तर मोदी की गारंटी का गवाह है क्योंकि कांग्रेस ने इस क्षेत्र को केवल समस्याएं दी थीं लेकिन भाजपा ने इसे संभावनाओं का स्रोत बना दिया है। कांग्रेस ने विद्रोह को बढ़ावा दिया लेकिन मोदी ने लोगों को गले लगाकर माहौल बदल दिया।



एजेंसी ▶▶ नलबाड़ी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि वह 2014 में लोगों के बीच आशा, 2019 में विश्वास लेकर आए थे और अब 2024 में गारंटी लेकर आए हैं। असम के नलबाड़ी में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि देश भर में मोदी की गारंटी है और मैं इन सभी गारंटी को पूरा करने की गारंटी दे रहा हूं। पीएम ने कहा, पूर्वोत्तर मोदी की गारंटी का गवाह है क्योंकि कांग्रेस ने इस क्षेत्र को केवल समस्याएं दी थीं लेकिन भाजपा ने इसे संभावनाओं का स्रोत बना दिया है। मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने विद्रोह को बढ़ावा दिया लेकिन मोदी ने लोगों को गले लगाया और क्षेत्र में शांति लेकर आया।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस के 60 साल में जो हासिल नहीं किया जा सका, उसे मोदी ने दस साल में प्राप्त कर लिया। मोदी ने कहा कि अयोध्या में भगवान राम के भव्य मंदिर में सूर्य तिलक समारोह के साथ 500 वर्ष बाद उनका जन्मोत्सव मनाया जा रहा है। पीएम ने कहा, हम अयोध्या में उत्सव में शामिल नहीं हो सकते, लेकिन हमें अपने मोबाइल की फ्लैशलाइट जलाकर और भगवान राम की पूजा करके इस कार्यक्रम में हिस्सा लेना चाहिए। इससे पहले मोदी ने बुधवार को राम नवमी के अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं दीं और कहा, यह पहली रामनवमी है, जब अयोध्या में भव्य और दिव्य राम मंदिर में हमारे राम लला विराजमान हो चुके हैं। राम नवमी के इस उत्सव में आज अयोध्या अप्रतिम आनंद में है।

**मोदी ने लोगों को गले लगाकर क्षेत्र में शांति का माहौल लाया**

मोदी ने कहा कि अयोध्या में भगवान राम के भव्य मंदिर में सूर्य तिलक समारोह के साथ 500 वर्ष बाद उनका जन्मोत्सव मनाया गया।



**60** साल के शासनकाल में जो हासिल नहीं किया जा सका, उसे मोदी ने 10 साल में प्राप्त कर लिया

### आपका यह बेटा आपके इलाज का खर्च उठाएगा

उन्होंने कहा कि 70 वर्ष और उससे अधिक उम्र के लोगों का 'आयुष्मान भारत' योजना के तहत पांच लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज किया जाएगा ताकि परिवार पर बोझ न पड़े। उन्होंने कहा कि राजग सरकार 'सबका साथ, सबका विकास' में विश्वास करती है और यह सुनिश्चित करती है कि प्रत्येक नागरिक को बिना किसी भेदभाव के वह लाभ मिले।

**गरीबों के लिए 3 करोड़ नए घर**

### पीएम ने नार्थ-ईस्ट रैली में लोगों को दी बड़ी गारंटी

पीएम नरेंद्र मोदी ने त्रिपुरा के अगरतला में एक चुनावी रैली के दौरान बड़ा वादा किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि वो देश में गरीबों के लिए तीन करोड़ नए घर बनाने जा रहे हैं। इससे त्रिपुरा के लोगों को बहुत फायदा होगा। पीएम ने कहा कि वो पूर्वोत्तर में कनेक्टिविटी बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। पीएम ने इस दौरान अयोध्या में राम मंदिर का भी जिक्र किया।

पीएम ने कहा कि 500 साल के लंबे इंतजार के बाद आखिरकार रामलला तंबू की जगह भव्य मंदिर में हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज पूरे देश में मोदी की गारंटी चल रही है। पूर्वोत्तर खुद मोदी की गारंटी का गवाह है। जिस पूर्वोत्तर को कांग्रेस ने सिर्फ समस्याएं दीं थीं, उस पूर्वोत्तर को भाजपा ने संभावनाओं का स्रोत बना दिया है। पीएम ने कहा कि '2014 में जब मो आए तो अपने साथ उम्मीदें लेकर आए, 2019 में जब मोदी आए तो अपने साथ विश्वास लेकर आए, 2024 में जब मोदी यहां होंगे तो वे अपने साथ गारंटी लेकर आएंगे। मोदी की गारंटी का मतलब है 'गारंटी के पूरे होने की गारंटी'।

### त्रिपुरा के लिए पीएम का हीरा मॉडल

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमने आयुष्मान भारत योजना का लाभ वरिष्ठ नागरिकों तक बढ़ाने का निर्णय लिया है। त्रिपुरा के विकास के लिए भाजपा ने हीरा मॉडल-हाईवे, इंटरनेटवे, रेलवे और एयरवेज पर काम किया है। त्रिपुरा में 4-लेन हाईवे का निर्माण कार्य चल रहा है। एक समय त्रिपुरा में इंटरनेट कनेक्टिविटी का अभाव था। हालांकि अब पूरे त्रिपुरा में 5जी इंटरनेट उपलब्ध है।

### टीएमसी का घोषणा पत्र-10 मुफ्त सिलेंडर, सीएए लागू नहीं होने देने का वादा



तृणमूल कांग्रेस ने बुधवार को लोकसभा चुनाव के लिए अपना घोषणा पत्र जारी किया। पार्टी ने कहा कि हमारा स्टैंड है कि बंगाल में सीएए लागू नहीं होगा, एनआरसी और समान नागरिक संहिता भी लागू नहीं होने देंगे। पार्टी ने गरीबी रेखा से नीचे जीवन जी रहे लोगों को साल में 10 मुफ्त एलपीजी सिलेंडर देने और हर माह पांच किलो राशन मुफ्त देने का वादा किया है। राष्ट्रीय प्रवक्ता डेरेक ओ ब्रायन ने कहा कि केंद्र में इंडिया ब्लॉक की सरकार बनने पर 60 साल से ज्यादा उम्र के वरिष्ठ नागरिकों को 1000 रुपए प्रति माह पेंशन दी जाएगी। उधर, चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल के राज्यपाल को कूचबिहार जिले का दौरा नहीं करने की सलाह दी है।

### रवि किशन पर आरोप लगाने वाली महिला के खिलाफ एफआईआर



गोरखपुर से सांसद हैं और इस बार भी भाजपा ने प्रत्याशी रवि किशन विवादों में हैं। दरअसल एक महिला ने उन पर गंभीर आरोप लगाए थे, जिसके बाद रवि किशन की पत्नी ने आरोप लगाने वाली महिला के खिलाफ ब्लैकमेलिंग की शिकायत दर्ज करवाई है। दरअसल महाराष्ट्र निवासी महिला ने रवि किशन पर आरोप लगाते हुए उन्हें अपना पति बताया था। महिला ने कहा था कि उसकी और रवि किशन की शादी हुई थी और एक बच्ची भी है। बीते एक साल से रवि उसके संपर्क में नहीं हैं। सोशल मीडिया पर इसका वीडियो भी वायरल हुआ था। महिला ने कहा था कि वो चाहती है कि रवि उसको अपनाएं और बेटी को पिता के रूप में अपना नाम दें।

### एकनाथ खडसे को अंजाम भुगतने की धमकी



लोकसभा चुनाव 2024 से पहले शरद पवार की एनसीपी के दिग्गज नेता एकनाथ खडसे ने वापस भाजपा में शामिल होने का ऐलान किया है। हालांकि, अब उन्हें एक अज्ञात कॉलर ने दाऊद इब्राहिम और छोटा शकील का नाम लेकर धमकी दी है। खडसे ने मामले में पुलिस से शिकायत की है। मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। आपको बता दें कि कुछ ही दिनों पहले एकनाथ खडसे ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) की पार्टी को छोड़कर वापस भाजपा में शामिल होने का ऐलान किया है।

### आयोग ने केसीआर को दिया नोटिस

चुनाव आयोग ने भारत राष्ट्र समिति के अध्यक्ष और तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव को नोटिस जारी किया है।



बता दें कि केसीआर ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी जिसके बाद कांग्रेस नेता जी निरंजन ने ईसी से शिकायत की थी। अब ईसी ने केसीआर पर कार्रवाई की है। कांग्रेस नेता जी निरंजन की शिकायत पर आयोग ने कहा कि केसीआर ने 5 अप्रैल को सिरसिला में प्रेस बैठक में कांग्रेस की आलोचना करते हुए आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन किया था।

### जेल से सरकार चलाने की मांग

दिल्ली हाईकोर्ट में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को लेकर एक याचिका दायर की गई है। इस याचिका में सीएम अरविंद



केजरीवाल को जेल से सरकार चलाने की अनुमति देने की मांग की गई है। पेशे से वकील श्रीकांत प्रसाद की ओर से दायर याचिका में सीएम केजरीवाल के लिए वर्चुअल कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कैबिनेट मंत्रियों के साथ बातचीत करने के लिए जरूरी व्यवस्था की मांग की गई है। इसके साथ ही मीडिया को सनसनीखेज खबरें प्रसारित करने से रोकने का भी आग्रह किया गया है।

### हमने सनातन की निंदा नहीं की



प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस पर सनातन विरोधी होने के आरोप लगाए थे। उनके इस बात का जवाब देते हुए प्रियंका गांधी ने कहा कि उन्होंने कब सनातन धर्म की निंदा की है? मैं खुद रुद्राक्ष की माला पहनती हूं। कांग्रेस पार्टी में किसने गाली दी है? उन्होंने कहा कि चाहे हमें संसद से निकाल दिया जाए, हमारा घर ले लिया जाए, हम लड़ते रहेंगे।

### दुबई और लंदन में फ्लैट की मालकिन

दक्षिण गोवा से भाजपा उम्मीदवार पल्लवी डेम्पो ने मंगलवार को लोकसभा चुनाव के लिए अपना नामांकन दाखिल किया।



चुनाव के लिए दाखिल 119 पन्नों के हलफनामे से पता चलता है कि उनके पति श्रीनिवास के साथ उनकी कुल संपत्ति लगभग 1,400 करोड़ रुपए है। पल्लवी डेम्पो ग्रुप के प्रमुख श्रीनिवास डेम्पो की पत्नी हैं। इस ग्रुप का कारोबारी साम्राज्य फुटबॉल, रियल एस्टेट, शिप बिल्डिंग से लेकर एजुकेशन और माइनिंग तक फैला है। पल्लवी के हलफनामे से पता चलता है कि उनके पास 255.4 करोड़ रुपए की चल संपत्ति है। वहीं, श्रीनिवास के स्वामित्व वाली संपत्ति का मूल्य 994.8 करोड़ रुपए है। जहां पल्लवी की अचल संपत्ति का कुल बाजार मूल्य 28.2 करोड़ रुपए है।

---

## खबर संक्षेप

### पीजी में लगी आग, बच्चों ने कूदकर बचाई जान

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पश्चिमी जिले के हरी नगर के ई ब्लॉक के एक मकान में अचानक आग लग



गई। इसके बाद आसपास अफरातफरी का माहौल हो गया। लोग जान बचाने के लिए इधर उधर भागते देखे गए। आग की सूचना लोगों ने पुलिस और दमकल विभाग को दी, जिसके बाद सूचना पाकर दमकल की दो गाड़ियों ने मौके पर पहुंच कर आग बुझाई। आग शॉर्ट सर्किट के चलते लगी बताई गई है।

### तीन विस्फोटक आईईडी बरामद, तलाश जारी

**पुंछ।** जिले में सुरक्षाबलों के हाथ बड़ी सफलता लगी है। बुधवार को सीमावर्ती जिले के जंगली क्षेत्र से



तीन विस्फोटक आईईडी बरामद किए गए हैं। इनमें से प्रत्येक का वजन तीन से 20 किलोग्राम के बीच था। इन्हें सुरक्षित स्थान पर ले जाकर नष्ट कर दिया गया है। एक अधिकारी ने बताया कि विशेष इनपुट पर पुंछ के गुरसाई के वन क्षेत्र में सुरक्षा बालें ने संयुक्त तलाशी अभियान चलाया।

### बांग्लादेशी से 14800 अमेरिकी डॉलर बरामद

**देहरादून।** लोकसभा चुनाव को देखते हुए चेकिंग अभियान के दौरान देहरादून एयरपोर्ट पर एक




बांग्लादेशी नागरिक से 14800 अमेरिकी डॉलर बरामद किए गए हैं। यह नागरिक सउदी अरब से हवाई यात्रा करते हुए दिल्ली की फ्लाइट से एयरपोर्ट पहुंचा था। जहां पुलिस, सीआईएसएफ और आयकर विभाग की संयुक्त टीम ने उसे पकड़ा।

## देशभर में 102 लोकसभा सीटों 1625 उम्मीदवारों के लिए प्रथम चरण का मतदान कल

# आठ केंद्रीय मंत्री, दो पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व राज्यपाल की प्रतिष्ठा दांव पर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

19 अप्रैल को 21 राज्यों की 102 लोकसभा सीटों पर मतदान होगा। नागपुर सीट से केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं अरुणाचल पश्चिम सीट से केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू चुनाव मैदान में हैं।

उनका मुकाबला पूर्व मुख्यमंत्री और अरुणाचल प्रदेश कांग्रेस के वर्तमान अध्यक्ष नबाम तुकी से हैं। केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल असम की डिब्रूगढ़ लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। केंद्रीय पेट्रोलियम राज्य मंत्री रामेश्वर तेली की जगह भाजपा ने राज्यसभा सदस्य सोनोवाल को डिब्रूगढ़ से मैदान में उतारा है।

**लोकसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान**

**19** अप्रैल को 2024 को होगा

**1625** प्रत्याशियों की किस्मत 19 अप्रैल की शाम ईवीएम में कैद हो जाएगी



### त्रिकोणीय मुकाबला

उत्तर प्रदेश की हाई प्रोफाइल सीट मुजफ्फनगर में इस बार मुकाबला त्रिकोणीय है। यहां से केंद्रीय मंत्री संजीव बलियान चुनाव लड़ रहे हैं। उनका मुकाबला समाजवादी पार्टी के हरेंद्र मलिक और बसपा उम्मीदवार दारा सिंह प्रजापति से है। जबकि दो बार के सांसद और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंत्रिमंडल में मंत्री जितेंद्र सिंह जम्मू-कश्मीर की उधमपुर सीट से तीसरी बार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं।

### अलवर और बीकानेर लोकसभा सीट

राजस्थान की अलवर सीट पर भी पहले चरण में चुनाव है। यहां से केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव चुनाव लड़ रहे हैं। उनके सामने कांग्रेस ने विधायक ललित यादव को उतारा है। 2019 में यहां से बाबा बालक नाथ ने लोकसभा का चुनाव जीता था। राजस्थान की बीकानेर संसदीय सीट से केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल का मुकाबला कांग्रेस के पूर्व मंत्री गोविंद राम मेघवाल से है।

### ए राजा के सामने चुनौती

तमिलनाडु की नीलगिरी लोकसभा क्षेत्र से द्रमुक सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री ए राजा चुनावी मैदान में हैं। उनका मुकाबला केंद्रीय मंत्री एल मुरुगन से है। शिवगंगा सीट पर मौजूदा सांसद कार्ति चिदंबरम का मुकाबला भाजपा के टी देवनाथन यादव और अन्नाद्रमुक के जेवियर दास से है।

**पुडुचेरी में पूर्व राज्यपाल**

पुडुचेरी में तमिलिसाई सौंदर्यराजन चेन्नई दक्षिण लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रही हैं। जबकि पश्चिम त्रिपुरा सीट पर पूर्व सीएम बिप्लब देब और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष आशीष कुमार साहा के बीच टक्कर देखने को मिलेगी।

### असम की इस सीट पर सबकी निगाहें

असम की जोरहाट सीट से पूर्व मुख्यमंत्री तरुण गोगोई के बेटे गौरव गोगोई चुनाव लड़ रहे हैं। 2019 में यहां से भाजपा के तपन गोगोई ने जीत हासिल की थी। मणिपुर के शिक्षा मंत्री बसंत कुमार सिंह इनर मणिपुर निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा के उम्मीदवार हैं और उनका मुकाबला जेएनयू के प्रोफेसर और कांग्रेस उम्मीदवार बिमल अकोइजाम से है।

## दिल्ली हाईकोर्ट ने दिया बड़ा फैसला

# प्रेम में आत्महत्या करने पर महिला को नहीं ठहरा सकते हैं दोषी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्यार में असफलता मिलने पर जीवन समाप्त करने से जुड़े मामले में दूसरे पक्ष पर आरोप लगाने से जुड़े मामले पर दिल्ली हाईकोर्ट ने अहम निर्णय सुनाया है। न्यायमूर्ति अमित महाजन की पीठ ने कहा कि प्रेम के मामले में असफलता के कारण अगर प्रेमी आत्महत्या कर लेता है, वहां महिला को पुरुष को आत्महत्या के लिए उकसाने के लिए दोषी नहीं ठहराया जा सकता।

अदालत ने यह भी कहा कि कमजोर या दुर्बल मानसिकता वाले




व्यक्ति द्वारा लिए गए गलत निर्णय के लिए किसी अन्य व्यक्ति को आत्महत्या के लिए उकसाने का दोषी नहीं ठहराया जा सकता। अदालत उक्त टिप्पणी आत्महत्या के लिए उकसाने से जुड़े मामले में आरोपित एक महिला और एक पुरुष को अग्रिम जमानत देते हुए की। आत्महत्या करने वाले व्यक्ति के पिता ने आरोप लगाया था।

### युवक आत्महत्या करने की देता था धमकी

अदालत ने आवेदकों को अग्रिम जमानत देते हुए कहा कि रिकॉर्ड पर रखे गए वॉट्सऐप चैट से प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि मृतक संवेदनशील स्वभाव का था और जब भी महिला उससे बात करने से इनकार करती थी तो वह लगातार आत्महत्या करने की धमकी देता था। पीठ ने कहा कि यह सही है कि मृतक ने सुसाइड नोट में आवेदकों का नाम लिखा था, लेकिन अदालत की राय में मृतक द्वारा लिखे गए सुसाइड नोट में खतरों की प्रकृति के बारे में कुछ भी उल्लेख नहीं किया गया है। अदालत ने कहा कि प्रथम दृष्टया सुसाइड नोट में केवल आवेदकों के प्रति मृतक की पीड़ा व्यक्त की गई है, लेकिन यह अनुमान नहीं लगाया जा सकता है कि आवेदकों का ऐसा कोई इरादा था, जिसके कारण मृतक ने आत्महत्या की थी।

## रामनवमी पर दर्दनाक हादसा

# दर्शन करने जा रहे ग्रामीणों की गाड़ी पलटी, 3 की मौत

एजेंसी ▶▶ कानपुर

फतेहपुर से जूही बारादेवी मंदिर दर्शन करने जा रहे बोलेरो पिकअप रफ्तार तेज होने से अनियंत्रित होकर चकेरी मोड़ के पास पलट गई। हादसे में दो महिला समेत तीन लोगों की मौत हो गई,जबकि 17 से ज्यादा लोग घायल हो गए। पुलिस एंबुलेंस से घायलों को रामादेवी स्थित कांशीराम अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां से कई घायलों को एलएलआर अस्पताल में घायलों का इलाज चल रहा है।

फतेहपुर के मानागांव निवासी रामू ने बताया कि बुधवार दोपहर रामनवमी पर जूही स्थित बारादेवी मंदिर में दर्शन करने के लिए पिता



रामपाल व रिश्तेदार व गांव के करीब 40 से 45 लोगों के साथ दो बोलेरो पिकअप बुक कराकर जा रहे थे। चकेरी मोड़ के पास दोनों गाड़ियों की रफ्तार काफी तेज होने और एक दूसरे से रेस लगाने के चक्कर में एक बोलेरो पलट गई।

## राहुल गांधी और अखिलेश यादव ने किया दावा

बेरोजगारी और मंहगाई को बताया देश का बड़ा मुद्दा

# पहले लग रहा था 180 सीटें एनडीए को मिलेंगी,लेकिन अब लगता है 150 से ज्यादा किसी हाल में नहीं मिलेंगी

उप्र के गाजियाबाद में कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने भाजपा पर जमकर हमला बोला। अखिलेश ने कहा कि भाजपा भ्रष्टाचारियों का गोदाम बन गई है।

एजेंसी ▶▶ कौशांबी

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी एवं सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने दावा करते हुए कहा है कि पहले लग रहा था कि एनडीए को 180 सीटें मिल जाएंगी। अब माहौल को देखते हुए स्पष्ट दिखने लगा है कि 150 से ज्यादा सीटें किसी हालत में नहीं मिलेंगी। यहां इंडिया गठबंधन की संयुक्त प्रेस वार्ता हुई इसमें राहुल गांधी और अखिलेश यादव ने कहा कि गठबंधन एनडीए को गाजियाबाद से गाजीपुर तक हराएगी। राहुल गांधी ने दावा किया कि इस बार एनडीए की सरकार 150 सीटों पर सिमट कर रह जाएगी। अखिलेश यादव ने कहा कि वो 2014 में आए थे 2024 में जाएंगे और इस बार विदाई भी बैंड बाजे के साथ होगी।

### दावे के साथ आरोप

- 2024 में बैंड बाजे के साथ विदा करेंगे
- इलेक्टोरल बॉन्ड ने भाजपा की बैंड बजा दी है
- लूट और झूठ भाजपा की पहचान

### पश्चिम से बदलाव की हवा चली: अखिलेश



सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि इस बार पश्चिम से बदलाव की हवा चली है। जनता भाजपा के झूठ और वादा खिलाफी से तंग आ चुकी है। अखिलेश यादव ने कहा कि इलेक्टोरल बॉन्ड ने भाजपा की बैंड बजा दी है। भाजपा भ्रष्टाचारियों का गोदाम बनकर रह गई है। राहुल गांधी ने कहा कि यह विचारधारा की लड़ाई है।

**कांग्रेस गठबंधन के हैं तीन प्रमुख मुद्दे**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि गठबंधन तीन प्रमुख मुद्दों पर चुनाव लड़ रही है। इसमें पहला बेरोजगारी दूसरा महंगाई और तीसरा भागीदारी है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में हर बार परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक होता है जिससे लाखों युवा आहत होते हैं। गठबंधन की सरकार आएगी तो वह युवाओं को रोजगार देगी।

### भाजपा ध्यान भटकाने में लगी है: राहुल गांधी

राहुल गांधी ने कहा, 'यह चुनाव विचारधारा का चुनाव है। एक तरफ आरएसएस और भाजपा संविधान और लोकतांत्रिक को खत्म करने की कोशिश कर रही है, और दूसरी तरफ इंडी गठबंधन और कांग्रेस पार्टी संविधान और लोकतंत्र को बचाने की कोशिश कर रही है। चुनाव में 2-3 बड़े मुद्दे हैं। बेरोजगारी और महंगाई दूसरी सबसे बड़ी है, लेकिन भाजपा ध्यान भटकाने में लगी है। न तो प्रधानमंत्री और न ही भाजपा मुद्दों पर बात करती है।

## यूएई समेत अन्य मुस्लिम खाड़ी देशों में प्राकृतिक आपदा से 63 की मौत






# यूएई में कुदरत का कहर... एक दिन में साल भर की बारिश, बाढ़ में डूबा दुबई, समंदर बना रनवे

एजेंसी ▶▶ अबूधाबी

दुबई के रेगिस्तानी शहर में बारिश ने पिछले 24 घंटों में जमकर कुदरती उत्पात मचाया है। शहर के मॉल से लेकर मेट्रो तक हर जगह पानी ही पानी की तस्वीरें वायरल हैं। इतनी बारिश की दो साल में भी इतना पानी नहीं बरसता।

मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक पिछले 75 सालों में पहली बार ऐसी बारिश देखी गई है। जो 1949 में डेटा संग्रह की शुरुआत के बाद से दर्ज की गई सबसे अधिक वर्षा है। बारिश के रहते शहर के अहम राजमार्गों पर पानी भर गया है और अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उड़ानें रद्द हो गई हैं। घरों में पानी भर गया है और हर कोई इस आफत से परेशान है।

- 24 घंटे में 142 मिमी से अधिक बारिश ने बनाए बाढ़ जैसे हालात
- बारिश में डूबे शहर के सभी राजमार्ग, आवागमन बंद
- दुबई के रिकॉर्ड में 75 साल में पहली बार हुई इतनी बारिश
- रेगिस्तान में आ गया सैलाब, आज भी बारिश की संभावना
- दुबई में एयरपोर्ट-मेट्रो पानी में डूबे, उड़ानें रद्द, मेट्रो बंद
- दुबई का हर शहरी इस बारिश की आफत से परेशान




### यूएई के अलावा कई मुस्लिम देश भी बारिश से बर्बाद

*बहरीन, ओमान, कतर और सऊदी अरब में भी बारिश हुई। हालांकि पूरे संयुक्त अरब अमीरात में तेज बारिश देखी गई। इस बारिश से सिर्फ यूएई ही नहीं बल्कि एक और पड़ोसी मुस्लिम देश में भी तबाही छाई हुई है। इस मुस्लिम देश में भारी बारिश से अब तक 63 लोगों की मौत हो चुकी है। पाकिस्तान में बिजली गिरने और भारी बारिश की वजह से 14 लोगों की मौत हो गई।*

### मूसलाधार बारिश के साथ खूब गिरे ओले

*यूएई की राजधानी अबू धाबी के अलावा दुबई और अल ऐन जैसे विभिन्न शहरों में बिजली की चमक और गरज के साथ तेज बारिश से रेगिस्तानी जमीन में भी बाढ़ जैसे हालात बने हुए हैं। मौसम विभाग के मुताबिक, यहां बुधवार तक और भी बारिश होने का अनुमान है। राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र ने बताया कि मौसम अस्थिर रहेगा और आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे।*



### क्या हो सकती है इतनी बारिश की वजह?

*कुछ वैज्ञानिक क्लाइमेट चेंज को इसका कारण मान रहे हैं। एक वजह आर्टिफिशियल बारिश को भी माना जा रहा है। यूएई में सूखे से निपटने के लिए आर्टिफिशल बारिश के कई प्रयास किए गए थे। यूएई में गर्मी के रहते पारा 50 डिग्री तक पहुँच जाता है और पानी की भयंकर कमी होती है। माना जा रहा है कि 'क्लाउड सीडिंग' भारी बारिश का कारण बनी क्योंकि सरकार ने कृत्रिम बारिश के प्रयास के तहत छोटे विमान तैनात किए थे। बारिश से पहले छह या सात 'क्लाउड सीडिंग' उड़ानें भरी गई थीं।*

---

## खबर संक्षेप


### पाक ने सोशल मीडिया एक्स को किया ब्लॉक



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में एलन मस्क के स्वामित्व वाली माइक्रो ब्लॉगिंग साइट एक्स को ब्लॉक करने के कारण हाई कोर्ट ने शहबाज सरकार को फटकार लगाई है। शहबाज ने एक्स को ब्लॉक करते हुए कहा था कि यह राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा है। हालांकि सिंध हाई कोर्ट ने प्रतिबंध को तुरंत रद्द करने का निर्देश दिया है।

### शाह बोले- नक्सलवाद को उखाड़ फेकेंगे


**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के कांकेर में बड़ा एनकाउंटर हुआ था। इसमें टॉप कमांडर सहित 29 नक्सली मारे गए थे। इस मुठभेड़ पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का भी बयान आया है। उन्होंने कहा कि छग में सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। जब से मोदी पीएम बने हैं तब से नक्सलवाद और आतंकवाद के खिलाफ अभियान चल रहा है।



---

बोला–हम इस मसले में नहीं पड़ेंगे

## आतंकियों को घर में घुसकर मारने वाले बयान पर यूएस पीछे हटा



एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

प्रधानमंत्री मोदी की आतंकवादियों को घर में घुसकर मारने वाली टिप्पणी को लेकर यूएस ने अपना रिएक्शन दिया है। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा कि अमेरिका ने भारत और पाकिस्तान को हमेशा बातचीत के जरिए हल निकालने के लिए प्रोत्साहित किया है। भारत आतंकवादियों को उनके घरों में मारने में संकोच नहीं करने पर मिलर ने कहा कि अमेरिका इसमें शामिल नहीं होगा। पर हम भारत और पाक दोनों को बातचीत से समाधान करने कहेंगे।

### ऋषिकेश में पीएम ने कही थी ये बात

दरअसल, लोकसभा चुनाव को लेकर पीएम मोदी ने ऋषिकेश में 11 अप्रैल को रैली में कहा था कि भाजपा सरकार में पिछले 10 सालों में आतंकवादियों को उनकी जमीन पर मारा गया है। आतंकवादियों को घर में घुसकर मारा जाता है। भारतीय तिरंगा युद्ध क्षेत्र में भी सुरक्षा की गारंटी बन गया है। इधर, एक इंटरव्यू में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने भी कहा था कि अगर पाकिस्तान आतंकवाद के जरिए भारत को अस्थिर करने की कोशिश करेगा तो उसे इसके परिणाम भुगतने होंगे। इन बयानों के बाद से ही पाकिस्तान में अलग ही माहौल हो गया है। जिसको लेकर अमेरिका ने भी अब रिएक्शन दिया है।

### भारत पर नहीं लगेगा कोई प्रतिबंध

मिलर से पूछा गया कि खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नून की कथित हत्या की साजिश को लेकर अमेरिका ने भारत पर कोई प्रतिबंध क्यों नहीं लगाया है तो उन्होंने कहा कि मैं कभी किसी भी प्रतिबंध की कार्रवाई का पूर्वावलोकन नहीं करने जा रहा हूं, लेकिन इसका मतलब ये नहीं है कि कोई प्रतिबंध लगने वाला है। गुरपतवंत सिंह पन्नून भारत में बड़ा आतंकवादी है।

---

एयरक्राफ्ट्स का ऑर्डर बना मिसाल, वर्ल्ड ऑफ स्टेटिस्टिक्स ने जारी की सूची

## अमेरिका भी हमसे पीछे... दुनिया में टॉप-2 पर रहीं भारतीय कंपनियां, 500 इंडिगो का ऑर्डर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चाहे दुनिया में सबसे अधिक वैल्यूएशन वाली कंपनियों की बात हो या सबसे इनोवेटिव कंपनियों की बात हो, अमेरिका टॉप पर बना रहता है। दुनिया की सबसे बड़ी कंपनियों में से अधिकतर अमेरिका की हैं। लेकिन वर्ल्ड ऑफ स्टेटिस्टिक्स ने एक ऐसी लिस्ट जारी की है, जिसमें पहले और दूसरे स्थान पर भारत की कंपनियां हैं। यह लिस्ट साल 2023 में सबसे ज्यादा कमर्शियल एयरक्राफ्ट ऑर्डर करने वाली कंपनियों की है। साल 2023 में भारतीय एयरलाइन्स ने बड़ी संख्या में कमर्शियल एयरक्राफ्ट के ऑर्डर दिए थे।

*साल 2023 में दुनिया में सबसे अधिक कमर्शियल एयरक्राफ्ट्स का ऑर्डर इंडिगो ने दिया था। इसने 500 एयरक्राफ्ट्स का ऑर्डर दिया था। 470 एयरक्राफ्ट्स के साथ एयर इंडिया दूसरे स्थान पर रही।*

### खास बातें

- भारत के आसमान में बढ़ते कदम, आसमान में बड़ी भारत की ताकत
- दुनिया की सबसे बड़ी कंपनियों में से अधिकतर पर अमेरिका टॉप पर रहता था
- 2023 में एयरलाइन्स ने बड़ी संख्या में एयरक्राफ्ट के दिए थे ऑर्डर

### चौथे स्थान पर दुबई की अमीरात्स 5वें स्थान पर 150 के साथ आयरलैंड



### तीसरे स्थान पर रही यूएस की साउथवेस्ट एयरलाइन्स

इस लिस्ट में तीसरे स्थान पर अमेरिका की साउथवेस्ट एयरलाइन्स रही है। इसने 156 एयरक्राफ्ट्स का ऑर्डर दिया था। इस तरह यह ऑर्डर इंडिगो और एयर इंडिया द्वारा दिए गए ऑर्डर की तुलना में काफी छोटा है। चौथे स्थान पर दुबई की अमीरात्स रही, जिसने 156 कमर्शियल एयरक्राफ्ट्स का ऑर्डर दिया था। पांचवें स्थान पर 150 एयरक्राफ्ट्स के साथ आयरलैंड की रेयान एआईआर रही, जिसने 150 एयरक्राफ्ट्स का ऑर्डर दिया था।

### आठवें स्थान पर कतर एयरवेज

लिस्ट में छठे स्थान पर अमेरिका की यूनाइटेड एयरलाइन्स रही, जिसने 2023 में 110 कमर्शियल एयरक्राफ्ट्स का ऑर्डर दिया था। सातवें स्थान पर हंगरी की विज एआईआर रही, जिसने 75 एयरक्राफ्ट्स का ऑर्डर दिया था। आठवें स्थान पर 73 एयरक्राफ्ट्स के ऑर्डर के साथ कतर एयरवेज रही। इसके बाद नौवें पर सन एक्सप्रेस (45), दसवें पर एवलोन रही।

### इंडिगो ने ऑर्डर किए सबसे ज्यादा कमर्शियल एयरक्राफ्ट

*साल 2023 में दुनिया में सबसे ज्यादा कमर्शियल एयरक्राफ्ट के ऑर्डर इंडिगो द्वारा दिए गए थे। गुरुग्राम मुख्यालय वाली इस एयरलाइन ने 500 कमर्शियल एयरक्राफ्ट्स का ऑर्डर दिया था। इसके बाद इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर भी भारतीय एयरलाइन ही रही। टाटा ग्रुप के स्वामित्व वाली एयर इंडिया ने साल 2023 में 470 कमर्शियल एयरक्राफ्ट्स का ऑर्डर दिया था।*

---

बीच में खड़ा हिमालय... अगले 10 साल पूर्ण सूर्य ग्रहण नहीं

## एक स्थान पर 375 साल बाद...

*__नई दिल्ली।__ अगले 10 साल में यानी 2034 तक सात पूर्ण सूर्य ग्रहण होने वाले हैं, लेकिन इसमें 6 ग्रहण भारत में नहीं दिखने वाले। जो दिखाई देगा, उसके लिए लोगों को पूरे एक दशक का इंतजार करना होगा। इसकी वजह ये हैं कि पूर्ण सूर्य ग्रहण एक ही स्थान पर करीब 375 साल बाद होता है। हमारे ग्रह पर हर 18 महीने में एक बार सूर्य ग्रहण होता है।*



## बाइडेन के बाद सुनक की इजराइल को नसीहत



**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने ईरान के मिसाइल हमलों के मद्देनजर इजराइली पीएम नेतन्याहू से संयम बरतने को कहा है। उधर, ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड कैमरन वार्ता के लिए तेल अवीव पहुंचे। सुनक ने फोन पर हुई बातचीत में क्षेत्रीय स्थिरता के लिए ब्रिटेन के 'दृढ़ समर्थन' को दोहराया।

---

कोको द्वीप पर चीन की आवाजाही बढ़ी

## म्यांमार के 'कोको द्वीप' पर उठने लगे सवाल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा के लिए अंडमान-निकोबार समूह से कैंडिडेट विष्णु पद रे ने दावा किया कि प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने अंडमान द्वीप समूह के कोको द्वीप को म्यांमार को गिफ्ट में दिया था। उन्होंने कहा कि नेहरू ने उत्तरी अंडमान के कोको द्वीप को म्यांमार को सौंप दिया। ये द्वीप अब सीधे चीन के कंट्रोल में है। रे ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने बीते 70 सालों में कभी इस पर ध्यान नहीं दिया।



### ब्रिटिशर्स ने म्यांमार को सौंपा था

ब्रिटिश शासन के दौरान अंडमान-निकोबार द्वीप समूह पर अंग्रेजी राज था। ये ब्रिटिश इंडिया के तहत आते। देश को आजादी मिलने के साथ ही अंडमान-निकोबार भी आजाद भारत का हिस्सा हो गए। वहीं कोको द्वीप समूह को ब्रिटिशर्स ने म्यांमार (तब बर्मा) को सौंप दिया।

### कैसा है द्वीप

कोको द्वीप अंडमान और निकोबार द्वीप समूह से लगभग 55 किमी दूर है। करीब 20 वर्ग किमी में फैले इस आइलैंड के नाम के पीछे भी एक वजह है। वैसे तो समुद्र से सटे सारे इलाकों में नारियल बहुतायत में होता है, लेकिन कोको पर इसकी भरमार है।

---

कोच्चि की झीलों में पूरी क्षमता से चल रहा क्रूज, पर्यटन हो रहा गुलजार

## भारत की सबसे बड़ी इलेक्ट्रिक नाव बनी 'इंद्र', चलती है सूरज की रोशनी से

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केरल राज्य जल परिवहन विभाग की एक और हरित पहल देश की सबसे बड़ी सोलर पावर से चलने वाली नाव 'इंद्र' के साथ काफी कामयाब साबित हुई है। यह कोच्चि की झीलों में लॉन्च होने के सिर्फ दो हफ्ते बाद ही लगभग पूरी क्षमता से चल रहा है। 100 सीटों वाला यह क्रूज जहाज खास तौर पर पर्यटकों के लिए बनाया गया है। जिसमें ऊपरी डेक पर 'खुली हुई जगह' है, जहां पर्यटक मनोरम दृश्यों का आनंद ले सकते हैं।




### सुबह 11 बजे और शाम को 4 बजे यात्रा

शुरुआत में सेवाओं को सुबह 10 बजे और दोपहर 3 बजे संचालित किया जाता था। हालांकि, मौजूदा अत्यधिक उमस की परिस्थितियों ने एसडब्ल्यूटीडी को शाम 4 बजे से शाम की यात्रा शुरू करने के लिए प्रेरित किया है। शाजी ने कहा, यह देखते हुए ज्यादा से ज्यादा ग्राहकों को सुविधा प्रदान करने के लिए सुबह की यात्रा को सुबह 11 बजे से पुनर्निर्धारित किया गया है।

### डेली कलेक्शन 18,000 रुपए के आंकड़े को छू गया

*ट्रैफिक एसपी एम सुजीत ने कहा कि डेली कलेक्शन 18,000 रुपए के आंकड़े को छू गया है, हमें एडवांस ग्रुप बुकिंग मिल रही है। 3.5 करोड़ रुपए की लागत वाली यह नाव 31 मार्च को लॉन्च की गई थी। यह रोजाना दो क्रूज ट्रिप चलती है, जिनमें से प्रत्येक 3 घंटे का होता है। सूर्यास्त की यात्रा के लिए भारी मांग है क्योंकि यह जहाज समुद्र के मुहाने तक जाने वाली कुछ पर्यटक सेवाओं में से एक है।*

#### हर साल एक सोलर नाव बेड़े में शामिल

अपनी हरित पहल को आगे बढ़ाने के लिए एसडब्ल्यूटीडी इस साल हर महीने अपने बेड़े में कम से कम एक सोलर नाव शामिल करने की योजना बना रहा है। शाजी ने कहा कि इन 14 आईआरएस (भारतीय रजिस्ट्रार ऑफ शिपिंग) श्रेणी के जहाजों पर काम विभिन्न निजी यार्डों में चल रहा है।

#### एर्नाकुलम बोट जेट्टी से शुरू

एर्नाकुलम बोट जेट्टी से शुरू होकर यह जहाज विलिंग्डन द्वीप के रास्ते बोलगट्टी पैलेस, वल्लारपदम, कंटेनर टर्मिनल, व्यापीन, कमलाकदावु और फोर्ट कोच्चि तक जाता है। टिकट की कीमत वयस्कों के लिए 300 रुपए और बच्चों के लिए 150 रुपए है। एसडब्ल्यूटीडी ने जहाज पर भोजन काउंटर सुविधा प्रदान करने के लिए कुडुंबश्री के साथ करार किया है। जहां पर्यटकों को जलपान और नाश्ता उपलब्ध कराया जाता है।

---

बोले -नहीं करेंगे इजराइली सरकार के साथ काम

## गूगल के कर्मचारी भड़के, ऑफिस में दिया 8 घंटे धरना, कई गिरफ्तार




एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

गूगल के कई कर्मचारी कैलिफोर्निया और न्यूयॉर्क में कंपनी के इजराइली सरकार के साथ काम करने के विरोध प्रदर्शन किया। उनके 8 घंटे से अधिक समय तक हटने से इनकार करने के बाद उनमें से कई को गिरफ्तार कर लिया गया।

### विवाद का यह है कारण

गूगल के कर्मचारियों ने न्यूयॉर्क और कैलिफोर्निया सहित विभिन्न गूगल कार्यालयों में विरोध प्रदर्शन किया। यह विरोध 2021 में हस्ताक्षर किए गए एक अरब डॉलर के एआई अनुबंध, प्रोजेक्ट निंबस को लेकर था। मंगलवार को 8 घंटे से अधिक समय तक गूगल क्लाउड के सीईओ थॉमस कुरियन के ऑफिस पर कब्जा कर लिया। उन्होंने अपने धरने का सीधा प्रसारण किया। इस दौरान अपनी मांगों में गूगल द्वारा इजराइली सेना और सरकार के साथ सभी संबंधों को तोड़ना और कर्मचारियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा संकट को हल करना शामिल था।




# पेरिस ओलंपिक की 100 दिनों की उलटी गिनती शुरू, खेलों की विरासत बनाए रखने पर जोर

एजेंसी ▶▶| पेरिस

पेरिस ओलंपिक के शुरू होने में 100 दिन बचे हैं और इसके आयोजक इन खेलों के जरिए ऐसी विरासत तैयार करना चाहते हैं जिससे ओलंपिक के लिए बनाई गई सुविधाओं का इस्तेमाल लंबे समय तक स्थानीय बच्चे और युवा कर सकें।

फ्रांस की राजधानी में एक सदी से अधिक समय के बाद हो रहे ओलंपिक खेलों का मूल्यांकन केवल इसके व्यापक होने के आधार पर नहीं किया जाएगा। एक और पैमाना पेरिस के आसपास के शहरों पर इसका सकारात्मक प्रभाव होगा। इस ओलंपिक के मेजबान के मुताबिक ये खेल सामाजिक रूप से सकारात्मक होने के साथ ही कम प्रदूषणकारी और कम बर्बादी वाले होंगे।




### सेनी-सेंट डेनिस में ओलंपिक गांव का निर्माण

*फ्रांस के सबसे पिछड़े इलाकों में से एक 'सेनी-सेंट डेनिस' क्षेत्र को इस ओलंपिक से काफी उम्मीदें हैं। प्रवासियों से भरे इस क्षेत्र के लोगों को नस्लीय भेदभाव और अन्य तरह की रुकावटों का सामना करना पड़ता है। इसी क्षेत्र में ओलंपिक गांव का निर्माण हुआ है जिसमें 10,500 से ज्यादा ओलंपिक और 4,400 से ज्यादा पैरालंपिक खिलाड़ी रहेंगे। यह स्थान ट्रैक एवं फील्ड स्पर्धा के साथ रग्बी और समापन समारोह की मेजबानी करेगा।*

### लंबे समय तक मिले फायदा


आयोजन समिति की विरासत निदेशक मैरी बार्साक ने एक साक्षात्कार में कहा, 'हम वास्तव में उस तरह की सुविधाओं का निर्माण नहीं करना चाहते थे जिनकी भविष्य में जरूरत नहीं होगी।' सेवरान के मेयर स्टीफन ब्लैंचेट ने कहा, 'इन ओलंपिक खेलों की महत्वाकांक्षा यह है कि इससे लंबे समय तक सभी को फायदा हो सके।'

### कम खर्च में होगा आयोजन

एक आकलन के मुताबिक पेरिस खेलों का खर्च पिछले तीन ओलंपिक मेजबानों (2020-टोक्यो, 2016- रियो और 2012- लंदन) से कम होगा। इसके साथ ही आयोजक लगभग आधी रकम को प्रायोजकों, टिकट और गैर-सार्वजनिक वित्तपोषण से हासिल कर लेंगे जिससे देश के करदाताओं पर कम बोझ पड़ेगा।

### अमेरिका और चीन रहेंगे शीर्ष पर

*अमेरिका और चीन के स्वर्ण पदक और कुल पदकों की संख्या के मामले में 100 दिन में शुरू हो रहे पेरिस ओलंपिक में शीर्ष दो में रहने की उम्मीद है। अमेरिका के 39 स्वर्ण सहित कुल 123 पदक जीतने का अनुमान है। चीन के 35 स्वर्ण सहित 89 पदक जीतने की संभावना है। तीन साल पहले महामारी के कारण विलंब से हुए टोक्यो ओलंपिक में भी ये दोनों देश स्वर्ण पदक और कुल पदक के मामले में शीर्ष दो में रहे थे। यह पूर्वानुमान नीलसन के ग्रेसनोट स्पोर्ट्स द्वारा लगाया गया है जो दुनिया भर की खेल लीग के लिए सांख्यिकीय विश्लेषण प्रदान करता है। मेजबान देश की पदकों की संख्या में हमेशा इजाफा होता है और टोक्यो में कुल 33*




*पदक जीतने वाले फ्रांस को पेरिस में 55 पदक मिलने का अनुमान है। फ्रांस ने टोक्यो में 10 स्वर्ण पदक जीते थे और पेरिस में उसे इससे लगभग तीन गुना 28 पदक मिलने का अनुमान लगाया गया है। टोक्यो में जापान ने भी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 27 स्वर्ण सहित कुल 58 पदक जीते थे।*

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 7 | 6 | 1 | 12 |
| कोलकाता | 6 | 4 | 2 | 8 |
| चेन्नई | 6 | 4 | 2 | 8 |
| हैदराबाद | 6 | 4 | 2 | 8 |
| लखनऊ | 6 | 3 | 3 | 6 |
| दिल्ली | 7 | 3 | 4 | 6 |
| गुजरात | 7 | 3 | 4 | 6 |
| पंजाब | 6 | 2 | 4 | 4 |
| मुंबई | 6 | 2 | 4 | 4 |
| बेंगलोर | 7 | 1 | 6 | 2 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
361 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप



युजवेन्द्र चहल
12 विकेट
राजस्थान

बाउंड्री मीटर
938 चौके
546 छक्के

## खबर संक्षेप



### अय्यर पर लगा 12 लाख रुपए का जुर्माना

**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान श्रेयस अय्यर पर यहां राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ आईपीएल मैच के दौरान धीमी ओवर गति के लिए 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। केकेआर की टीम मंगलवार को यहां रॉयल्स से दो विकेट से हार गई जिसमें जोस बटलर ने 60 गेंद में नाबाद 107 रन बनाए। आईपीएल ने विज्ञप्ति में कहा, 'आईपीएल की न्यूनतम ओवर गति से संबंधित आचार संहिता के तहत यह उनकी टीम का सत्र का पहला अपराध था इसलिए अय्यर पर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया।'

### नारायण को फैसला वापस लेने मनाएंगे पावेल

**कोलकाता।** वेस्टइंडीज के कप्तान रोवमैन पावेल ने कहा है कि फॉर्म में चल रहे सुनील नारायण को इस साल के टी20 विश्व कप के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास से वापसी करने के लिए मनाने की कोशिशें की जा रही हैं। लेकिन कोलकाता नाइट राइडर्स के इस स्टार खिलाड़ी ने अब तक उन सभी लोगों को 'ब्लॉक' कर दिया है जिन्होंने उनके बात करने की कोशिश की है। अगले महीने 36 बरस के होने जा रहे नारायण ने दुनिया भर की फ्रेंचाइजी टी20 लीग पर ध्यान केंद्रित करने के लिए पिछले साल नवंबर में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था।



### अब से हर अभ्यास सत्र अहम : हरमनप्रीत

**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने बुधवार को कहा कि पेरिस ओलंपिक के लिए 100 दिन बचे हैं और ऐसे में हर दिन, हर अभ्यास और प्रशिक्षण सत्र का इस्तेमाल इसकी तैयारियों को बेहतर करने के लिए किया जाएगा। टोक्यो ओलंपिक का कांस्य पदक विजेता भारत मौजूदा विश्व रैंकिंग में छठे स्थान पर है। हरमनप्रीत ने कहा कि वे पेरिस में अपने टोक्यो परिणाम में सुधार करना चाहते हैं। इस स्टार ड्रैग-फ्लिकर की टिप्पणी ऑस्ट्रेलिया के हालिया दौरे में भारत के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद आई, जहां मेजबान टीम ने उन्हें 0-5 से हराया था।



### कोहली, धोनी की तरह भरोसा बरकरार रखा

**कोलकाता।** राजस्थान रॉयल्स के जोस बटलर ने आईपीएल में 'अजीब चीजें' होते देखी हैं और उन्होंने विराट कोहली तथा महेंद्र सिंह धोनी जैसे खिलाड़ियों से प्रेरणा लेकर यहां कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ अकेले दम पर टूर्नामेंट के इतिहास का सबसे बड़ा लक्ष्य हासिल करने में टीम की मदद की। बटलर ने 60 गेंदों में नाबाद 107 रन बनाए जिससे राजस्थान रॉयल्स ने मंगलवार रात नाइट राइडर्स को दो विकेट से हराया। बटलर को पारी के अंत में चलने में भी दिक्कत हो रही थी।

**आईपीएल : 89 रन के लक्ष्य को कैपिटल्स ने चार विकेट गंवाकर किया हासिल**

# सिर्फ नौ ओवर में छह विकेट से जीती दिल्ली गुजरात ने बनाया सत्र का सबसे छोटा स्कोर

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

दिल्ली कैपिटल्स ने कप्तान ऋषभ पंत और गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन की बदौलत बुधवार को यहां कम स्कोर वाले इंडियन प्रीमियर लीग मैच में गुजरात टाइटन्स को छह विकेट से शिकस्त दी। दिल्ली कैपिटल्स ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला करते हुए गुजरात टाइटन्स को 17.3 ओवर में 89 रन पर ढेर कर दिया जो इस सत्र में किसी भी टीम का सबसे कम स्कोर है। गुजरात टाइटन्स का यह आईपीएल में अब तक का सबसे कम स्कोर भी था। दिल्ली कैपिटल्स ने यह लक्ष्य महज 8.5 ओवर में चार विकेट पर 92 रन बनाकर हासिल कर लिया।

पिछले कुछ मैचों में दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाज असरदार नहीं रहे थे लेकिन आखिरकार इस मैच में जलवा दिखाने में सफल रहे। मुकेश कुमार सबसे ज्यादा सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 14 रन देकर तीन विकेट झटके जबकि इशांत शर्मा ने आठ रन देकर दो और ट्रिस्टन स्टब्स ने अपने एक ओवर में दो विकेट हासिल किए। गुजरात टाइटन्स की बल्लेबाजी काफी खराब रही, उसके लिए केवल तीन खिलाड़ी दोहरे अंक तक पहुंचे जिसमें से राशिद खान ने सबसे ज्यादा 24 गेंद में 31 रन बनाए जिन्होंने टीम की पारी का एकमात्र छक्का भी लगाया।



### पंत मैच के हीरो

*पंत की कप्तानी लाजवाब रही, जिन्होंने सही समय पर गेंदबाजों को लगाने के अलावा स्टंप के पीछे शानदार प्रदर्शन किया और फिर 11 गेंद में नाबाद 16 रन बनाकर जीत दिलाई। यह विकेटकीपर बल्लेबाज विकेट के पीछे काफी फुर्तीला रहा, उन्होंने विकेट के पीछे कैच लपकने के अलावा शानदार स्टंपिंग भी की और टी20 विश्व कप को देखते हुए उनका प्रदर्शन भारतीय क्रिकेट के लिए अच्छा संकेत है। दिल्ली कैपिटल्स के लिए जेक फ्रेजर मैकगुर्क ने 20 रन, शाई होप ने 19 रन और अभिषेक पोरेल ने 15 रन का योगदान दिया।*

### दिल्ली की लंबी छलांग

सत्र में ऋषभ पंत की कप्तानी वाली दिल्ली टीम की 7 मैचों में ये तीसरी जीत है। इस टीम ने अब तक 4 मैच हारे हैं। इस जीत के बाद दिल्ली कैपिटल्स ने पॉइंट्स टेबल में लंबी छलांग लगाई। ये टीम 9वें से छठवें नंबर पर पहुंच गई है। दूसरी ओर शुभमन गिल की कप्तानी वाली गुजरात टीम ने अब तक 7 में से 3 ही मैच जीते और 4 हारे हैं। इस हार के बाद गुजरात को एक पायदान का नुकसान हुआ है। यह टीम पॉइंट्स टेबल में 7वें नंबर पर पहुंच गई है।

## स्कोर बोर्ड

| गुजरात टाइटन्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| साहा बो मुकेश कुमार | 02 | 10 | 0 | 0 |
| शुभमन का साव बो शर्मा | 08 | 06 | 2 | 0 |
| सुदर्शन रन आउट (सुमित) | 12 | 09 | 2 | 0 |
| डेविड मिलर का पंत बो शर्मा | 02 | 06 | 0 | 0 |
| मनोहर स्ट पंत बो स्टब्स | 08 | 14 | 1 | 0 |
| तेवतिया पगबाधा बो पटेल | 10 | 15 | 1 | 0 |
| शाहरुख स्ट पंत बो स्टब्स | 00 | 01 | 0 | 0 |
| राशिद का पंत बो मुकेश | 31 | 24 | 2 | 1 |
| मोहित का सुमित बो अहमद | 04 | 14 | 0 | 0 |
| अहमद बो मुकेश कुमार | 01 | 07 | 0 | 0 |
| स्पेंसर जॉनसन नाबाद | 01 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 10, कुल : 17.3 ओवर में 89/10
गेंदबाजी : खलील 4-1-18-1, इशांत 2-0-8-2, मुकेश 2.3-0-14-3, कुलदीप 4-0-18-0, स्टब्स 1-0-11-2, अक्षर 4-0-17-1.

| दिल्ली कैपिटल्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| पृथ्वी का जॉनसन बो वारियर | 07 | 06 | 1 | 0 |
| मैकगुर्क का मनोहर बो जॉनसन | 20 | 10 | 2 | 2 |
| पोरेल बो संदीप वारियर | 15 | 07 | 2 | 1 |
| होप का मोहित बो राशिद | 19 | 10 | 1 | 2 |
| ऋषभ पंत नाबाद | 16 | 11 | 1 | 1 |
| सुमित कुमार नाबाद | 09 | 09 | 2 | 0 |

**अतिरिक्त :** 06, कुल : 8.5 ओवर में 92/4
गेंदबाजी : वारियर 3-0-40-2, जॉनसन 2-0-22-1, राशिद 2-0-12-1, अहमद 1.5-0-14-0.

खास खबर

# पैरा तीरंदाज शीतल ने सक्षम खिलाड़ियों के बीच जीती चांदी



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एशियाई पैरा खेलों की स्वर्ण विजेता शीतल देवी ने खेलो इंडिया एनटीपीसी राष्ट्रीय रैंकिंग तीरंदाजी प्रतियोगिता में सक्षम खिलाड़ियों के बीच रजत पदक जीता। वह हरियाणा की एकता रानी के बाद दूसरे स्थान पर रहीं जो जूनियर विश्व चैंपियन हैं। डीडीए यमुना खेल परिसर में आयोजित प्रतियोगिता में 17 वर्षीय शीतल ने सक्षम जूनियर तीरंदाजों के साथ प्रतिस्पर्धा की और व्यक्तिगत कंपाउंड स्पर्धा के फाइनल में एकता से 138-140 से हार गईं।

इस साल की शुरुआत में हांगझोउ एशियाई पैरा खेलों में दो स्वर्ण और एक रजत पदक जीतने के लिए अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित शीतल का जन्म फोकोमेलिया नामक एक दुर्लभ बीमारी के साथ हुआ था। वह पहली और एकमात्र अंतरराष्ट्रीय पैरा तीरंदाज हैं जिनकी बांह नहीं है। शीतल का मानना है कि खेलो इंडिया प्रतियोगिता में उनके प्रदर्शन से उन्हें आगे की चुनौतियों के लिए तैयार होने में मदद मिलेगी। एकता को स्वर्ण पदक जीतने के लिए 50 हजार रुपए की पुरस्कार राशि मिली जबकि शीतल को 40 हजार रुपए मिले। टूर्नामेंट तीन श्रेणियों - सीनियर, जूनियर और सब जूनियर रिकर्व तथा कंपाउंड वर्ग में आयोजित किया गया था। इस प्रतियोगिता में 87 तीरंदाजों ने भाग लिया।




**चैंपियंस लीग :**

# पीएसजी ने बार्सिलोना को 4-1 से हराया, सेमीफाइनल में बनाई जगह

एजेंसी ▶▶| बार्सीलोना

एक घंटे से अधिक समय तक एक अतिरिक्त खिलाड़ी से खेल रहे पेरिस सेंट जर्मेन ने दूसरे चरण में बार्सीलोना को हराकर चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। काइलियान एमबापे ने दो गोल दागे जिससे पीएसजी ने मंगलवार को 4-1 से जीत दर्ज की और घरेलू मैदान पर पहले चरण में हार के बावजूद 6-4 के कुल स्कोर से सेमीफाइनल में जगह बनाई।

फ्रांस के स्टार खिलाड़ी एमबापे के क्लब के साथ आखिरी सत्र में टीम की पहले यूरोपीय खिताब की उम्मीद बरकरार है। बार्सीलोना के डिफेंडर रोनाल्ड अराउजो को 29वें मिनट में ब्रेडली बार्कोला के खिलाफ फाउल के लिए लाल कार्ड दिखाया गया जिसके बाद टीम को बाकी मुकाबला 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा। बार्सीलोना को 12वें मिनट में राफिन्हा ने बढ़त दिलाई जिसके बाद 40वें मिनट में ओसमाने डेम्बेले ने स्कोर 1-1 कर दिया। विटिन्हा ने 54वें मिनट में गोल करके पीएसजी को 2-1 से आगे किया। डेम्बेले और विटिन्हा दोनों बार्सीलोना के लिए खेल चुके हैं। एमबापे ने इसके बाद 61वें मिनट में पेनल्टी पर गोल दागा और फिर 89वें मिनट में एक और गोल करके टीम की 4-1 की जीत सुनिश्चित करते हुए उसे सेमीफाइनल में जगह दिलाई।



### नारायण की सफलता का श्रेय गंभीर को दिया

***कोलकाता।** रिंकू सिंह का मानना है कि आईपीएल के मौजूदा सत्र में कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए सुनील नारायण से पारी का आगाज कराना 'मास्टरस्ट्रोक' साबित हुआ है और वेस्टइंडीज के इस खिलाड़ी को ऊपरी क्रम में भेजने का श्रेय टीम के मार्गदर्शक गौतम गंभीर को जाना चाहिए। नारायण ने मंगलवार को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 56 गेंद में 109 रन बनाकर अपना पहला टी20 शतक बनाया। मौजूदा सत्र में बल्लेबाजी क्रम में शीर्ष पर उनकी फॉर्म उल्लेखनीय रही है। उन्होंने निचले क्रम में बल्लेबाजी करते हुए पिछले तीन सत्र में केवल 154 रन बनाए थे जबकि इस सत्र में बतौर सलामी बल्लेबाज छह मैच में 276 रन बना चुके हैं।*

# किनवेन ने स्टुटगार्ट में कस्र्टी को हराया मारिया का स्वियाटेक से होगा सामना

एजेंसी ▶▶| स्टुटगार्ट

चीन की झेंग किनवेन ने लंबे सफर के बाद पोर्श ग्रां प्री टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में सोराना कस्र्टी को सीधे सेट में शिकस्त दी। दुनिया की सातवें नंबर की खिलाड़ी झेंग ने 76 मिनट में 6-2, 6-3 से जीत दर्ज की। झेंग लंबे सफर के बाद यहां पहुंची थी लेकिन उन पर थकान का असर नहीं दिखा। वह पहले बीजिंग से चांगशा और फिर वहां से फ्रैंकफर्ट गई जहां से वह स्टुटगार्ट पहुंची।

बेल्जियम की एलिस मर्टेन्स ने कड़े मुकाबले में तात्याना मारिया को 6-1, 4-6, 6-0 से हराया। वह दूसरे दौर में दो बार की गत चैंपियन इगा स्वियाटेक से भिड़ेंगी। स्वियाटेक 2012-14 में मारिया शारापोवा के बाद स्टुटगार्ट में खिताबी हैट्रिक बनाने वाली पहली खिलाड़ी बनने के लिए चुनौती पेश कर रही हैं। अन्य मुकाबलों में विंबलडन चैंपियन मार्केटा वांद्रोसोवा ने डोना वेकिच को 6-4, 6-3 से हराया जबकि इटली की जैस्मिन पाओलिनी ने हमवतन सारा इरानी को 6-1, 6-0 से शिकस्त दी। चेक गणराज्य की किशोरी लिंडा नोसकोवा ने 10वें नंबर की येलेना ओस्टापेंको को 6-3, 6-1 से हराकर उलटफेर किया।



**कैंडिडेट्स शतरंज : टूर्नामेंट में केवल चार दौर का खेल बाकी**

# कारुआना से भिड़ेंगे गुकेश, प्रज्ञानानंदा का नाकमुरा से मैच

एजेंसी ▶▶| टोरंटो

रूस के इयान नेपोमनियाची के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर चल रहे भारत के डी गुकेश कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के 11वें दौर में जब यहां अमेरिका के शीर्ष वरीयता प्राप्त फाबियानो कारूआना से भिड़ेंगे तो उनकी नजरें इस मुकाबले को जीतकर शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत करने पर टिकी होंगी।

आर प्रज्ञानानंदा का मुकाबला अमेरिका के हिकारू नाकामुरा से होगा। टूर्नामेंट में केवल चार दौर का खेल बाकी है और भारत के इन दोनों किशोर खिलाड़ियों 17 साल के गुकेश और 18 साल के प्रज्ञानानंदा के पास अच्छा मौका है। विदित गुजराती ने भी मुकाबले में खुद को बनाए रखा है और उन्हें बस थोड़ा बेहतर प्रदर्शन करने की जरूरत है। शतरंज की वैश्विक संचालन संस्था फिडे के ध्वज तले खेल रहे नेपामनियाची टूर्नामेंट में एकमात्र अजेय खिलाड़ी हैं लेकिन उन्हें अगले दो दौर में कड़े प्रतिद्वंद्वियों से निपटना है। अगले दौर में विदित और नेपामनियाची आमने-सामने होंगे जबकि इसके बाद रूस के खिलाड़ी को प्रज्ञानानंदा से भिड़ना है। ये दो मैच संभवतः टूर्नामेंट की दिशा तय करेंगे और अगली विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर का फैसला करने के लिए महत्वपूर्ण हो सकते हैं।




### जीत के लिए करेंगे हर संभव प्रयास

इतालवी अमेरिकी कारुआना लगातार छठी बार कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहे हैं लेकिन उन्होंने इसे केवल एक बार जीता है। गुकेश 12वें दौर में सबसे निचले स्थान पर मौजूद अजरबेजान के निजात अबासोव को हराने पर ध्यान केंद्रित करेंगे, बशर्ते वह कारुआना को रोकने में सफल रहे। काले मोहरों के साथ अजरबेजान के अबासोव के खिलाफ खेलने वाले गुकेश निश्चित रूप से जीत के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।

# डोर्टमंड ने एटलेटिको को दूसरे चरण में हराया

एजेंसी ▶▶| डोर्टमंड

मार्सेल सेबिटजर ने एक गोल करने के अलावा दो गोल करने में मदद की जिससे बोरूसिया डोर्टमंड ने मंगलवार को यहां एटलेटिको मैड्रिड को दूसरे चरण के मुकाबले में हराकर चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। मैड्रिड में पहले चरण का मुकाबला 1-2 से गंवाने के बाद डोर्टमंड ने दूसरे चरण का मुकाबला 4-2 से जीता और कुल 5-4 से स्कोर से दो चरण का मुकाबला जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश करने में सफल रहा। जूलियन ब्रेंट ने डोर्टमंड को बढ़त दिलाई जिसके बाद सेबिटजर के पास पर मियान मैटसन ने गोल करके स्कोर 2-0 कर दिया। एटलेटिको के कोच डिएगो सिमियोन ने मध्यांतर के समय तीन बदलाव किए जिसका टीम को फायदा मिला।

मैट्स हुमेल्स के आत्मघाती गोल और स्थानापन्न खिलाड़ी जोकिम कोरिया के गोल से स्पेन की टीम ने स्कोर 2-2 कर दिया।








# व्रिकम के जन्मदिन पर फैंस को मिला तोहफा...

**मुंबई।** 'चियान' विक्रम मौजूदा समय में भारतीय सिनेमा के सबसे होनाहर एक्टर्स में हैं। 17 अप्रैल 1986 को चेन्नई में पैदा हुए विक्रम बुधवार को 57 साल के हो गए हैं। मूल रूप से तमिल फिल्मों में काम करने वाले इस सुपरस्टार की अपकमिंग फिल्म 'थंगालन' बीते कई महीनों से चर्चा में है। फिल्म का टीजर रिलीज हो चुका है और किरदार के लिए उनके लुक और ट्रांसफॉर्मेशन को देख हर कोई हैरान है। बुधवार को एक्टर के जन्मदिन के मौके पर मेकर्स ने इस फिल्म से एक और वीडियो रिलीज किया है। 49 सेकेंड के इस वीडियों में थंगालन बने विक्रम एक बार फिर आंखों से होते हुए रूह में उतर जाते हैं।

लाइफ Style



# जान्हवी

## गद्दारी की कीमत जान से चुकाई जा सकती है


एजेंसी ▶▶ मुंबई

जान्हवी कपूर की नई फिल्म 'उलझ' का टीजर रिलीज हो गया है, जो काफी इंगेजिंग है। फिल्म में जान्हवी के युवा आईएफएस अफसर सुहाना के रोल में हैं। फिल्म में गुलशन देवैया और रोशन मैथ्यू भी हैं।

जान्हवी एक ऐसी युवा अफसर बनी हैं, जो गद्दारी, धोखे और वफादारी के जाल के बीच अपने वतन के लिए देशभक्ति साबित करने में लगी हैं। लेकिन इस चक्कर में वह बुरी तरह फंस जाती हैं। उलझ के टीजर की शुरुआत एक वॉइस ओवर से होती है। आवाज आती है- सुहाना, आपको क्या लगता है कि आपने जो भी किया अपने वतन के लिए किया? गद्दारी, वफादारी...ये सब अल्फाज हैं सुहाना, जिनमें सिर्फ हम जैसे लोग उलझते हैं। ये नेशंस, ऑर्डर...ये रेत में खींची गई लकीरें हैं। इनकी कोई कीमत नहीं है।'

इसके बाद फिर सुहाना बनी जान्हवी को कभी छुपकर मोबाइल फोन में कुछ रिकॉर्ड करते हुए तो कभी चोरी से डॉक्यूमेंट्स खंगालते हुए दिखाया जाता है। और तभी गोली की आवाज आती है। कुछ देर की चुप्पी और फिर सुहाना यानी जान्हवी की आवाज सुनाई पड़ती है- गद्दारी की कीमत सिर्फ जान से चुकाई जा सकती है। जान्हवी कपूर ने भी अपनी इस फिल्म का टीजर इंस्टाग्राम पर शेयर किया और लिखा- झूठ, धोखे और विश्वासघात की दुनिया में एंट्री करें। 'उलझ' 5 जुलाई को सिनेमाघरों में।' 'उलझ' 5 जुलाई को थिएटर्स में रिलीज होगी।

हॉलीवुड मसाला



# प्रिंस नसीम हमीद की बायोपिक में

**लसॅस एंजिलिस।** पियर्स ब्रॉसनन जल्द ही ब्रिटिश-यमनी मुक्केबाज प्रिंस नसीम 'नाज' हमीद की बायोपिक में नजर आने वाले हैं। स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म 'जाइंट' में वे अमीर अल-मसरी के साथ अभिनय करते दिखेंगे। फिल्म की कहानी बॉक्सिंग चैंपियन और उनके आयरिश मूल के बॉक्सिंग ट्रेनर ब्रेंडन इंगले के इर्द गिर्द बुनी गई है। फिल्म में अल-मसरी नाज की भूमिका निभाएंगे और ब्रॉसनन इंगल के किरदार को पर्दे पर निभाते हुए दिखेंगे। इसका निर्देशन रोवन अथाले करेंगे।

# 13वें बॉयफ्रेंड के साथ कोजी होती दिखीं टेलर



**लॉस एंजिलिस।** इस साल, कोचेला 2024 में एक नई चमक दिखी। टेलर स्विफ्ट और बॉयफ्रेंड ट्रैविस केल्से एक साथ टहलते नजर आए। पॉप सुपरस्टार ने ब्लीचर्स की धुनों पर अपने सिग्नेचर स्टेप्स किए। टेलर को वीआईपी स्टैंड में अपने लवर केल्से के साथ देखा गया। वीडियो में लवबर्ड्स को कैलिफ़ोर्निया के इंडियो में फेस्टिवल में साथ देखा गया। उनके कई लव मोमेंट्स भी इस वीडियो में कैप्चर हुए।

बहामास में छुट्टियां मना रहे टेलर और केल्से ने एक साथ समय बिताने का एक नया तरीका ढूंढ लिया है। इससे पहले कि दोनों अपने-अपने करियर में काम को फिर से शुरू करें, इस कपल को शनिवार को कोचेला में देखा गया। सिंगर और खिलाड़ी को स्टेज के पीछे एक साथ किस करते और डांस करते देखा गया, जबकि स्विफ्ट के दोस्त जैक एंटोनॉफ के बैंड ब्लीचर्स परफॉर्म कर रहे थे। स्विफ्ट और केल्से का प्यार से भरा वीडियो और तस्वीरें टिकटॉकर काले टोमकिन्स ने कैप्चर की, जो कॉन्सर्ट के दौरान खचाखच भरी भीड़ में मौजूद थे। स्विफ्ट ने आठ वर्षों के लंबे समय के बाद किसी कॉन्सर्ट में शानदार वापसी की है और उनके फैंस खुशी से फूले नहीं समा रहे हैं। पिछली बार जब वह यहां थी, तो उन्होंने ब्लीच-ब्लॉन्ड हेयरस्टाइल करवाई थी, जिसने ब्लीचेला ट्रेंड के साथ इंटरनेट पर आग लगा दी थी।



# बेबी बंप के साथ कर रही शूटिंग...

**मुंबई।** दीपिका पादुकोण मां बनने वाली हैं। सितंबर, 2024 में उनको बेबी होने वाला है और इसके लिए वह और रणवीर सिंह, दोनों ही खूब एक्साइटेड हैं। खुश हैं। हालांकि एक्ट्रेस काम कर रही हैं। उनकी कुछ तस्वीरें सामने आई हैं, जो कि रोहित शेट्टी की फिल्म 'सिंघम अगेन' के सेट की हैं। यहां वह बेबी बंप के साथ नजर आ रही हैं। जिसको देख फैन्स का दिल बाग-बाग हो रहा है। रोहित शेट्टी की डायरेक्टेड फिल्म 'सिंघम अगेन' में दीपिका पादुकोण 'लेडी सिंघम' के रूप में नजर आएंगी। इनका एक लुक पिछले साल, 2023 में रिवील किया गया था। जिसमें ये खून से लथपथ पुलिस की वर्दी में नजर आ रही थीं। वहीं, अब वह एक बार फिर से पुलिस की वर्दी में दिखाई दे रही हैं। साथ ही रोहित शेट्टी भी मौजूद हैं। वायरल हो रही तस्वीरों में दीपिका पादुकोण का बेबी बंप दिखाई दे रहा है।



# 'सिकंदर' से जुड़ा इंडस्ट्री का बड़ा नाम...

**मुंबई।** टाइगर 3 के बाद सलमान खान जल्द ही सिंकदर नाम की फिल्म में नजर आने वाले हैं। हाल ही में इस फिल्म की घोषणा गई थी, जिसके बाद फैंस काफी ज्यादा उत्साहित हो गए थे। इस फिल्म के निर्देशन की जिम्मेदारी साउथ के मशहूर निर्देशक एआर मुर्गदास को सौंपी गई है। इस मेगा प्रोजेक्ट का निर्माण साजिद नाडियाडवाला कर रहे हैं। अगले साल ईद के मौके पर रिलीज होने वाली इस फिल्म का प्रशंसकों को बेसब्री से इंतजार है। फिल्म को लेकर बड़ा अपडेट आया है। अपने गानों से लाखों दिलों पर राज करने वाले प्रीतम चक्रवर्ती इस फिल्म में संगीत देंगे। प्रोजेक्ट के साथ उनके जुड़ने से फैंस फिल्म में शानदार संगीत की उम्मीद जता रहे हैं।

# वॉर 2 से ऋतिक रोशन-जूनियर एनटीआर का लुक हुआ लीक

**मुंबई।** निर्देशक अयान मुखर्जी की फिल्म 'वॉर 2' को लेकर फैंस काफी उत्साहित हैं, जिसकी वजह है फिल्म में दो दमदार हीरो का एकसाथ होना। इस फिल्म में ऋतिक रोशन हीरो को किरदार निभाएंगे, जबकि जूनियर एनटीआर विलेन के रोल से तहलका मचाते नजर आएंगे। फिल्म में दोनों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिलेगी। 'वॉर 2' बनने की जब से बात शुरू हुई है, तभी से फैंस इसकी हर एक जानकारी पर अपनी नजर रखते हैं। फिल्म की शूटिंग कुछ समय पहले ही शुरू हुई है। अब फिल्म से ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर का लुक लीक हो गया है। जोकि सोशल मीडिया पर सनसनी मचा रहा है। फिल्म 'वॉर 2' में ऋतिक के अलावा जूनियर एनटीआर को देखकर फैंस की उत्सुकता दोगुनी हो गई है। क्योंकि फैंस ने यह कभी नहीं सोचा था कि कोई हीरो (जूनियर एनटीआर) विलेन का रोल भी निभा सकता है। सभी को यही लग रहा था कि फिल्म में दोनों ही हीरो के किरदार में नजर आएंगे। दोनों स्टार्स ने कुछ समय पहले ही फिल्म की शूटिंग शुरू की है। 'वॉर 2' में जबरदस्त एक्शन देखने को मिलेगा। हाल ही में दोनों एक्टर्स ने कुछ एक्शन सीन्स शूट किए हैं। इसी बीच दोनों का लुक सोशल मीडिया पर लीक हो गए है। इस फिल्म में ऋतिक और एनटीआर के अलावा कियारा आडवाणी भी धमाल मचाएंगी।

# '500 वर्षों के बाद यह शुभ घड़ी आई है' रामनवमी के अवसर पर भावुक हुए सितारे

**मुंबई।** आज देशभर में रामनवमी का त्योहार मनाया जा रहा है। इस तिथि को प्रभु श्रीराम के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। इस मौके पर देशभर में उल्लास है। श्रीराम की नगरी अयोध्या में भव्य मंदिर निर्माण के बाद यह प्रथम राम नवमी है। इसकी खुशी देखते बन रही है। इस अवसर पर बॉलीवुड सितारे भी बेहद खुश हैं। कई सेलेब्स ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अपनी खुशी का इजहार किया है।



***अनुपम खेर :*** अभिनेता अनुपम खेर ने लिखा है, 'आप सभी को रामनवमी की बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं! प्रभु श्रीराम आप पर हमेशा अपनी कृपा दृष्टि बनाये रखें! जय श्री राम'! अभिनेता के वर्क फ्रंट की बात करें तो इन दिनों वह अपनी आगामी फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' की तैयारियों में व्यस्त हैं। इस फिल्म के जरिए वह लंबे वक्त बाद निर्देशन की दुनिया में लौट रहे हैं।





***कंगना रणौत :*** अभिनेत्री कंगना रणौत इस अवसर पर अत्यंत भावुक हो उठी हैं। उन्होंने एक वीडियो साझा किया है, जो अयोध्या राम मंदिर में रामलला मूर्ति स्थापना के वक्त की है। इसके साथ कंगना ने लिखा है, '500 वर्षों के बाद यह शुभ घड़ी आई है, जब पहली बार रामलला अपने भव्य मंदिर में रामनवमी मना रहे हैं'। कंगना फिल्मों के बाद अब राजनीति में सक्रिय हैं। वह हिमाचल प्रदेश के मंडी लोकसभा सीट चुनाव लड़ रही हैं।

***जैकी श्रॉफ :*** जैकी श्रॉफ ने भी अपने प्रशंसकों रामनवमी की बधाई दी है। उन्होंने रामलला प्राण प्रतिष्ठा के दौरान की एक वीडियो साझा की है। अभिनेता ने वीडियो के साथ लिखा है, 'सियावर रामचंद्र की जय! राम नवमी की सभी को शुभकामनाएं'। अभिनेता अजय देवगन ने भी रामनवमी के पर्व पर शुभकामनाएं दी हैं।



***दीपिका चिखलिया :*** अभिनेत्री दीपिका चिखलिया ने भी इस अवसर पर इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा कर फैंस को रामनवमी की शुभकामनाएं दी हैं। उनके अलावा शिल्पा शेट्टी ने भी इंस्टाग्राम स्टोरी पर पोस्ट साझा कर बधाई दी हैं। बता दें कि आज रामनवमी पर अयोध्या में भगवान श्रीराम का सूर्य तिलक हुआ है। सूर्य की किरणों से रामलला का सूर्याभिषेक किया गया। रामनवमी पर अयोध्या में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930